नई दिल्ली
सोमवार 10 अगस्त 2026
श्रावण मास कृष्ण पक्ष, द्वादशी/त्रयोदशी वर्ष : 30, अंक : 113
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 34
न्यून. 28

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

शहीदों के प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति : योगी

योगी ने कहा कि महान क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए देशभर में तिरंगा यात्रा निकाल रही है। योगी ने राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह और अशफाक उल्लाह खान समेत स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने काकोरी ट्रेन कार्रवाई के जरिए अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी थी। यह सभी शहीदों के प्रति कृतज्ञता है।

योगी ने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि भारत में रह कर लोग देश के राष्ट्रीय प्रतीकों, महापुरुषों, राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का अपमान करें। योगी की अगुवाई में यह तिरंगा यात्रा 5 कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास से विधान भवन तक निकाली गई जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और उप मुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य एवं बृजेश पाठक समेत हजारों लोग शामिल शेष पेज 5 पर

देशभर में तिरंगा यात्रा निकली, उपराष्ट्रपति और कई मुख्यमंत्रियों ने दिया संबोधन

पूरा देश तिरंगा यात्रा के जश्न में डूबा, कश्मीर से लेकर कोलकाता तक और श्री विजयपुरम (पोर्ट ब्लेयर) में फ्लैग पॉइंट पर राष्ट्रीय ध्वज फहरा

योगी ने काकोरी ट्रेन कार्रवाई के 101 वर्ष पूरे होने के मौके पर लखनऊ में तिरंगा यात्रा की शुरुआत की। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी प्रधानमंत्री के आभारी हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान बढ़ाने कदम उठाए और इनके अपमान को संज्ञेय अपराध की श्रेणी में लाकर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के बांदीपोरा से लेकर पश्चिम बंगाल के कोलकाता और मध्य प्रदेश के भोपाल तक देश रविवार को तिरंगा यात्रा के जश्न में डूबा रहा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में तिरंगा यात्रा की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत में रहकर लोग देश के राष्ट्रीय प्रतीकों, महापुरुषों, राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का अपमान नहीं कर सकते। योगी ने रविवार को कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि भारत में रह कर लोग देश के राष्ट्रीय प्रतीकों, महापुरुषों, राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का अपमान करें। योगी ने काकोरी ट्रेन कार्रवाई के 101 वर्ष पूरे होने के मौके पर लखनऊ में तिरंगा यात्रा की शुरुआत की। उन्होंने इस मौके पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी प्रधानमंत्री के आभारी हैं, जिन्होंने भारत के राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान बढ़ाने के लिए कदम उठाए और इनके अपमान को संज्ञेय अपराध की श्रेणी में लाकर राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत की गरिमा बढ़ाई।

बांदीपोरा में जश्न

जम्मू कश्मीर में आजादी

भजनलाल और नड्डा ने लहराया तिरंगा, स्कूली बच्चे, युवा और बुजुर्ग रहे शामिल

सरकार के 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत रविवार को जयपुर सहित कई जिलों में तिरंगा यात्रा निकाली गईं। बारिश के बीच अल्बर्ट हॉल से राज्यस्तरीय तिरंगा यात्रा निकाली। सीएम भजनलाल शर्मा और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा भी बारिश में हाथ में तिरंगा लहराते चले। यात्रा रामनिवास बाग चौराहा, सांगानेरी गेट होते हुए बड़ी चौपड़ पर समाप्त हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर डांस किया। शर्मा ने तिरंगे का राजस्थान से शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

73वें मिस वर्ल्ड में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी निकिता

उज्जैन। उज्जैन की बेटी निकिता पोरवाल विश्व मंच पर भारत का परचम लहराने के लिए तैयार हैं।

निकिता वियतनाम में आयोजित होने वाली 73वें मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस प्रतिष्ठित स्पर्धा में दुनिया के 120 से अधिक देशों की सुंदरियों के बीच वे विश्व सुंदरी के ताज के लिए अपनी चुनौती पेश करेंगी।

शेरों के लिए 100 हेक्टेयर का बनाया सुरक्षित क्षेत्र

अमरेली। गुजरात का वन विभाग मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के प्रयासों के तहत अमरेली जिले के अंबार्डी सफारी पार्क में 100 हेक्टेयर क्षेत्र में एक बाड़ा तैयार कर रहा है। इसमें इंसानों पर हमला करने वाले एशियाई शेरों को रखा जाएगा। विश्व शेर दिवस से पहले प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ. जयपाल सिंह ने बताया कि गिर के आरक्षित वन क्षेत्र में इस सफारी पार्क में सुरक्षित आवास तैयार करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

अश्मिता ने जीता कोरिया मास्टर्स का खिताब

आसन सिटी। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अश्मिता चालिहा ने रविवार को बीडब्ल्यूएफ कोरिया

मास्टर्स सुपर 300 टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने महिला सिंगल्स के फाइनल मुकाबले में चीन की हान कियान शी को हराकर अपने करियर का पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीता। पहला गेम हारने के बाद, अश्मिता ने शानदार वापसी की और चौथी वरीयता प्राप्त चीनी खिलाड़ी को 53 मिनट में 14-21, 21-14, 21-14 से हराया।

ममता बनर्जी ने अपने काफिले पर हुए हमले को भाजपा की साजिश बताया

भाजपा ने हमले की निंदा करते हुए इसमें अपनी पार्टी की संलिप्तता से इनकार किया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और भाजपा के बीच रविवार को आरोप प्रत्यारोप देखने को मिले। ममता बनर्जी के काफिले पर प्रदर्शनकारियों द्वारा पथराव और चप्पल फेंकने की घटना हुई। ममता ने इसे भाजपा की साजिश बताया। दूसरी ओर, भाजपा नेताओं ने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसमें अपनी पार्टी की संलिप्तता से इनकार किया। भाजपा ने इसे जनता का आक्रोश करार दिया।

पश्चिम बंगाल के बिजपुर में टीएमसी के एक दिवंगत कार्यकर्ता के परिवार से मिलने जा रही पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के काफिले का भारी विरोध हुआ। प्रदर्शनकारियों ने उनके खिलाफ 'चोर-चोर' के नारे लगाए और उनकी गाड़ी पर कीचड़, पत्थर व जूते फेंके। ममता बनर्जी ने इस पूरी घटना को भाजपा की एक सोची-समझी साजिश बताया, जबकि प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वह इलाके में अशांति फैलाने आई थीं। इस घटना के बाद से राज्य का राजनीतिक माहौल काफी गरमा गया है। ममता बनर्जी की गाड़ी पर हुए हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्य सरकार में मंत्री और भाजपा नेता अग्निमित्रा पॉल ने कहा, हमारी पार्टी या सरकार मारपीट, बदसलूकी, या किसी पर कीचड़ और जूते फेंकने जैसी हरकतों का कभी समर्थन नहीं करती। यह भाजपा की संस्कृति का हिस्सा नहीं है। ममता बनर्जी ने भले ही अपने शासनकाल में गलतियां की हों, लेकिन एक बुजुर्ग महिला नेता के साथ ऐसा व्यवहार बिल्कुल गलत है। अगर कोई भाजपा का नाम लेकर ऐसा कर रहा है, तो वह सरासर गलत है। पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने इस मामले पर पार्टी का पक्ष रखते हुए कहा कि ममता बनर्जी की गाड़ी पर पत्थर या चप्पल फेंकने की घटना से भाजपा का कोई लेना-देना नहीं है। इसमें पार्टी का कोई कार्यकर्ता शामिल नहीं है। उन्होंने कहा, हम पूर्व महिला मुख्यमंत्री के साथ ऐसे व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं, क्योंकि इससे राज्य की छवि खराब होती है। सामिक भट्टाचार्य ने आगे कहा कि तृणमूल कांग्रेस को इस मामले में भाजपा पर आरोप लगाने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि बिजपुर में जो कुछ भी हुआ, वह जनता का तृणमूल कांग्रेस के प्रति गुस्सा और टकराव है। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी भी नेता शेष पेज 5 पर

पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने घटना के पीछे जनता का आक्रोश बताया

हम सब मारे जा सकते थे: ममता बेनर्जी

ममता ने हमले पर बात करते हुए कहा कि मेरे को बड़े-बड़े पत्थर मारे गए। बाहर से आए हुए कुछ असामाजिक तत्वों ने पुलिस के सामने ही मेरी कार पर हमला किया। गाड़ी पर हमला इतना जबरदस्त था कि अगर कार की खिड़कियां खुली होतीं, तो मेरा सिर फट जाता। हम सब मारे जा सकते थे। यह सब पुलिस के सामने हुआ। मैंने पहले ऐसा कुछ कभी नहीं देखा। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है, विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है और राजनीतिक विरोधियों को डराने के लिए पुलिस, ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। अगर यही स्थिति रही तो देशभर में व्यापक जनाक्रोश देखने को मिलेगा।

पुदुचेरी पुलिस को मिला राष्ट्रपति कलर्स, अमित शाह बोले -ये शौर्य और समर्पण का सम्मान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को पुदुचेरी पुलिस को प्रतिष्ठित राष्ट्रपति कलर्स प्रदान किया। इस अवसर पर पुदुचेरी के उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। राष्ट्रपति कलर्स प्राप्त करने वाला पुदुचेरी पुलिस देश के चुनिंदा पुलिस बलों में शामिल हो गया है।

समारोह को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि राष्ट्रपति कलर्स मिलना किसी भी पुलिस बल के लिए सबसे गौरवपूर्ण क्षण होता है। पुदुचेरी पुलिस ने अपनी बहादुरी, कड़ी मेहनत, शौर्य, सेवा और समर्पण के माध्यम से यह प्रतिष्ठित सम्मान हासिल किया है। उन्होंने कहा कि पुदुचेरी पुलिस केंद्रशासित प्रदेश की रक्षा, आंतरिक सुरक्षा और सम्मान की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। गृह मंत्री ने कहा कि पुदुचेरी दक्षिण भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रतीक है। लंबे समय तक फ्रांसीसी शासन के अधीन रहने के बावजूद पुदुचेरी ने अपनी भारतीयता शेष पेज 5 पर

पुदुचेरी के विकास पर केंद्र का जोर

गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने केंद्रशासित प्रदेशों को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं। पुदुचेरी के विकास के लिए भी केंद्र सरकार ने अनेक परियोजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने बताया कि करीब 2,200 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग-332ए को चार लेन बनाया गया है। इसके अलावा करीब 3,400 मीटर लंबे और 45 मीटर चौड़े विस्तारित रनवे का भी निर्माण किया गया है।उन्होंने कहा कि 1950 से 2014 तक पुदुचेरी को विकास कार्यों के लिए केंद्र शेष पेज 5 पर

कोलकाता एयरपोर्ट पर लैंडिंग के वक्त टला हादसा

लेजर लाइट से भटका पायलट का ध्यान सुरक्षित उतरा विमान, 159 यात्री सुरक्षित

एजेंसी ⏭ कोलकाता

कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार देर रात लैंडिंग के दौरान एक बड़ा हादसा टल गया। कुआलालंपुर (मलेशिया) से 159 यात्रियों को लेकर आ रही मलेशिया एयरलाइंस की उड़ान एमएच-184 (एमएच-184) के कॉकपिट पर अचानक तेज लेजर लाइट पड़ने से पायलट का ध्यान भटक गया। इसके चलते विमान की लैंडिंग में देरी हुई और उसे आसमान में चक्कर लगाने पड़े। हालांकि, बाद में विमान को सुरक्षित रनवे पर उतार लिया गया। विमान को शनिवार रात 11:20 बजे उतरना था। जब विमान रनवे से करीब 8 नॉटिकल मील दूर था, तभी मध्यमग्राम-बारासात इलाके की ओर से कॉकपिट में एक बेहद तेज लेजर बीम आई। रात करीब 11:25 बजे विमान की सुरक्षित लैंडिंग शेष पेज 5 पर

थाने में दर्ज कराई गई शिकायत

बारामती एयरपोर्ट पर रनवे के पास ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट क्रैश

8 महीने में तीसरी दुर्घटना

एजेंसी ⏭ बारामती (पुणे)

बारामती एयरपोर्ट पर रविवार दोपहर करीब 12:35 बजे एक निजी कंपनी का ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रनवे से कुछ ही दूरी पर हुए इस हादसे में विमान में सवार ट्रेनी पायलट पूरी तरह सुरक्षित बच गया, जबकि विमान को मामूली नुकसान पहुंचा है। बारामती हवाई अड्डे पर बीते 8 महीनों में यह तीसरा विमान हादसा है। इसी साल शेष पेज 5 पर

पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने जीएम यूनिवर्सिटी में छात्रों और शिक्षकों को किया संबोधित

मेरे लिए मंत्री की कुर्सी कभी भी देश के युवाओं से ज्यादा बड़ी नहीं रही: धर्मेंद्र प्रधान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को कहा कि नीट पेपर लीक विवाद के समय हुए आंदोलन के दौरान युवाओं को भड़काने और गुमराह करने की कोशिश की गई थी। उन्होंने यह भी साफ किया कि उनके लिए मंत्री की कुर्सी कभी भी देश के युवाओं से ज्यादा बड़ी नहीं रही। ओडिशा में जीएम यूनिवर्सिटी में छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए धर्मेंद्र प्रधान ने पिछले दिनों के घटनाक्रम और अपने इस्तीफे पर खुलकर बात की। प्रधान ने कहा कि जेन जी देश का फ्यूचर है और उनकी अपनी सोच और सपने शेष पेज 5 पर

कहा, नीट पेपर लीक विवाद के समय हुए आंदोलन के दौरान युवाओं को भड़काने और गुमराह करने की कोशिश की गई थी

पीएम ने राष्ट्रमंडल के विजेताओं से की मुलाकात

मोदी ने दिया मंत्र-जो खेलेगा, वो खिलेगा

13 स्वर्ण समेत 39 पदक जीतकर भारत मेडल तालिका में चौथे स्थान पर रहा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेल 2026 में तिरंगा लहराकर लौटे भारतीय एथलीटों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर स्वागत किया। पीएम मोदी ने पदक विजेताओं से लंबी बातचीत कर उनके शानदार प्रदर्शन की सराहना कीऔर सभी को बधाई दी। मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर खिलाड़ियों के साथ एक खास वीडियो साझा किया, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा कि जो खेलेगा, वो खिलेगा... ऑलवेज चियर 4 भारत। साझा किए गए वीडियो में स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज साक्षी चौधरी पीएम से संवाद करती नजर आ रही हैं। साक्षी ने पीएम मोदी के विनम्र स्वभाव की तारीफ की, जिसके बाद पीएम मोदी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए भारत माता की जय के नारे लगाए। ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने कुल 39 पदक (13 स्वर्ण, 17 रजत और 9 कांस्य) जीतकर मेडल टेली में चौथा स्थान हासिल किया। इस सफलता में मुक्केबाजों का योगदान ऐतिहासिक रहा, जिन्होंने 7 स्वर्ण और 3 रजत समेत कुल 10 पदक देश की झोली में डाले। यह राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में भारतीय मुक्केबाजों का अब तक का सबसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

खबर संक्षेप

फ्रॉड केस का भगौड़ा आरोपी चढ़ा हत्थे

नई दिल्ली। द्वारका जिले के 'एंटी-जेल बेल एंड प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर्स सेल' की टीम ने धोखाधड़ी के मामले में मुकदमे से बच रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी मनमीत सिंह को द्वारका कोर्ट द्वारा 29 सितंबर 2018 को घोषित अपराधी करार दिया था। इसके खिलाफ द्वारका साउथ थाने में आईपीसी की धारा 420/406/174ए के तहत मामला दर्ज हुआ था। डीसीपी कुशल पाल सिंह के अनुसार अपराधियों को गिरफ्तार करने और न्याय प्रणाली में सक्रिय रूप से सहायता करने के लिए नियमित और कड़ी कोशिशें की जा रही हैं। इसी क्रम में भगौड़े घोषित अपराधियों, सक्रिय बीसी और जेल से रिहा हुए अपराधियों को पकड़ने के लिए एक टीम बनाई गई थी। इस टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर हरीश कुमार ने किया। पुलिस को सूचना मिली कि मनमीत सिंह एक मामले में मुकदमे से बच रहा है और उसे द्वारका कोर्ट भगौड़ा भी घोषित कर चुकी है। वह आजकल हरि नगर में रह रहा है। इस जानकारी पर कार्रवाई करते हुए टीम तुरंत हरि नगर पहुंची और जाल बिछाकर आरोपी को सफलतापूर्वक पकड़ लिया। 46 वर्षीय आरोपी की पिछली दो संलिप्तता पाई गई है।

कपड़ों की दुकान में लगी भीषण आग

नई दिल्ली। पीतमपुरा इलाके के कोहाट एन्क्लेव में शनिवार देर रात एक कपड़ों की दुकान में भीषण आग लग गई। इस घटना से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। दमकल की 13 गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग में लाखों का माल जलकर राख हो गया। पुलिस के अनुसार सतरंग लेडीज कॉर्नर नामक गारमेंट दुकान में अचानक आग लगने की सूचना रात करीब 2:30 बजे मिली। सूचना मिलते ही दमकल की 13 गाड़ियां मौके पर भेजी गई। आग दुकान की दूसरी मंजिल पर लगी थी, जहां बड़ी मात्रा में कपड़े रखे हुए थे। दमकल अधिकारियों के अनुसार, कपड़ों के कारण आग तेजी से फैलने लगी और देखते ही देखते वहां रखा काफी सामान इसकी चपेट में आ गया। आग की लपटें और धुआं देखकर आसपास के लोगों में भी अफरा-तफरी मच गई। करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रविवार सुबह करीब 5:10 बजे आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। राहत की बात रही कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

जुए के बड़े अड्डे का पर्दाफाश, 22 गिरफ्तार

नई दिल्ली। आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट की भलस्वा डेयरी पुलिस ने मुकुंदपुर इलाके में चल रहे जुए के बड़े अड्डे का पर्दाफाश किया है। इस ऑपरेशन में 22 लोग गिरफ्तार किये गये। मौके से सवा छह लाख रुपये कैश भी जब्त किया गया। एडिशनल डीसीपी अमित कौशिक के अनुसार एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड के इंस्पेक्टर गौरव चौधरी की अगुवाई में शनिवार को मकान नंबर 9/1, 25 फूटा, सोम बाजार, मुकुंदपुर में रेड की गई। रेड के दौरान उक्त जगह की बाहरी घेराबंदी की गई और जुआरियों और सट्टेबाजों को भागने से रोकने के लिए सभी रास्तों को रणनीतिक रूप से सील कर दिया गया था। अंदर घुसते ही टीम ने तेजी से कार्रवाई की। भागने की कोशिशों के बावजूद 22 लोगों को पकड़ा गया। मुख्य संचालक देव और गुप्ता जी को कैश लेकर भागने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया। शुरुआती जांच से पता चला है कि यह जगह लगभग एक साल से जुए के अड्डे के तौर पर चलाई जा रही थी।

नैनी झील का 9.73 करोड़ की लागत से होगा सौंदर्यीकरण

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम अमृत 2.0 योजना के तहत केशवपुरम जोन के वार्ड नंबर 68, मॉडल टाउन में नैनी झील के कायाकल्प और सौंदर्यीकरण का कार्य 9.73 करोड़ की लागत से होगा। इस विकास कार्य का उद्घाटन रविवार को दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा, विधायक अशोक गोयल, स्थानीय पार्षद विकेश सेठी और डिप्टी कमिश्नर मोहित बंसल की मौजूदगी में हुआ। निगम द्वारा दी गई जानकारी अनुसार इस प्रोजेक्ट का मकसद झील के पर्यावरण, सुंदरता और मनोरंजन के महत्व को बढ़ाना है, साथ ही टिकाऊ जल प्रबंधन को बढ़ावा देना और आने वाले लोगों के अनुभव को बेहतर बनाना है। प्रोजेक्ट के तहत, कोरोनेशन पिलर एसटीपी से ट्रीट किया गया पानी नैनी झील तक पहुँचाया जाएगा। अतिरिक्त ट्रीट किए गए पानी का इस्तेमाल आस-पास के निगम पार्कों में सिंचाई के लिए भी किया जाएगा, जिससे ट्रीट किए गए वेस्ट वाटर का सही तरीके से दोबारा इस्तेमाल हो सकेगा। प्रोजेक्ट के मुख्य कार्यों में सजावटी लाइटिंग लगाना, बागवानी का विकास, झील के चारों ओर बने आरसीसी नाले का नया डिजाइन बनाना, दो म्यूज़िकल फाउंटेन लगाना और मौजूदा ग्रिल व बाउंड्री की मरम्मत करना शामिल है। निगम को उम्मीद है कि कायाकल्प प्रोजेक्ट नैनी झील को एक साफ़, हरा-भरा और ज़्यादा आकर्षक सार्वजनिक स्थान बना देगा, जिससे नागरिकों को मनोरंजन और पर्यावरण के लिहाज से एक बेहतर जगह मिलेगी। निगम ने इस प्रोजेक्ट के जुलाई 2027 तक पूरा होने की उम्मीद जताई है।

विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई आयोजित

मुख्यमंत्री ने महिलाओं के साथ मनाया हरियाली तीज का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सावन की रिमझिम फुहारों और तीज के उल्लास के बीच रविवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पीतमपुरा स्थित दिल्ली हाट में महिलाओं के साथ हरियाली तीज उत्सव मनाया। मेहंदी की सौंधी खुशबू, लोकगीतों की मधुर तान और पारंपरिक नृत्यों की रंगीन छटा के बीच आयोजित तीज उत्सव में दिल्ली की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी कार्यक्रम में शामिल होकर महिलाओं के साथ तीज की खुशियां साझा कीं और उन्हें पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक राजकुमार भाटिया, तिलक राम गुप्ता, पूनम शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाली तीज केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आस्था, प्रेम, प्रकृति और नारी शक्ति का उत्सव है। सावन की हरियाली और उत्सव के रंगों के बीच यह पर्व मां पार्वती और भगवान शिव के अटूट प्रेम एवं पुनर्मिलन की पावन गाथा को स्मरण करने का अवसर देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे पर्व हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के साथ-साथ समाज में प्रेम, सौहार्द और आपसी जुड़ाव को भी मजबूत करते हैं। मुख्यमंत्री ने सभी बहनों को हरियाली तीज की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कामना की कि भगवान महादेव और मां पार्वती सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशियां प्रदान करें। उन्होंने कहा कि हमारी परंपराओं और त्योहारों की यही जीवंतता दिल्ली की सांस्कृतिक आत्मा को और मजबूत बनाती है।

दिल्ली पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय तीज महोत्सव 8 और 9 अगस्त को पीतमपुरा और आईएनए स्थित दिल्ली हाट में आयोजित किया गया। महोत्सव में महिलाओं के लिए मेहंदी, बिंदी, रंगोली, 'तीज क्वीन-मिस तीज 2026' और बेस्ट ड्रेस फीमेल जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जबकि बच्चों और परिवारों के लिए किड्स जोन, सावन के झूले, सरप्राइज गिफ्ट्स और म्यूजिकल चेयर जैसी गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रहीं। महोत्सव में करीब 20 फूड स्टॉल और 80 हस्तशिल्प एवं हथकरघा स्टॉल लगाए गए, जहां आगंतुकों को पारंपरिक व्यंजनों और स्थानीय कला-शिल्प का अनुभव मिला। इससे स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों और छोटे उद्यमियों को भी अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और नए अवसर प्राप्त करने का मंच मिला।

दिल्ली को बाल भिखारी मुक्त बनाने के लिए सरकार जल्द अभियान करेगी शुरू : मुख्यमंत्री

एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली सरकार जल्द 'बाल भिखारी मुक्त दिल्ली' अभियान शुरू करेगी, जिसका मकसद शहर में सार्वजनिक जगहों और मुख्य सड़क चौराहों पर भीख मांगते पाए जाने वाले बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह जानकारी दी। रेखा ने शनिवार को 'एक्स' पर जारी एक वीडियो पोस्ट में कहा कि यह अभियान राष्ट्रीय राजधानी के 13 जिलों में संचालित किया जाएगा, ताकि भीख मांगने के लिए मजबूर किए गए बच्चों को सुरक्षित भविष्य प्रदान किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों को जबरदस्ती नहीं हटाया जाएगा, बल्कि सरकार दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डीसीपीसीआर) और गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के साथ मिलकर उनके परिवारों को सलाह देगी, उनकी मुश्किलों को दूर करेगी और उन्हें बेहतर विकल्प उपलब्ध कराएगी। रेखा ने कहा, ञ्यह अभियान बच्चों से भीख मंगवाने वाले संगठित गिरोहों की पहचान करेगा और उनका पर्दाफाश करेगा।ञ उन्होंने लोगों से इस अभियान पर अपनी राय और सुझाव देने की अपील की। डीसीपीसीआर के अध्यक्ष ओपी व्यास ने कहा कि जनता से मिले सुझावों पर विचार करने के बाद इस अभियान को स्वतंत्रता दिवस के आसपास शुरू किए जाने की उम्मीद है।

रेप और पॉक्सो केस का आरोपी आठ साल बाद किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मध्य जिले की आनंद पर्वत पुलिस ने रेप और पॉक्सो मामले के वांछित आरोपी को पूणे, महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी सागर उर्फ सुमित आठ 2018 में मामला दर्ज होने के बाद से फरार चल रहा था। अदालत से ट्रांजिट रिमांड लेकर पुलिस आरोपी को दिल्ली लाई। फिलहाल आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

पुलिस के अनुसार एक नाबालिग पीड़िता की मां की शिकायत पर आनंद पर्वत पुलिस स्टेशन में 1 फरवरी 2018 को एफआईआर दर्ज की गई थी। शिकायत में बताया गया था कि उनकी बेटी 24 जनवरी से घर से लापता थी। जांच के दौरान पीड़िता को उसी दिन तलाश कर लिया गया था। उसकी मेडिकल जांच कराई गई। अपने बयान में उसने बताया कि आरोपी सागर उसका बॉयफ्रेंड था और वह उसके साथ भाग गई थी। इसके बाद पीड़िता फिर से लापता हो गई और 3 सितंबर 2020 को बरामद हुई। सीआरपीसी की धारा 164 के तहत उसका बयान दर्ज किया गया, जिसमें उसने बताया कि उसने आरोपी सागर उर्फ सुमित से शादी कर ली थी और इस शादी से एक बेटी हुई थी। 2023 में पीड़िता अपनी बेटी के साथ अपने मायके गई। बाद में उसे टीबी होने का पता चला और उसका इलाज हुआ। पीड़िता की आखिरकार 2024 में टीबी के कारण मौत हो गई। उसकी मौत के बाद उसकी बेटी अपने दादा-दादी के साथ रह रही है। इस बीच आरोपी सागर उर्फ सुमित इस मामले में फरार ही रहा। काफी समय बीत जाने के बावजूद आनंद पर्वत पुलिस आरोपी का पता नहीं लगा पा रही थी। हाल ही में उसके ठिकाने का पता चला जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इसे पुणे के आलंदी इलाके में चारहोली की बुर्डे बस्ती से पकड़ा गया। आरोपी मूलरूप से रूपगढ़ बस्ती, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह नाबालिग पीड़िता के साथ तब भाग गया था जब वह 16 साल की थी। उसने यह भी बताया कि वह सब्जी बेचने का काम कर रहा था।

एनजीटी ने सिंघोला 'डंप साइट' पर कचरे की स्थिति को लेकर ताजा जानकारी मांगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने दिल्ली नगर निगम को निर्देश दिया है कि वह सिंघोला 'डंप साइट' पर जमा कचरे की वास्तविक मात्रा का स्पष्ट उल्लेख करते हुए नया ब्योरा दाखिल करे। अधिकरण ने कहा कि नगर निकाय के पिछले हलफनामे में कचरे की मात्रा का कोई आंकड़ा नहीं दिया गया। हरित अधिकरण दिल्ली के सिंघोला और बवाना स्थलों पर अनुचित कचरा प्रबंधन और कचरे के ढेर से संबंधित एक मामले की सुनवाई कर रहा था। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य अफ़रोज़ अहमद की पीठ ने पांच अगस्त के एक आदेश में कहा कि एमसीडी ने नरेला-बवाना एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र से संबंधित अपनी स्थिति रिपोर्ट रिकॉर्ड में रखी थी। पीठ ने इस बात पर गौर किया कि नागरिक निकाय ने कहा था कि नरेला-बवाना स्थल पर वर्तमान में कोई भी अनुपचारित ठोस कचरा नहीं है और एकत्र सामग्री में केवल 'रिफ्यूज-ड्राइव्ड फ्यूल' (आरडीएफ) शामिल है। 'रिफ्यूज-ड्राइव्ड फ्यूल' ऐसा ईंधन है, जो प्लास्टिक, कागज, गत्ता, कपड़ा और अन्य सूखी सामग्री जैसे ठोस कचरे में मौजूद ज्वलनशील पदार्थों को अलग करके, छांटकर और प्रसंस्करण के बाद तैयार किया जाता है। आरडीएफ नगरपालिका के ठोस कचरे, कबाड़ और औद्योगिक कचरे से बनाया गया एक प्रकार का ज्वलनशील ऊर्जा उत्पाद है। पीठ ने गौर किया कि 'लैंडफिल' से निकाले गए लगभग 34,313 मीट्रिक टन (एमटी) पुराने आरडीएफ में से 9,654.50 मीट्रिक टन का निपटान मार्च 2026 तक कर दिया गया था, जबकि शेष सामग्री का प्रसंस्करण और चरणबद्ध तरीके से निपटान किया जा रहा है। अधिकरण ने सिंघोला के संबंध में कहा कि एमसीडी के अनुसार, इस जगह पर प्रसंस्करण केंद्र स्थापित करने के लिए काम आवंटन कर दिया गया है और यह प्रक्रिया नवंबर 2026 से शुरू होगी। हालांकि, अधिकरण ने कहा कि एमसीडी वर्तमान में इस स्थान पर पड़े कचरे या आरडीएफ की मात्रा नहीं बता पाई। अधिकरण ने कहा कि एमसीडी को अगले हलफनामे में सिंघोला स्थल पर पड़े कचरे की मात्रा बतानी होगी। अगली सुनवाई की तारीख (14 अक्टूबर) से कम से कम एक सप्ताह पहले प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

मेट्रो परिचालन की समयबद्धता में विश्व की बेहतरीन संगठन में डीएमआरसी हुई शामिल

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने दावा किया है कि मेट्रो ट्रेन परिचालन की समयबद्धता (पंक्चुअलिटी) और विश्वसनीयता के मामले में विश्व के बेहतरीन संगठनों में शामिल हो गई। इस बारे में डीएमआरसी का दावा है कि हांगकांग मेट्रो, पेरिस मेट्रो और न्यूयॉर्क सबवे जैसी विश्व की कुछ सबसे प्रतिष्ठित मेट्रो प्रणालियों से भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्वयं को दुनिया की बेहतरीन शहरी रेल प्रणालियों में स्थापित किया है। डीएमआरसी कॉरपोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि जहां अनेक मेट्रो प्रणालियां ट्रेन के कई मिनट विलंब से पहुंचने पर ही उसे विलंबित मानती हैं, वहीं दिल्ली मेट्रो में यदि कोई ट्रेन अपने गंतव्य स्टेशन पर निर्धारित समय से 59 सेकंड से अधिक विलंब से पहुंचती है, तो उसे विलंबित माना जाता है। उन्होंने बताया कि दिल्ली मेट्रो की ट्रेन पंक्चुअलिटी वर्ष 2003 में 98.27 प्रतिशत थी, जो वर्ष 2005 में बढ़कर 99.64 प्रतिशत हो गई। इस उपलब्धि के साथ, दिल्ली मेट्रो ने अपने परिचालन की शुरुआत के महज दो वर्षों के भीतर ही 99 प्रतिशत से अधिक पंक्चुअलिटी हासिल करने वाली दुनिया की चुनिंदा मेट्रो प्रणालियों की प्रतिष्ठित श्रेणी में स्थान बना लिया। इसके बाद से डीएमआरसी ने वर्ष दर वर्ष लगातार 99.9 प्रतिशत ट्रेन पंक्चुअलिटी हासिल की है। वर्ष 2026 में, अपने विशाल नेटवर्क और बढ़ते बेड़े के बावजूद, दिल्ली मेट्रो ने 99.95 प्रतिशत की असाधारण पंक्चुअलिटी हासिल की है।

थाना दिवस- जन सुनवाई के दौरान मिली सभी शिकायतों का किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने जनता तक पहुंचकर शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया को और मजबूत करते हुये शनिवार को थाना दिवस पर जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया। जन सुनवाई के दौरान मिली सभी 368 शिकायतों का समाधान कर दिया गया गया।

पुलिस के अनुसार उप राज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू के निर्देशों का पालन करते हुए दिल्ली पुलिस ने जून 2026 में 'थाना दिवस-जनसुनवाई' पहल शुरू की थी। इसका उद्देश्य राजधानी में जनता तक पुलिस की पहुंच बढ़ाना, पुलिस सेवाओं को सुलभ बनाना और लोगों की शिकायतों का तुरंत समाधान सुनिश्चित करना था। यह पहल दिल्ली पुलिस कमिश्नर अनुराग कुमार के नेतृत्व में भी जारी है। इसका मकसद नागरिकों को अपनी बात रखने और समय पर मदद पाने के लिए एक सीधा और आसान मंच उपलब्ध कराना है। इसी पहल को आगे बढ़ाते हुए शनिवार को दिल्ली के विभिन्न जिलों के पुलिस स्टेशनों में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन जनसुनवाई कार्यक्रमों में नागरिकों से 368 शिकायतें प्राप्त हुई और उन सभी शिकायतों का समाधान कर दिया गया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने पुलिस स्टेशनों का दौरा किया और नागरिकों से सीधे बातचीत की। उन्होंने लोगों की शिकायतों पर गंभीरता से ध्यान दिया और उनके त्वरित समाधान के लिए उचित कार्रवाई सुनिश्चित की। इस पहल के तहत एक खुली जनसुनवाई व्यवस्था बनाई गई है, जिसमें आम लोग हर शनिवार सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक अपनी शिकायतें, सुझाव, मदद के लिए अनुरोध और पुलिस कामकाज व जन सुरक्षा से जुड़े मामले रख सकते हैं।

'अपने घरों पर गर्व से फहराएं तिरंगा'

दिल्ली भाजपा ने 'स्वतंत्रता दिवस सप्ताह' में तिरंगा यात्रा अभियान किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारत के स्वतंत्रता दिवस सप्ताह के अवसर पर रविवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा के नेतृत्व में 'तिरंगा यात्रा अभियान' की शुरूआत हुई। इस अवसर पर हर्ष मल्होत्रा ने कहा है कि हम सभी जिला क्षेत्रों साथ ही अनेक मंडलों भी तिरंगा यात्रा निकालेंगे जिनका संयोजन प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल के साथ एक टीम कर रही है और स्वयं भी सोमवार को चांदनी चौक जिले के तिरंगा यात्रा अभियान में शामिल होंगा।

इस तिरंगा यात्रा में भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष रजत चौधरी के नेतृत्व में युवा कार्यकर्ता बड़ी भागीदारी कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह ने सभी से अपील करते हुए कहा कि 9 से 15 अगस्त तक अपने घरों पर गर्व से तिरंगा फहराएं और भारत की आजादी का उत्सव मनायें । वहीं सांसद योगेंद्र चांदोलिया ने बताया कि ये तिरंगा यात्रा हमें देश सेवा की प्रेरणा देती है। सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने इस तिरंगे के लिए कुर्बानी दी है, आइए, इस तिरंगे को ऊंचा रखें। जबकि सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि तिरंगा सिर्फ कपड़ा नहीं, हमारे शहीदों का सम्मान और 140 करोड़ भारतवासियों की एकता का प्रतीक है। रविवार की सुबह तिरंगा यात्रा अभियान नई दिल्ली जिले में सांसद बाँसुरी स्वराज के नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष रविन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में प्रारम्भ हुआ जिसमें विधायक नीरज बसोया, शिखा रॉय एवं अनिल शर्मा, जिला महामंत्री आनंद सिंह, सत्येन्द्र तोमर एवं मोनिका जुनेजा, निगम पार्षद अंजुम मंडल, अनीता बसोया, हिमानी जैन एवं धर्मवीर सहित हजारों कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। यात्रा पिलंजी गांव से शुरू होकर ग्रेटर कैलाश एम ब्लॉक मार्किट पर विसर्जित हुई।

डीएमआरसी की येलो लाइन पर पूरी तरह तिरंगे में लिपटी ट्रेन

नई दिल्ली। इस साल का हर घर तिरंगा अभियान भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150वें साल के खास मौके को

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) भी मना रहा है। भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के हिस्से के तौर पर, दिल्ली मेट्रो ने रविवार को आजादी की भावना का जश्न मनाने के लिए हर घर तिरंगा थीम वाली एक खास मेट्रो ट्रेन का परिचालन शुरू किया। यह ट्रेन दिल्ली मेट्रो नेटवर्क की येलो लाइन पर चल रही है। सभी नागरिकों को गर्व के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराने और डिजिटल कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

24 घंटे में पुलिस ने तीन लोगों की जान बचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण पूर्वी जिले की कालिंदी कुंज पुलिस ने 24 घंटों में तीन जानें बचाई। दरअसल ये सभी लोग अलग अलग घटनाओं में मुसीबत में फंसे हुये थे। पुलिस की समय पर कार्रवाई, काउंसलिंग और त्वरित प्रतिक्रिया से इनकी जान का नुकसान टाल दिया।

पुलिस के अनुसार यमुना में बचाव अभियान में स्थानीय गोताखोरों और जनता ने मदद से तीन कीमती जानें बचाने में सफलता हासिल हुई। पहले मामले में लोहिया पुल पर नाबालिग लड़की को बचाया गया। घरेलू समस्याओं के कारण एक 16 वर्षीय लड़की द्वारा आत्मघाती कदम उठाने की कोशिश करने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और लड़की से बातचीत शुरू की। बाद में लड़की की काउंसलिंग करवाई गई। काउंसलिंग और जरूरी कार्रवाई के बाद लड़की को सुरक्षित रूप से उसके परिवार को सौंप दिया गया। दूसरा मामला भी कालिंदी कुंज का है। पुल से कूदने से एक लड़के को रोका गया। पुलिस के अनुसार रात लगभग लगभग 20:23 बजे नोएडा की एक महिला कॉलर से पीसीआर कॉल मिली, जिसमें बताया गया कि उसका भाई कालिंदी कुंज पुल से कूदने की धमकी दे रहा था। तुरंत कार्रवाई करते हुए लड़के से फोन पर संपर्क किया और उसकी लाइव लोकेशन का पता लगाया। पुलिस टीम बिना देरी किए मौके पर पहुंची और उससे बातचीत और सही समय पर दखल देने से लड़के को कोई खतरनाक कदम उठाने से रोका गया। तीसरी घटना में एक महिला को यमुना नदी से बचाया गया। पुलिस के अनुसार शनिवार को को सूचना मिली कि एक महिला यमुना पुल से यमुना नदी में कूद गई है। कालिंदी कुंज पिकेट के पास तैनात हेड कांस्टेबल हरीश ने तुरंत इस सूचना पर कार्रवाई की। इसी बीच कांवड़ यात्रा की व्यवस्था के लिए तैनात एसएचओ इंस्पेक्टर रमन कुमार सिंह और उनकी टीम भी मौके पर पहुंची। स्थानीय गोताखोरों और आम लोगों की मदद से महिला को नदी से बेहोशी की हालत में बाहर निकाला गया। उसे एम्बुलेंस का इंतजार किए बिना तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। समय पर मेडिकल सहायता मिलने पर महिला की जान बच गई।

53 लाख के 18 साल पुराने सर्किल रेट के खिलाफ किसान आर-पार की लड़ाई को तैयार

पुराने सर्किल रेट पर जमीन नहीं देंगे किसान, लाडपुर महापंचायत ने सरकार को चेताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के किसानों ने ऐलान किया है कि अगर सरकार ने पुराने सर्किल रेट पर उनकी कृषि भूमि का अधिग्रहण करने की कोशिश की तो आर-पार की लड़ाई से पीछे नहीं हटेंगे। 18 साल पुराने सर्किल रेट के आधार पर जमीन अधिग्रहण की आशंका से दिल्ली देहात के किसानों का गुस्सा अब खुलकर सामने आने लगा है। रविवार को लाडपुर गांव में हुई विशाल महापंचायत में सात गांवों के किसान और ग्रामीण बड़ी संख्या में जुटे। पंचायत में किसानों ने सरकार को साफ संदेश दिया कि यूईआर टू से कटरा एक्सप्रेस वे को जोड़ने के लिए सरकार उनकी कृषि भूमि को 18 साल पुराने सर्किल रेट पर कब्जाने के प्रयास में है, लेकिन हम नए और उचित सर्किल रेट के बिना एक इंच जमीन का अधिग्रहण नहीं होने देंगे।

महापंचायत में किसानों ने उचित सर्किल रेट, मुआवजे और मास्टर प्लान-2041 को जल्द नोटिफाई करने की मांग उठाई। सात गांव की किसान संघर्ष सर्किल रेट कमेटी के अध्यक्ष सत्यवान ने कहा कि वर्तमान सर्किल रेट करीब 53 लाख रुपये है, लेकिन यह दर करीब 18 साल पुरानी है। किसानों का कहना है कि इतने लंबे समय में जमीन की कीमतों में भारी बदलाव हो चुका है। ऐसे में पुराने सर्किल रेट के आधार पर किसानों की जमीन लेना उनके साथ अन्याय होगा। उन्होंने कहा कि किसान अपनी जमीन का उचित मूल्य चाहते हैं और इस मुद्दे पर किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

■ किसान बोले : हम अपनी कृषि भूमि का उचित मूल्य चाहते हैं और इस मुद्दे पर कोई समझौता मंजूर नहीं

विधायक ने दिया सीएम से मुलाकात का भरोसा

महापंचायत में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक गजेंद्र दलाल ने किसानों को आश्वासन दिया कि वह एक-दो दिन के भीतर मुख्यमंत्री से समय लेकर किसानों की मुलाकात कराने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की मांग को सरकार के सामने रखा जाएगा और समस्या के समाधान की दिशा में प्रयास किया जाएगा। विधायक ने यह भी कहा कि यदि समाधान में देरी होती है या किसानों को किसी तरह की परेशानी आती है तो वह उनके संघर्ष में साथ खड़े रहेंगे। वहीं, भाजपा किसान मोर्चा, दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष देवेंद्र सोलंकी' भी महापंचायत में पहुंचे। उन्होंने किसानों को समर्थन दिया।

अंजाम तक पहुंचाए बिना चैन से नहीं बैठेंगे: भूपेंद्र

दिल्ली देहात विकास मंच के प्रमुख भूपेंद्र बजाड़ ने 'सर्किल रेट में संशोधन के साथ मास्टर प्लान-2041 को जल्द नोटिफाई करने' की मांग उठाई। किसान नेता बजाड़ ने कहा कि किसान, युवा, बुजुर्ग और मातृशक्ति इस लड़ाई में एकजुट हैं। उन्होंने दो टूक कहा, 'जब तक किसानों और ग्रामीणों का सर्किल रेट और मास्टर प्लान का मुद्दा पूरी तरह हल नहीं हो जाता, हम चुप नहीं बैठेंगे।'

किसान संगठनों ने भी दिया साथ

महापंचायत में दिल्ली के विभिन्न किसान एवं सामाजिक संगठनों, देहात के प्रमुख संगठनों और खाप पंचायतों के प्रतिनिधियों ने किसानों की मांगों का समर्थन किया। संगठनों ने कहा कि उचित मुआवजा और सर्किल रेट किसानों का अधिकार है और इस मुद्दे के समाधान तक वे किसानों के साथ खड़े रहेंगे।

देहात में फिर तेज हो सकता है आंदोलन

महापंचायत में जिस तरह किसानों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही और विभिन्न संगठनों ने समर्थन दिया, उससे संकेत हैं कि सर्किल रेट और मुआवजे का मुद्दा आने वाले दिनों में दिल्ली देहात में बड़ा आंदोलन खड़ा कर सकता है। बता दें कि आने वाले करीब आठ माह बाद दिल्ली नगर निगम के चुनाव भी होने हैं। किसानों ने साफ कर दिया है कि उन्हें अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि सर्किल रेट में संशोधन और जमीन के उचित मुआवजे को लेकर ठोस कार्रवाई चाहिए।

प्रदेश कांग्रेस ने टाउन हॉल चौक पर किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर रविवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक स्थित ऐतिहासिक टाउन हॉल चौक पर बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया और बाद में इलाके में तिरंगा यात्रा निकाली। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर यादव ने कहा कि 9 अगस्त 1942 का दिन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में निर्णायक मोड़ था, जब महात्मा गांधी ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ 'करो या मरो' का आह्वान करते हुए भारत छोड़ो आंदोलन का बिगुल फूंका था। इस आंदोलन ने देशवासियों में आजादी की ऐसी अलख जगाई, जिसने अंग्रेजी शासन की नींव हिला दी। आज जब देश में संवैधानिक संस्थाओं, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनता के अधिकारों के सामने चुनौतियां खड़ी की जा रही हैं, तब कांग्रेस कार्यकर्ता अगस्त क्रांति की भावना से प्रेरणा लेकर लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। वहीं प्रदेश संगठन महासचिव अनिल भारद्वाज ने इस अवसर पर 'आजादी की पहरेदारी हम सबकी हो जिम्मेदारी' के नारे से सबका आह्वान किया और कहा कि ये आजादी बहुत ही अमूल्य है तथा इसकी रक्षा करना हम सब लोगों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि दिल्ली कांग्रेस हर नागरिक से अपील करती है कि वह नफरत और विभाजन की राजनीति से ऊपर उठकर एकता, भाईचारे और लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाए। अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव, अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, प्रदेश संगठन महासचिव अनिल भारद्वाज, पूर्व मंत्री योगानंद शास्त्री, चांदनी चौक जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मो. उस्मान के साथ कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सड़क पर गहरे गड्ढे, बुराड़ी के लोगों को बसों के लिए खाने पड़ रहे धक्के

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बुराडी विधानसभा अंतर्गत बुराड़ी 100 फूटा रोड की बद से बदतर हालत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि तीन बाद भी डीटीसी, क्लस्टर व अन्य बसें नत्थूपुरा तक नहीं पहुंच रही है। गुरुवार व शुक्रवार को भारी बारिश के चलते रोड पर भरे कई कई फुट पानी के चलते बसें नत्थूपुरा तक जाने की बजाए बुराड़ी स्कूल से आगे नहीं जा रही है। तीन दिन बाद रविवार को सड़क पर पानी कहीं कहीं जमा है लेकिन लंबे चौड़े कई कई फिट के गड्ढों के चलते बसें अब भी अपने तय गंतव्य स्थान नत्थूपुरा तक नहीं जा रही है। ऐसे में रोजाना हजारों यात्रियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बुराड़ी स्कूल से नत्थूपुरा की दूरी लगभग 2 किमी है। ऐसे में जहां आम लोगों को सड़क परिवहन से आने जाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। वहीं मरीजों व उनके तीमारदारों का बुराड़ी अस्पताल तक पहुंचना किसी जंग जीतने जैसा साबित हो रहा है। यहां की असलियत जाननी हो तो अस्पताल में आने जाने वाली दर्जनों आपातकालीन एंबुलेंस के चालकों से पूछ लीजिए आपको यकीन नहीं होगा की देश की राजधानी में ऐसी सड़क भी है। गहरे गड्ढों व जगह जगह जलभराव के चलते ई रिक्शा, तिपहिया, मिनी बसें आदि भी सीमित संख्या में ही नत्थूपुरा तक आवागमन कर रही है, क्योंकि इनके कहीं भी पलटने का अंदेशा हमेशा बना रहता है। बुराड़ी की इस मुख्य 100 फुटा रोड की बदहाली कोई आज की बात नहीं है बल्कि लगभग पांच साल से ऐसे ही हालात बने हुए है। बुराड़ी से लगातार तीन बार जीते आम आदमी पार्टी के विधायक संजीव झा समय समय पर भरोसा देते रहे है कि अगले महीने सब ठीक हो जाएगा, लेकिन हुआ आज तक नहीं है। कई बार बुराड़ी की जनता इस सड़क को लेकर धरने प्रदर्शन भी कर चुकी है लेकिन विधायक संजीव झा वहीं ढ़ाक के तीन पात वाला भरोसा देते रहे है। विधायक संजीव झा के साथ ही तीसरी बार सांसद बने भाजपा के मनोज तिवारी से भी लोगों में भारी नाराजगी बनी हुई है। क्योंकि अपने तीसरे कार्यकाल के बावजूद सांसद मनोज तिवारी ने बुराड़ी में विकास के नाम पर शायद ही कोई कार्य किया हो। बुराड़ी रोड को लेकर अब एक बार फिर स्थानीय लोगों ने 16 अगस्त को जन आक्रोश रैली व चक्का जाम की घोषणा कर दी है। हालांकि रविवार को बुराड़ी गांव के सामने सड़क को मरम्मत करने का कार्य देखने को मिला। लेकिन ऐसा अक्सर होता आया है कि जैसे लोगों का आक्रोश बढ़ता है सड़क पर छोटा मोटा कार्य शुरू होता है उसकी फोटो विडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट की जाती है और फिर अपना बखान शुरू कर देते है। लेकिन दूसरे तीसरे ही दिन काम फिर बंद और हालात जस के तस बने रहते है।

■ बारिश के चलते रोड़ पर भरे पानी के कारण नत्थूपुरा तक जाने की बजाए बुराड़ी स्कूल से आगे नहीं जा रही बसें

विधानसभा में सीएम आज पेश करेंगी राज्य के वित्त पर सीएजी की रिपोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सोमवार को विधानसभा सत्र के दौरान सदन में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की वर्ष 2024-25 के लिए राज्य के वित्त पर रिपोर्ट पेश करेंगी। इसके साथ ही पिछले वर्ष की कैग रिपोर्ट (वर्ष 2022-23 की रिपोर्ट संख्या 1/2026) पर भी सदन में विस्तृत चर्चा आयोजित की जाएगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुबह 11:00 बजे सदन कार्यवाही शुरू होगी। सदन की कार्यवाही के प्रारंभ में नियम-280 के तहत सदस्य पीठ की अनुमति से जनहित और अपने-अपने क्षेत्रों के तात्कालिक मुद्दों को उठाएंगे। इसके उपरांत, सदन की बैठक में उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट एवं विधायक अभय वर्मा बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की पांचवीं रिपोर्ट को स्वीकार करने का प्रस्ताव पेश करेंगे। इस रिपोर्ट के माध्यम से आगामी दिनों के लिए सदन की विधायी कार्ययोजना और समय-सारणी को अंतिम रूप दिया जाएगा। आज के सत्र को राजनीतिक और प्रशासनिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रशासनिक सुधार की दिशा में एक कदम उठाते हुए, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री पंकज कुमार सिंह 'दिल्ली (नागरिकों का समयबद्ध और आसानी से सेवाएं पाने का अधिकार) विधेयक, 2026' पेश करेंगे। इस विधेयक का उद्देश्य राजधानी में नागरिकों पर केंद्रित सेवा वितरण के लिए एक अधिक कुशल ढांचा बनाना है। साथ ही, पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा 'दिल्ली बेड एंड ब्रेकफास्ट प्रतिष्ठान (निरसन) विधेयक, 2026' पर विचार और उसे पारित करने का प्रस्ताव रखेंगे, जिसे 7 अगस्त को सदन में पेश किया गया था।

केजरीवाल सरकार में हुई जन-धन की भारी लूट: प्रवेश

प्रेसवार्ता में केजरीवाल पर कैबिनेट मंत्री ने लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने अपनी सरकार के पूरे 11 सालों में जो जो भ्रष्टाचार किए हैं अब उनका एक एक करके हिसाब देना पड़ेगा। दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने रविवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व केजरीवाल सरकार पर यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सी.ए.जी. रिपोर्ट केजरीवाल के भ्रष्टाचार का लिखित दस्तावेज है क्योंकि हम सब जानते हैं कि उनकी सरकार में कभी भी ऑडिट नहीं होता था और हमारी सरकार के 18 महीने के अंदर ही 24 रिपोर्ट आ चुकी है। हर रिपोर्ट में हजारों करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार सामने आया है और जो 7 अगस्त 2026 को सी.ए.जी. रिपोर्ट आई है वह 31 मार्च 2023 तक की रिपोर्ट है जिसमें 3500 करोड़ रुपये की अनियमितताएं सामने आई है। मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर द्वारा संचालित प्रेसवार्ता में प्रदेश प्रवक्ता यासिर जिलानी भी उपस्थित थे।

केजरीवाल ने की नियमों की अवेहलना

प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि दो दिन पूर्व सामने आई सी.ए.जी. रिपोर्ट के बाद हम कह सकते है कि अरविंद केजरीवाल ने नियमों की अवेहलना कर 1185 मैन्युअल टेंडर करके और टेंडरों में अरबिट्रेशन क्लोज डाल खूब घोटाले करके जन-धन की लूट की। मंत्री प्रवेश ने पूर्व केजरीवाल सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि दो दिन पूर्व सामने आई सी.ए.जी. रिपोर्ट के बाद हम कह सकते है कि अरविंद केजरीवाल ने नियमों की अवेहलना कर 1185 मैन्युअल टेंडर करके और टेंडरों में अरबिट्रेशन क्लोज डाल खूब घोटाले करके जन-धन की लूट की।

करोड़ों रुपये के बोगस ई-वे-बिल बनाये गए

दो दिन पहले 7 अगस्त को सामने आई सी.ए.जी. रिपोर्ट ने केजरीवाल सरकार द्वारा 3500 करोड़ रूपए का घोटाला खोला है। प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि 31 मार्च 2023 तक की यह सी.ए.जी. रिपोर्ट बताती है कि 68 हजार 680 करोड़ रुपये के बोगस ई-वे-बिल बनाये गये। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने अपने पूरे 11 सालों में जो जो भ्रष्टाचार किए हैं अब उनका एक एक करके हिसाब देना पड़ेगा।

घर-घर तक कांग्रेस की जनहित नीतियों को पहुंचाएं कार्यकर्ता : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सभी कार्यकर्ताओं आपसी समन्वय के साथ घर-घर तक कांग्रेस की विचारधारा और जनहित की नीतियों को पहुंचाएं। यह आह्वान रविवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने करावल नगर में कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक को संबोधित करते हुए कही। वहीं उन्होंने कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर यादव कहा कि कांग्रेस का संगठन तभी मजबूत होगा, जब पार्टी का कार्यकर्ता जनता के बीच लगातार सक्रिय रहकर उनके मुद्दों और समस्याओं को मजबूती से उठाएगा। उन्होंने कहा कि जिला, ब्लॉक और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना दिल्ली प्रदेश कांग्रेस की प्राथमिकता है। यादव ने संगठन को निरंतर मजबूत बनाने, जमीनी स्तर तक पार्टी की विचारधारा, नीतियों और संदेशों को पहुंचाने तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर सदैव मुखर होकर जनता की आवाज़ उठाने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। महंगाई, बेरोजगारी, जलभराव, खराब सड़कों, सफाई व्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े जनहित के मुद्दों को लेकर कांग्रेस लगातार जनता की आवाज उठाती रहेगी। मासिक बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों और पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रदेश संगठन महासचिव अनिल भारद्वाज, करावल नगर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मंगेश त्यागी समेत कई नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।

■ डीपीसीसी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने करावल नगर में कांग्रेस कार्यालय का किया उद्घाटन

आप पार्टी ने लगाए भाजपा पर चावल खोर होने के आरोप, भारद्वाज ने बताया हजारों करोड़ का भ्रष्टाचार

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली सरकार पर नया आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा चावल खोर है। आप के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने रविवार को प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ने अब नया भ्रष्टाचार करते हुए 22 हजार करोड़ का चावल घोटाला रच दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में गरीबों को बांटने के लिए एफसीआई से चावल लेकर असम के एक निगम ने हरियाणा की प्राइवेट कंपनी को भारी मुनाफे में इस चावल को बेचा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा के विभाग की सिफारिश पर एफसीआई ने असम के निगम को हर हफ्ते 31 हजार मीट्रिक टन चालव देने का काम शुरू किया। भारद्वाज ने कहा कि 3 साल में 22 हजार करोड़ रुपए का चावल बेचकर 11 हजार करोड़ की दलाली खाने की योजना थी। एफसीआई बिना राशन कार्ड वाले गरीबों में बांटने के लिए भारी सब्सिडी पर सिर्फ राज्यों को चावल देता है। केंद्र के विजिलेंस विभाग ने घोटाला पकड़ा तो दिल्ली सरकार ने एक अधिकारी को सस्पेंड कर घोटाले को दबा दिया। मंत्री सिरसा द्वारा इन आरोपों को नकारने और भाजपा सरकार को बदनाम करने की बात कहने पर भारद्वाज ने कहा कि वह चावल घोटाले को झूठा बताते हुए मानहानि का केस करने की धमकी दे रहे है। मैं मंत्री सिरसा से कहना चाहता हूं कि आप मानहानि की धमकी देने के बजाय चावल घोटाले का सच दिल्लीवालों को बताते तो ज्यादा बेहतर होता।

सीएम ने श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का लिया जायजा

पूरी दिल्ली बाबा भोले के रंग में रंगी: रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली बाबा भोले के रंग में पूरी तरह से रंगी हुई है और दिल्ली सरकार के सेवा शिविर शिवभक्तों की सेवा में पूरी निष्ठा से जुटे हुए हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को मायापुरी स्थित कांवड़ सेवा शिविर और पीतमपुरा स्थित कांवड़ शिविर का दौरा करने के बाद यह जानकारी दी।

उन्होंने यहां शिवभक्तों का स्वागत एवं अभिनंदन भी किया। उन्होंने मायापुरी कांवड़ सेवा शिविर में देवतुल्य कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की और उन्हें प्रसाद वितरित कर उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन के पावन महीने में हरिद्वार से गंगाजल लेकर दिल्ली पहुंचने वाले कांवड़ियों के प्रति पूरे समाज में श्रद्धा और सम्मान का भाव है। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूरी दिल्ली बाबा भोले की भक्ति के रंग में रंगी हुई है और जगह-जगह लगाए गए कांवड़ सेवा शिविर श्रद्धालुओं की सेवा में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर शिवभक्तों से संवाद किया और उनकी यात्रा के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने शिविर में श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया और सेवा में जुटे कार्यकर्ताओं के समर्पण की सराहना की। इस अवसर पर विधायक अनिल शर्मा, उमंग बजाज, पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त उपस्थित थे। इसके बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पीतमपुरा स्थित कांवड़ शिविर का भी दौरा किया। यहां उन्होंने शिवभक्तों एवं सेवा में जुटे कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और शिविर में उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

कांवड़ यात्रा आस्था, श्रद्धा, अनुशासन और सेवा का अद्भुत संगम

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था, श्रद्धा, अनुशासन और सेवा का अद्भुत संगम है और दिल्ली में शिवभक्तों की सेवा के लिए विभिन्न संस्थाओं और स्वयंसेवकों द्वारा किया जा रहा कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का प्रयास है कि राजधानी से होकर गुजरने वाले प्रत्येक शिवभक्त को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक वातावरण मिले। सरकार और प्रशासन कांवड़ यात्रा के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रहे हैं।

भाजपा ने शहीद स्मारकों पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम किए शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा द्वारा भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस सप्ताह के अंतर्गत दिल्ली में शहीद स्मारक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाने के साथ ही शहीदों की मूर्तियों के माल्यार्पण का कार्यक्रम प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल के संयोजन में शुरू किया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत नई दिल्ली से सांसद बाँसुरी स्वराज ने मालवीय नगर स्थित पं. मदन मोहन मालवीय पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया और पंडित की मूर्ति पर माल्यार्पण किया।

सांसद के साथ नई दिल्ली भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र चौधरी, निगम पार्षद लीना कुमार, जिला महामंत्री सत्येन्द्र कुमार एवं मोनिका जुनेजा आदि सम्मलित हुए। विधायक शिखा राय ने नई दिल्ली के सी.आर. पार्क में नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक स्थल पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को नियमित स्वच्छता कार्य का संकल्प दिलवाया और नेताजी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और कहा कि आज 9 अगस्त अंग्रेजों भारत छोड़ो दिवस पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के स्मारक पर सेवा कर खुद को गौरवांवित महसूस कर रही हूं।

खबर संक्षेप

ठगी के दो मामलों में खाताधारक गिरफ्तार

फरीदाबाद। साइबर अपराधियों के खिलाफ फरीदाबाद पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने साइबर ठगी के दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए 2 खाताधारकों को गिरफ्तार किया है। एक मामले में आरोपी के बैंक खाते में फोन हैक कर ठगी किए गए 45 हजार रुपये आए थे, जबकि दूसरे मामले में आरोपी के खाते में ठगी के 22 हजार रुपये ट्रांसफर हुए थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पहले मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने सतीश निवासी रायसेन, मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के बैंक खाते में फोन हैक कर की गई साइबर ठगी की 45 हजार रुपये की रकम आई थी।

ठगी के मामले में एक सप्ताह में 35 धराए

फरीदाबाद। साइबर अपराधियों के खिलाफ फरीदाबाद पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय हिमाद्री कौशिक के नेतृत्व में फरीदाबाद पुलिस के तीनों साइबर थानों की टीमों ने एक सप्ताह के दौरान साइबर ठगी करने वाले अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए 35 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 1 अगस्त से 8 अगस्त 2026 के बीच की गई इस कार्रवाई में साइबर अपराधियों के कब्जे और उनके नेटवर्क से जुड़ी जांच के दौरान 23 लाख 38 हजार 500 रुपये बरामद किए गए हैं। इसके साथ ही साइबर ठगी से संबंधित शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए 12 लाख 30 हजार 610 रुपये की राशि विभिन्न बैंक खातों में फ्रीज कराई गई है।

प्रशासन ने शिव शक्ति कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की

उमड़ रहा कांवडियो का सैलाब, शिवमय हुआ गाजियाबाद

हरिभूमि न्यूज ⏩ गाजियाबाद

दिल्ली से सटे गाजियाबाद में कांवड़ियों का सैलाब उम्र पड़ा है चारों तरफ बम बम भोले के उद्घोष हो रहा है जिस कारण पूरी गाजियाबाद शिव में हो गया है वहीं जिला प्रशासन से लेकर जन्म प्रतिनिधि मंत्री पुलिस अधिकारियों ने कावड़ियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किय गाजियाबाद प्रशासन ने की शिव भक्ति का कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की।

अपर जिलाधिकारी (भू-अर्जन) अवनीश सिंह एवं पुलिस उपायुक्त नगर धवल जायसवाल ने कांवड़ मार्ग पर शिवभक्त कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। अधिकारियों ने कहा कि कांवड़ यात्रा केवल आस्था का पर्व नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण एवं सामाजिक सहभागिता का भी

प्रतीक है। कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित एवं सादगीपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। यात्रा मार्गों पर सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा चिकित्सा सुविधाओं की निरंतर निगरानी की जा रही है। कावड़ यात्रा महोत्सव को सफल बनाने के लिए गाजियाबाद नगर निगम टीम के साथ कार्य कर रहा है इसी क्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार कांवड़ यात्रियों पर पुष्प वर्षा के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया, मेरठ रोड जहां से सभी कावड़िया होकर अपने स्थल तक पहुंचाते हैं वही गाजियाबाद नगर निगम द्वारा कावड़ यात्रियों पर भव्य पुष्प वर्षा का आयोजन किया गया कार्यक्रम में विशेष रूप से महापौर सुनीता दयाल, विधायक संजीव शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ , गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के वीसी नंदकिशोर कलाल, मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ तथा निगम के अन्य सभी अधिकारी उपस्थित रहे । पुलिस विभाग की टीम भी मौके पर उपस्थित रही सभी ने संयुक्त रूप से कावड़ यात्रियों के गाजियाबाद आगमन पर पुष्प बरसाए, कावड़ यात्रियों का उत्साहवर्धन किया गया गाजियाबाद नगर निगम द्वारा आयोजित भव्य पुष्प वर्षा के आयोजन पर कावड़ यात्रियों ने धन्यवाद और आभार जताया । नगर आयुक्त ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गाजियाबाद नगर निगम 24 घंटे व्यवस्था में बना हुआ है गाजियाबाद नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर किया है जिसमें आयोजित कावड़ शिविर के बाहर भी मुख्य रूप से सफाई व्यवस्था का ध्यान रखा जा रहा है कावड़ मार्ग को भी प्रतिदिन व्यवस्थित करने का कार्य निगम की टीम कर रही है ।

अगस्त क्रांति की गूंज: जिला कांग्रेस की बैठक में शहीदों को किया नमन

बलजीत कौशिक बोले, पूर्वजों के त्याग और बलिदान से मिली आजादी, इसकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

अगस्त क्रांति एवं भारत छोड़ो आंदोलन की ऐतिहासिक स्मृति को समर्पित जिला कांग्रेस कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने की, जबकि मंच संचालन जिला कांग्रेस के संगठन महासचिव अशोक रावल ने किया। बैठक में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कहा कि भारत की आजादी किसी एक व्यक्ति या एक दिन के संघर्ष का परिणाम नहीं, बल्कि लाखों देशवासियों के वर्षों के त्याग, संघर्ष और बलिदान का प्रतिफल है। हमारे पूर्वजों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लम्बा संघर्ष किया और अपने प्राणों की आहुति देकर देश को स्वतंत्रता दिलाई। उन्होंने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का वह ऐतिहासिक मोड़ था, जिसने पूरे देश में आजादी की अलख जगा दी। महात्मा गांधी के नेतृत्व में शुरू हुए इस आंदोलन ने अंग्रेजी हुकूमत को यह स्पष्ट संदेश दे दिया था कि अब भारत की जनता किसी भी कीमत पर गुलामी स्वीकार करने को तैयार नहीं है। बलजीत कौशिक ने कहा कि अगस्त क्रांति ने देशवासियों में एकजुटता, साहस और

राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत किया। करो या मरो का नारा उस दौर में करोड़ों भारतीयों के संकल्प और संघर्ष का प्रतीक बन गया था। असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने जेल यातनाएं सहीं और अपना सर्वस्व देश के लिए न्यौछावर कर दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान की गाथा से प्रेरणा लेनी चाहिए।

हम जिस आजादी में सांस ले रहे हैं, वह हमारे पूर्वजों की अमूल्य विरासत है। इस विरासत की रक्षा करना और देश की एकता, अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास देश के स्वतंत्रता आंदोलन से गहराई से जुड़ा हुआ है। पार्टी ने हमेशा देश की एकता, अखंडता, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाई है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे स्वतंत्रता आंदोलन के गौरवशाली इतिहास और उसके मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाएं तथा युवा पीढ़ी को देश के लिए किए गए बलिदानों से अवगत कराएं।

बैठक के अंत में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम के सभी ज्ञात-अज्ञात शहीदों एवं सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान देश की एकता एवं अखंडता को मजबूत करने और स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर विनोद कौशिक, राजेंद्र चपराना, अशोक रावल, डॉ सौरभ शर्मा, वेद प्रकाश यादव, तिलक नागर, अनिल शर्मा, मनोज अग्रवाल, उमेश कौशिक, सुनीता फागना, बाबूलाल रवि, एन.के.शर्मा, बलजीत सिंह अरोड़ा, मोहसिन खान, सरला भमोत्रा, पम्मी मान, अनुज शर्मा एडवोकेट, सुरेश बेनीवाल, विकास फागना, नरेश गोयल, दीपक शर्मा, आजाद, हब्बन खान, मुख्तार, रामकुमार, प्रेम यादव, एडवोकेट प्रशांत कौशिक, ब्रह्म प्रकाश गोयल, राजेंद्र सिंह चौहान, संजय शर्मा, सुमित, कैलाश सोलंकी, अर्जुन सैनी, राहुल नागर, रामवीर सिंह, सुभाष शर्मा, रमेश कौशिक, जय भगवान भारद्वाज, देवेंद्र दीक्षित, राजकुमार यादव, प्रमोद कुमार, राजेश शर्मा, गिर्राज सिंह, मनोज कुमार झा, कुलदीप गुलाटी, मनीष बौद्ध, जुबेर खान, साहिल सहित अन्य कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत युवा कार्यकर्ताओं ने ध्वज फहराकर की

युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस पर रोहतक में जुटे सैकड़ों युवा

रोजगार-शिक्षा के मुद्दे उठाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏩ गुरुग्राम

भारतीय युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को रोहतक में हरियाणा युवा कांग्रेस की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष निशित कटारिया के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं और युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रदेश अध्यक्ष द्वारा भारतीय युवा कांग्रेस का ध्वज फहराकर की गई। कार्यक्रम में युवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान बेरोजगारी, शिक्षा, रोजगार के अवसर और युवाओं के भविष्य से जुड़ी चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया गया।

युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि संगठन युवाओं के अधिकारों और उनके मुद्दों को हर मंच पर मजबूती से उठाता रहेगा। प्रदेश अध्यक्ष निशित कटारिया ने कहा कि भारतीय युवा कांग्रेस का इतिहास संघर्ष, सेवा और युवाओं की आवाज को मजबूती देने का रहा है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बेरोजगारी, शिक्षा और रोजगार के अवसर युवाओं के लिए महत्वपूर्ण

विषय हैं। युवा कांग्रेस इन मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष करेगी और युवाओं की आवाज को बुलंद करेगी। उन्होंने कहा कि देश का युवा केवल भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान की सबसे बड़ी शक्ति है। युवाओं के अधिकारों और हितों की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। युवा कांग्रेस हर मंच पर युवाओं के साथ खड़ी रहेगी। कार्यक्रम के दौरान युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में शामिल होकर स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर मोहित मलिक, तन्मय चौधरी, कपिल बुक्कर, अजय हुड्डा और शुभम सैनी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पुलिस घटनाक्रम की जांच में जुटी

निर्माणाधीन बिल्डिंग में रील बनाने घुसे नाबालिग की गार्ड ने गोली मारकर कर दी हत्या,गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩ गाजियाबाद

दिल्ली से सटे गाजियाबाद के साहिबाबाद क्षेत्र में निर्माणाधीन बिल्डिंग पार्श्वनाथ में रील बनाने गए नाबालिग की सुरक्षा गार्ड ने चोर समझकर गोली मारकर हत्या कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी गार्ड को गिरफ्तार कर लिया है। मरने वाले नाबालिग लड़के का नाम समीर 17वर्ष है। प्रारंभिक जांच के अनुसार युवक अपने दो साथियों के साथ पार्श्वनाथ बिल्डिंग परिसर में दाखिल हुआ था। वहीं तैनात सिक्योरिटी गार्ड ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन कथित तौर पर वह नहीं रुके। इसके बाद गार्ड ने अपनी लाइसेंसी सिंगल बैरल बंदूक से फायर कर दिया। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को इस घटना की सूचना मिलने के बाद उन्होंने सिक्योरिटी गार्ड है विवेक यादव को गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस ने सीसीटीवी कैमरें की फुटेज खंगाले

इस घटना को लेकर सूचना मिलने पर एसीपी साहिबाबाद अमित सक्सेना सहित पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी सिक्योरिटी गार्ड को हिरासत में लेकर उसकी लाइसेंसी बंदूक भी कब्जे में ले ली है। अधिकारियों का कहना है कि यह जांच की जा रही है कि फायर वास्तव में हवाई था या गोली सीधे युवक को लगी। पुलिस के मुताबिक समीर दो भाइयों में छोटा था। घटना के समय उसके साथ मौजूद अन्य युवक मौके से फरार हो गए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई जांच रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी। जिस स्थान पर घटना हुई, वहां लोहे का सरिया और अन्य निर्माण सामग्री रखी हुई थी।

22 वर्षीय युवक की हत्या का मामला

युवक की हत्या मामले में दो पुलिसकर्मी सस्पेंड, हुक्का विवाद के बाद चाकुओं से गोदा था युवक

हरिभूमि न्यूज ⏩ गुरुग्राम

फर्रुखनगर एरिया में 22 वर्षीय युवक सागर की हत्या के मामले में पुलिस की लापरवाही सामने आने पर दो पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। फर्रुखनगर थाना एसएचओ महेंद्र सिंह ने हेड कांस्टेबल अशोक और कांस्टेबल विनोद के निलंबन की पुष्टि की है। दोनों के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। दरअसल, बीती 6 अगस्त को होमगार्ड मुन्नीलाल के बेटे सागर की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई थी। आरोप है कि हुक्का भरने को लेकर हुए विवाद के बाद करीब 20-25 लोगों ने सागर और उसके भाई शंकर का पीछा किया। दोनों भाई जान बचाने के लिए घर में घुसे, लेकिन हमलावर घर में भी घुस गए और सागर पर चाकुओं से हमला कर दिया। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस कार्रवाई के विरोध में पटौदी-कुलाना रोड पर जाम लगाया था। परिजनों के अनुसार, इससे पहले 3 अगस्त को सागर के पिता मुन्नीलाल और भाई शंकर के साथ विवाद हुआ था। मुन्नीलाल ने इसकी शिकायत पुलिस को दी थी। परिवार का आरोप है कि शिकायत पर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, जिसके बाद विवाद ने खूनी रूप ले लिया। मामले में फर्रुखनगर क्राइम ब्रांच की टीम ने कार्रवाई करते हुए आजादगढ़, रोहतक से नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान ओम, साहिल, गौतम, सचेत उर्फ मुन्ना, विनय कुमार, सुनील उर्फ अभिषेक उर्फ खोटा, मंदीप उर्फ डिप्पी, अश्वनी और अनुश उर्फ चिनू के रूप में हुई है। ये सभी झज्जर, सोनीपत और गुरुग्राम के अलग-अलग गांवों के रहने वाले हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि सचेत उर्फ मुन्ना की शिकायतकर्ता पक्ष से रंजिश थी।

तस्करों के कब्जे से 21 किलोग्राम अवैध गांजा, स्कूटी बरामद

गांजा तस्कर पुलिस मुठभेड़ में घायल,गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩ गाजियाबाद

विजयनगर पुलिस एवं नगर स्वाट टीम व नगर सर्विलांस पुलिस ने शनिवार की रात में मुठभेड़ के।दौरान दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों ड्रग तस्कर पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। उनके कब्जे से कब्जे से 21 किलाग्राम अवैध गांजा व एक स्कूटी व अवैध अस्लाह व कारतूस बरामद हुए हैं।

थाना विजयनगर पुलिस टीम एवं नगर स्वाट टीम व नगर सर्विलांस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि अवैध गांजे की तस्करी करने वाले तीन व्यक्ति हिन्डन बैराज की ओर से अवैध गांजा लेकर आ रहे है । सूचना पर विजयनगर पुलिस एवं नगर स्वाट टीम एवं सर्विलांस सैल टीम द्वारा संयुक्त रूप से हिन्डन बैराज पर चैकिंग करने लगे। तभी हिन्डन वेराज की तरफ से एक स्कूटी पर सवार तीन व्यक्ति आते दिखायी

दिये । जिन्हे पुलिस द्वारा टार्च एवं इशारे से रूकने का इशारा किया गया लेकिन पुलिस को चेकिंग करता देख स्कूटी सावर बदमाश हिन्डन पुस्ता की ओर स्कूटी को तेजी से मोड़कर भागने लगे ।

संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस द्वारा स्कूटी सवार बदमाशो का पीछा किया गया। जिससे स्कूटी सावर व्यक्ति अनियनत्रित होकर गिर गये । स्कूटी सवार बदमाशो को पुलिस पार्टी द्वारा आत्मसर्मपण को कहा गया तो पुलिस पार्टी को अपनी ओर आता देख बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर करते हुये भागने का प्रयास किया गया । जिसमें आत्मरक्षार्थ में पुलिस पार्टी द्वारा भी सिखलाये गये तरीके से बदमाशों पर फायरिंग की गयी जिसमें दो बदमाश घायल हो गये तथा घायल अभियुक्त अनस व दिलशाद तथा तीसरे व्यक्ति असलम को मौके पर ही स्कूटी एवं अवैध गांजा 21 किलोग्राम व अस्लाह के साथ हिंडन पुस्ता से गिरफ्तार किया गया। घायल अभियुक्तों अनस व दिलशाद को उपचार हेतु जिला एमएमजी गाजियाबाद अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बारिश के बावजूद तीज उत्सव में 550 महिलाओं की विशाल उपस्थिति रही

अग्रवाल समिति बल्लभगढ़ ने हरियाली तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

अग्रवाल समिति बल्लभगढ़ द्वारा चावला कॉलोनी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में हरियाली तीज उत्सव 2026 बड़ी धूमधाम से मनाया गया। उक्त जानकारी देते हुए समिति के प्रवक्ता ललित गोयल एवं अध्यक्ष जितेंद्र सिंगला ने बताया कि समिति विगत 6 वर्षों से लगातार हरियाली तीज उत्सव मनाती आ रही है। समिति द्वारा लगातार आयोजित किए जा रहे तीज़ उत्सव की सफलता से प्रेरित होकर इस बार नगर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा तीज़ उत्सव आयोजित किए गए।

कार्यक्रम में केवल महिलाओं को ही प्रवेश करने दिया गया ताकि वो अपने तरीके से उत्सव का आनंद ले सकें। तीज उत्सव में बारिश के बावजूद 550 महिलाओं की विशाल उपस्थिति ने समिति के कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम किया। कांग्रेस नेत्री प्रियंका अग्रवाल, खुशबू सिंगला, रीना अग्रवाल,

वंदना बंसल, नेहा गर्ग, मार्केट कमेटी की वाइस चेयरपर्सन कांता बंसल एवं रेखा गोयल के साथ संयुक्त रूप से महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तीज उत्सव का शुभारंभ किया। पूनम अग्रवाल ने गणेश वंदना की शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर समाजसेवी पूनम शर्मा, प्राची गुप्ता, रेखा मंगला, सीमा गुप्ता, समिति की सदस्यों राजरानी, अंकिता, छवि, कविता, नेहा, सपना, सुनीता, वर्षा, गोल्डी, आभा, अंजलि, अपूर्वा, भारती, भावना, दीप्ती, डिम्पल, गरिमा, सीमा, कंचन, रीता, रुचि, संगीता, शालू, सोनू एवं सुमित्रा ने विभिन्न पारिवारिक रिश्तों जैसे मां बेटी, जीजा साली, देवर भाभी आदि की जोडिय़ों में नृत्य कर प्रस्तुति दी। महिलाओं ने अरी बहना! छाई घटा घनघोर, सावन दिन आ गए, सावन में झूलाओ झूला हमारे बांके बिहारी को बांके बिहारी को हमारी राधा प्यारी को, जैसे सावन के लोकगीतों के साथ साथ सावन के अनेकों फिल्मी गीतों पर महिलाओं ने झूम कर मस्ती की। कार्यक्रम का मंच संचालन पूनम गोयल ने किया। सीमा सिंगला एवं सुरक्षा गर्ग ने विभिन्न राज्यों के परिधानों एवं आभूषणों से सुसज्जित महिलाओं की तीज क्वीन प्रतियोगिता का सफल मंच संचालन किया। प्रसिद्ध शिक्षाविद् मिथिलेश अग्रवाल व शालिनी गर्ग ने तीज क्वीन प्रतियोगिता का निर्णय देते हुए महाराष्ट्र राज्य की वेषभूषा पहने खुशबू शर्मा को तीज क्वीन घोषित किया। निशा गोयल फरूट रनर अप एवं श्रद्धा राजपुरोहित सेकंड रनर अप रहीं। तीज से संबंधित प्रश्नोत्तरी एवं विभिन्न रोचक खेलों पर महिलाओं को अनेकों उपहार दिए गए। समिति द्वारा झूला, फोटोग्राफी एवं म्यूजक़लि ऑर्केस्ट्रा का विशेष प्रबंध था। महिलाओं के इस आयोजन को सफल बनने के पीछे समिति के पुरुष सदस्यों ने भी पूरा सहयोग किया।

अनेक वक्ताओं ने अपनी बात रखी

ई-20 पेट्रोल के खिलाफ फरीदाबाद में राज्य स्तरीय टाउन हॉल में वाहन मालिकों ने सुनाई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

आम आदमी पार्टी हरियाणा द्वारा रविवार को फरीदाबाद में आयोजित ई-20 पेट्रोल के खिलाफ राज्य स्तरीय टाउन हॉल में प्रदेशभर से पहुंचे वाहन मालिकों, टैक्सी चालकों, ट्रांसपोर्टरों और ऑटोमोबाइल क्षेत्र से जुड़े लोगों ने अपने अनुभव सांझा किए।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता रहे और मंच संचालन जिला अध्यक्ष रविंद्र फौजदार ने किया। टाउन हॉल में वक्ताओं ने दावा किया कि ई-20 पेट्रोल के इस्तेमाल के बाद उन्हें गाड़ियों की माइलेज में कमी, पेट्रोल की खपत बढ़ने और सर्विस व

मेंटेनेंस खर्च बढ़ने जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राजदीप सांगवान ने बताया कि उनकी मारूति एक्सएल-6 में फुल टैंक पर पहले के मुकाबले करीब 100 किलोमीटर कम रेंज का अनुभव हो रहा है।

टैक्सी चालक महेश, ट्रांसपोर्टर आबिद हुसैन और स्पेयर पार्ट्स व्यवसायी राजेंद्र शर्मा ने भी वाहन संचालन एवं रखरखाव से जुड़ी परेशानियां सांझा कीं। लाडवा से अमरीक सिंह बकाली, अंबाला से आदर्श पाल, पानीपत से सुरेंद्र अहलावत, जींद से डॉ. रजनीश जैन, गुरुग्राम से सतवीर यादव, हिसार से भीम सिंह महेशवाल, सोनीपत से जोगा पहलवान, करनाल से बीके कौशिक, रोहतक से जगवीर हुड्डा व भिवानी से पवन हिंदुस्तानी सहित अनेक वक्ताओं ने अपनी बात रखी। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार जनता की गाडिय़ों और जेब पर प्रयोग करना बंद करे तथा ई-20 से जुड़े सवालों पर स्पष्ट जवाब दे। उन्होंने कहा कि हम किसान या इथेनॉल के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन आम आदमी पर कोई व्यवस्था जबरन थोपना स्वीकार नहीं है।

खबर संक्षेप

धनबाद में फिर धंसी जमीन, 10 घर जमींदोज

धनबाद। यहां कतरास क्षेत्र के छाताबाद इलाके में शुक्रवार की शाम करीब चार बजे भू-धंसान में

करीब 10 घर जमींदोज (ध्वस्त) हो गए। इनमें चार दोमंजिले मकान जमीन में समा गए। स्थानीय निवासी मो सज्जाद के घर के आठ लोग घर के अंदर ही फंस गए थे, जिन्हें मशक्कत के बाद सीढ़ी लगाकर सुरक्षित निकाला गया। बताया जा रहा है कि यहां करीब 20 फीट तक जमीन धंसी है।

बेकाबू स्कॉर्पियो ने 3 महिलाओं को रौंदा

पटना। बिहार के बेनीपट्टी में रविवार को भीषण सड़क हादसे मे तीन महिलाओं की मौत हो गई।

आक्रोशित लोग सड़क जाम कर रखा है। घटना बेनीपट्टी थाना के बेनीपट्टी-रहिका मुख्य पथ एसएच 52 जगदम्बा पेट्रोल पम्प के निकट सुबह करीब 5.30 बजे यह हादसा हुआ। घटनास्थल पर आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर जमकर बवाल काटा। हंगामे के कारण स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

भरथना स्टेशन के पास दर्दनाक हादसा

इटावा। इटावा में दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर दर्दनाक हादसा सामने आया है। डिब्रूगढ़ से नई दिल्ली जा

रही राजधानी एक्सप्रेस के इंजन में अज्ञात युवक फंस गया। बताया जा रहा है कि ट्रेन युवक को करीब एक किलोमीटर तक घसीटती हुई चली गई। भरथना रेलवे स्टेशन से करीब एक किलोमीटर दूर ट्रेन को रोककर रेलवे कर्मचारियों ने इंजन में फंसे युवक के शव को बाहर निकाला।

मुख्यमंत्री आवास से विधान भवन तक उमड़ा युवाओं का सैलाब

यात्रा के दौरान पूरे रास्ते मुख्यमंत्री योगी के दाएं व बाएं भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की दो छात्राओं ने हाथ में तिरंगा लिए कदमताल किया। तिरंगे के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते बच्चों और लोगों ने भारत माता की जय व राष्ट्रप्रेम से जुड़े नारों से सबका ध्यानाकर्षित किया।

लखनऊ की सड़कों पर दिखा राष्ट्रप्रेम, हाथों में तिरंगा, जुबां पर भारत माता की जय के नारे

टी. एन. मिश्र ▶▶ लखनऊ

आजादी के पर्व 15 अगस्त से पहले लखनऊ में रविवार की सुबह राष्ट्रभक्ति का रंग और गहरा होता नजर आया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री आवास से 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत भव्य 'तिरंगा यात्रा' निकाली गई।

15 अगस्त से पहले राजधानी की सड़कों पर दिखा अद्भुत नजारा

मुख्यमंत्री के साथ हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हुए। इस यात्रा के दौरान पूरे रास्ते मुख्यमंत्री योगी के दाएं व बाएं भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की दो छात्राओं ने हाथ में तिरंगा लिए कदमताल किया। तिरंगे के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते बच्चों और लोगों ने भारत माता की जय व राष्ट्रप्रेम से जुड़े नारों से सबका ध्यानाकर्षित किया। वहीं बच्चों ने 'हर घर तिरंगा' फहराने का भी संकल्प लिया। इस तिरंगा यात्रा में 30 हजार से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री आवास से जैसे ही तिरंगा यात्रा आगे बढ़ी, राजधानी की सड़कें देशभक्ति के रंग में रंगती चली गईं। हाथों में लहराते तिरंगे, उत्साह से भरे चेहरे और राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत माहौल ने यात्रा को भव्य रूप दे दिया। यात्रा के रास्ते में बड़ी संख्या में लोग इसके स्वागत के लिए खड़े रहे। लोगों ने पुष्पवर्षा कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों व छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। मुख्यमंत्री आवास से सिविल अस्पताल होते हुए विधानसभा तक सड़क के दोनों ओर मौजूद लोगों में भी तिरंगे को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया।

2 हजार फीट लंबे तिरंगे की मानव श्रृंखला

'हर घर तिरंगा' यात्रा में सरकारी और निजी स्कूलों के हजारों छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। बच्चों के हाथों में तिरंगा और चेहरों पर देशभक्ति का उत्साह आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहा। यात्रा में शामिल लोगों ने राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। राजधानी में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत एक और खास नजारा देखने को मिला। विधानसभा के पास एक निजी डिफेंस एकेडमी संस्थान के बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर विधानभवन से हजरतगंज चौराहे तक करीब 2 हजार फीट लंबा तिरंगा फहराया। बड़ी संख्या में बच्चों ने एक साथ खड़े होकर तिरंगा के प्रति सम्मान दिखाया।

सिद्धार्थनगर बना आकांक्षी से अग्रणी जनपद

सीएम योगी ने 311 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास

जिले में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए सीएम ने कहा कि सिद्धार्थनगर कभी आकांक्षी जनपद था, लेकिन पिछले 8-9 वर्षों में विकास की छलांग लगाकर यह शहर अग्रणी जनपदों की श्रेणी में पहुंच गया है...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिद्धार्थनगर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सिद्धार्थनगर में करीब 311 करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने जिले में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि सिद्धार्थनगर कभी आकांक्षी जनपद था, लेकिन पिछले 8-9 वर्षों में विकास की छलांग लगाकर यह अग्रणी जनपदों की श्रेणी में पहुंच गया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास के लिए निरंतर प्रयास और पुरुषार्थ करना पड़ता है। सरकार के प्रयासों से सिद्धार्थनगर में विकास की गति तेज हुई है और जिले की तस्वीर बदली है।

क्रांतिकारियों को भुलाने वाली कांग्रेस को युवाओं ने नकारा

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सत्ता का मद कितना खतरनाक होता है, यह कांग्रेस के पतन से देखा जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्रांतिकारियों को भुलाने वाली कांग्रेस को आज देश के युवाओं ने पूरी तरह नकार दिया है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह निगेटिव ट्रैक पर चल रही है।

पिछली सरकारों पर निशाना साधा

सीएम योगी ने स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारियों को याद करते हुए पिछली सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद सत्ता में आए लोगों ने सत्ता के मद में कई संस्थाओं और योजनाओं के नाम अपने खानदान के नाम पर कर दिए, लेकिन उन्हें क्रांतिकारियों के स्मारक और उनका योगदान दिखाई नहीं दिया। उन्होंने रामप्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां, भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु और वीर सावरकर समेत महाराज सुहेलदेव, निषादराज गुह और वीरांगनाओं ऊदा देवी पासी, अवंतीबाई लोधी व झलकारीबाई कोरी का उल्लेख किया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग कर भारत के खिलाफ अफवाह फैला रहीं देशविरोधी ताकतें

सीएम योगी ने कहा कि भारत आपसी फूट, षड्यंत्र के कारण गुलाम हुआ था। क्षेत्र, जाति व भाषा के नाम पर भारत को कमजोर करने वाली ताकतें आज भी फूट डाल रही हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म षड्यंत्र का माध्यम हो गया है। देशविरोधी ताकतें इसका दुरुपयोग कर भारत के खिलाफ अफवाहें फैला रही हैं। सीएम योगी काकोरी ट्रेन एक्शन के 101वें वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में काकोरी शहीद स्मारक पर आयोजित शताब्दी समारोह कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने क्रांतिकारियों की वीरता को किया नमन

सीएम ने क्रांतिकारी शचींद्र नाथ बख्शी व मन्मथ नाथ गुप्ता का जिक्र किया। कहा कि वे काशी में पैदा हुए थे। उन्हें आजीवन कारावास की सजा मिली। ब्रिटिशर ने उनकी जागीर को जब्त कर लिया। शचींद्र नाथ सान्याल भी काशी में पैदा हुए। पं. रामप्रसाद बिस्मिल, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी, अशफाक उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह को फांसी दी गई।

बिहार में शिक्षा पर सम्राट सरकार के 4 बड़े फैसले

एआई से बच्चों की समझ शक्ति का मूल्यांकन होगी

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के सरकारी स्कूलों में बच्चों की गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई और कारगर परीक्षा प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए सम्राट चौधरी सरकार ने चार अहम फैसले किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि शिक्षा समाज को दिशा देने वाला विभाग है। हर हाल में स्कूलों में पढ़ाई हो, सरकार इसके लिए कृत संकल्प है।

पटना के अधिवेशन भवन में शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी की अध्यक्षता में दो दिवसीय चिंतन शिविर का उद्घाटन सीएम सम्राट चौधरी ने किया। कहा कि छात्रों की समझ शक्ति का मूल्याकन एआई की मदद से किया जाएगा।

शिविर के माध्यम से सीएम खुद बच्चों से संवाद करेंगे और उनके सुझाव के आधार पर नीतियां तय की जाएंगी। बताया कि बिहार में शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़, गुणवत्तापूर्ण एवं छात्र-केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विशेष समिति

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को हर विद्यालय तक पहुंचाने राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है, ताकि प्रत्येक विद्यालय को उत्कृष्टता का केंद्र बनाया जा सके और छात्रों के सीखने के स्तर में सुधार सुनिश्चित हो। बिहार में परीक्षाओं को सुचारु, पारदर्शी, निष्पक्ष एवं आधुनिक बनाने राज्य स्तरीय परीक्षा सुधार समिति का गठन किया गया है। समिति बोर्ड एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ-साथ कक्षा-आधारित मूल्यांकन में तकनीक एवं एआई के उपयोग के माध्यम से छात्रों के ज्ञान, समझ एवं विश्लेषण क्षमता के बेहतर आकलन के लिए सुझाव देगी।

विशेष सहयोग शिविर

शिक्षा सुधार के लिए विशेष सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक एवं छात्रों के साथ संवाद कर उनके सुझाव एवं समस्याएं सुनी जाएंगी।

पेज एक का शेष

भजनलाल और...

ऐतिहासिक जुड़ाव बताते हुए कहा कि 15 अगस्त 1947 को आजादी के अवसर पर पहली बार फहराया गया तिरंगा राजस्थान की धरती से जुड़ा था। वह तिरंगा दौसा में तैयार किया गया था। जो उस समय जयपुर रियासत का हिस्सा था। तिरंगा यात्रा में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा, भाजपा प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ समेत कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पहले की सरकारों ने राष्ट्रगीत को छोड़ दिया: सभा में नड्डा ने कहा कि हाल ही में राज्यसभा में 'प्रिवेंशन ऑफ इंसल्ट्स टू नेशनल ऑनर (संशोधन) एक्ट, 2026' पारित किया है। 55 साल पहले 'द प्रिवेंशन ऑफ इंसल्ट्स टू नेशनल ऑनर एक्ट' लाया गया था। इसमें राष्ट्रीय प्रतीकों जैसे संविधान, राष्ट्रगान और राष्ट्रीय ध्वज के अपमान को दंडनीय अपराध घोषित किया गया था। उस कानून में राष्ट्रगान, संविधान और राष्ट्रीय ध्वज को तो जोड़ा गया, लेकिन 'वंदे मातरम' (राष्ट्रगीत) को छोड़ दिया। क्या इसे उस समय की भूल माना जाए या फिर तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति कहें?

सीएम धामी ने भारतीय सेना के पराक्रम, वीरता को नमन किया: देहरादून। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को भाजपा महानगर देहरादून की ओर से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित यात्रा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट भी यात्रा में मौजूद रहे। गांधी पार्क से शुरू हुई तिरंगा यात्रा घंटाघर, दर्शनलाल चौक, लैंसडाउन चौक, कनक चौक और ओरिएंट सिनेमा होते हुए वापस गांधी पार्क पहुंची। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारतीय सेना के पराक्रम और वीरता को नमन किया।

पोर्ट ब्लेयर में फ्लैग पॉइंट पर 'हर घर तिरंगा' अभियान शुरू किया : उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के श्री विजयपुरम (पोर्ट ब्लेयर) में फ्लैग पॉइंट पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने ऐतिहासिक सेलुलर जेल का दौरा किया और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि जब आप अंडमान के बारे में सोचते हैं, तो सिर्फ़ वहां की हरियाली और सुंदरता ही मन में नहीं आती। सावरकर और नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने देशभक्ति की जो लौ जलाई थी, वह आने वाली कई पीढ़ियों तक हर भारतीय नागरिक के दिल में बनी रहेगी। जब हम 'हर घर तिरंगा' अभियान के बारे में बात कर रहे थे, तो मैंने अपने निजी सचिव से कहा कि हम अंडमान जाएं। उपराष्ट्रपति ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में 8 अगस्त के महत्व पर ज़ोर देते हुए कहा कि हम इस अभियान की शुरुआत 'अगस्त क्रांति दिवस' पर कर रहे हैं, क्योंकि इसी दिन 1942 में 'भारत छोड़ो आंदोलन' शुरू हुआ था। 8 अगस्त 1942 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने ब्रिटिश शासन को तुरंत खत्म करने का आह्वान किया था। लाखों भारतीयों ने अंग्रेजों के खिलाफ़ उनके इस आह्वान का जवाब 'करो या मरो' के पक्के संकल्प के साथ दिया था।

शहीदों के प्रति कृतज्ञता...

हुए। योगी ने कहा कि राष्ट्रध्वज भारत की सादगी, विकास, विरासत और इसकी आन, बान एवं शान का प्रतीक है। उन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और आजादी के बाद देश की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले सैनिकों को याद किया।

'वंदे मातरम ' की 150वीं वर्षगांठ मनाई जा रही: योगी ने यह भी कहा कि यह वर्ष इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि देश राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम ' की 150वीं वर्षगांठ मना रहा है। हमारे युवा प्रतिभाशाली और ऊर्जा से भरपूर हैं। उनमें देश के सामने आने वाली हर चुनौती का सामना करने की क्षमता है। इस ऊर्जा को उचित मंच मिलना चाहिए, ताकि वे खुद को तैयार कर देश को आगे ले जा सकें। मुझे इस बात की खुशी है कि सुबह साढ़े आठ बजे तक 25,000 से अधिक युवा यहां एकत्र हो चुके थे और अब उनकी संख्या 30,000 को पार कर रही है।

भाजपा ने हमले की ...

की गाड़ी पर हमला करने का समर्थन नहीं करती और पुलिस को इस मामले में उचित कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन तृणमूल को भी अपने पिछले अत्याचारों पर आत्ममंथन करना चाहिए।

पुदुचेरी पुलिस को ...

और आध्यात्मिक ऊर्जा को बनाए रखा। उन्होंने बताया कि 1 अक्टूबर 1963 को पुदुचेरी में पुलिस महानिदेशक के पद का सृजन हुआ था। इसके बाद से पुदुचेरी पुलिस ने सीमांत क्षेत्र की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

तीन नई न्याय संहिताओं से न्याय व्यवस्था में बदलाव: अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अंग्रेजों के समय से चली आ रही दंड संहिताओं को बदलकर तीन नई न्याय संहिताएं लागू की हैं। इनका उद्देश्य दंड आधारित व्यवस्था के बजाय तकनीक के इस्तेमाल और समयबद्ध प्रक्रिया के माध्यम से नागरिकों को न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि नई न्याय संहिताएं टेक्नोलॉजी, टाइमलाइन और ट्रस्ट यानी प्रौद्योगिकी, समयबद्धता और विश्वास के तीन स्तंभों पर आधारित हैं।

पुदुचेरी के ...

सरकार की ओर से करीब 3,500 करोड़ रुपये दिए गए थे, जबकि 2014 से 2026 के बीच मोदी सरकार ने पुदुचेरी के विकास के लिए 13,762 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए हैं। शाह के अनुसार, पिछले नौ वर्षों में पुदुचेरी में करीब 39,000 करोड़ रुपये का औद्योगिक निवेश भी कराया गया है। गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं-लखपति दीदी, जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत, स्वच्छता अभियान के तहत शौचालय निर्माण, मुफ्त अनाज योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी)—का लाभ पुदुचेरी के नागरिकों को मिल रहा है। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पुदुचेरी के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और प्रदेश की जनता के विकास तथा कल्याण के लिए 24 घंटे तत्पर है।

लेजर लाइट से...

कराई। विमान के सभी 159 यात्री और क्रू मेंबर्स पूरी तरह सुरक्षित हैं। कोलकाता हवाई अड्डे के निदेशक विक्रम सिंह ने बताया कि हवाई अड्डे के आसपास लेजर लाइट का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है, फिर भी ऐसी घटनाएं सामने आती हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बारामती एयरपोर्ट पर...

जनवरी में महाराष्ट्र के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री अजीत पवार का चार्टर्ड प्लेन क्रैश हुआ था, जिसमें उनकी दुखद मौत हो गई थी। इसके बाद 13 मई को भी एक ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, हालांकि उसमें भी कोई गंभीर हताहत नहीं हुआ था।

मेरे लिए मंत्री की ...

हैं। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों ने नीट विवाद का फायदा उठाकर युवाओं को गलत रास्ते पर भेजने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि उन्होंने खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर इस्तीफे की बात कही थी और आखिरकार 25 जुलाई को उन्होंने अपना पद छोड़ दिया। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि वह जेन जी को अपने बच्चों की तरह मानते हैं। उनके लिए शिक्षा मंत्री का पद कोई पर्सनल मुद्दा नहीं था, बल्कि देश के युवाओं की उम्मीदें ज्यादा जरूरी हैं। गौरतलब है कि नीट पेपर लीक के बाद दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों ने लंबा प्रोटेस्ट किया था। छात्रों की मांग थी कि शिक्षा मंत्री इस्तीफा दें, पेपर लीक रोकने के लिए सख्त कानून बने और एग्जाम सिस्टम को सुधारा जाए। इसी दबाव के चलते उन्होंने 25 जुलाई को इस्तीफा दिया था। ओडिशा के एक इवेंट में धर्मेंद्र प्रधान ने पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों में युवाओं का इस्तेमाल किया गया। रायराखोल में बीजेडी कार्यकर्ताओं के 'धर्मेंद्र प्रधान वापस जाओ' के नारों पर उन्होंने कहा कि वह ऐसे प्रोटेस्ट से डरने वाले नहीं हैं। वह एक किसान के बेटे हैं और अपने काम से कभी ओडिशा का नाम खराब नहीं होने देंगे।

पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता ने

जर्जर मकान की छत गिरने से छह मौतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ प्रतापगढ़

यूपी के प्रतापगढ नगर कोतवाली क्षेत्र के महुली मोहल्ले में जर्जर मकान की छत ढहने से एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई।मामले की जानकारी पाकर पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता रविवार को पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने हादसे में जीवित बचे अमन श्रीवास्तव से मुलाकात कर घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की और उसे ढांढस बंधाया।संगम लाल गुप्ता ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद और हृदयविदारक है। एक ही परिवार के छह लोगों को खोने का दर्द शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को इस कठिन समय में हरसंभव सहयोग दिलाने का प्रयास किया जाएगा। पूर्व सांसद ने अमन और उसके परिवार को भरोसा दिलाया कि वह मुख्यमंत्री से मुलाकात कर पीड़ित परिवार के लिए अधिक से अधिक आर्थिक एवं अन्य सहायता दिलाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने प्रशासन से भी नियमानुसार हरसंभव मदद उपलब्ध कराने की मांग की।

ठेकेदार हत्याकांड पर अधिवक्ताओं ने किया चक्का जाम, जोरदार प्रदर्शन

गोरखपुर। यहां सिकरीगंज थाना क्षेत्र के अहिरौली इलाके में बिजली विभाग के ठेकेदार शिव कुमार त्रिपाठी की कथित हत्या के बाद अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। मृतक के अधिवक्ता पुत्र के समर्थन में बड़ी संख्या में अधिवक्ता मेडिकल कॉलेज गेट पर पहुंचे और मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने पुलिस-प्रशासन से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। मेडिकल कॉलेज गेट पर प्रदर्शन के चलते मुख्य मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा। स्थिति को देखते हुए पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद रहे और प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उन्हें समझाने का प्रयास किया। डीएम और एसएसपी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

विंध्यवासिनी मंदिर परिसर में मिले पांच निजी सीसीटीवी कैमरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मिर्जापुर

मिर्जापुर के विंध्यवासिनी मंदिर और विंध्य कॉरिडोर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। प्रशासनिक जांच के दौरान मंदिर परिसर में पांच निजी

सीसीटीवी कैमरे लगे मिले। आरोप है कि इन कैमरों के जरिए मंदिर प्रबंधन, श्रद्धालुओं और तीर्थ पुरोहितों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। साथ ही मंदिर में आने वाले वीआईपी की गतिविधियों और उनके आगमन की जानकारी भी कैमरों के जरिए जुटाई जाती थी। खास बात ये है कि मंदिर परिसर की सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी के साथ पुलिसकर्मियों की तैनाती है और हाई-रिजोल्यूशन AI कैमरे भी लगे हुए हैं। इसके बावजूद निजी कैमरों का बिना जानकारी लगाए जाना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

प्रशासन ने पांचों निजी कैमरे हटवाए

मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन, पुलिस अधिकारियों और पंडा समाज के पदाधिकारियों की मौजूदगी में पांचों निजी कैमरों को हटवा दिया गया। विंध्य कॉरिडोर के सचिव और सिटी मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार सिंह के मुताबिक संबंधित लोगों को चेतावनी देकर कैमरे हटवाए गए हैं।

राम मंदिर दान चोरी के बीच नई व्यवस्था

एसबीआई ने सेना के रिटायर्ड 10 बैंककर्मियों की ड्यूटी लगाई

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

राम मंदिर के चढ़ावा चोरी मामले को लेकर चल रही एसआईटी की जांच के बीच व्यवस्थाएं अब तक स्थिर नहीं हो सकी है। अब एसओपी के अनुपालन में एसबीआई बैंक प्रबंधन ने नई व्यवस्था बनाई है। बैंक प्रबंधन ने इस बार पारदर्शी, ईमानदार पूर्ण व व्यवस्थित गणना सुनिश्चित कराने के लिए सेना के रिटायर बैंक कर्मियों का चुनाव किया है। एसबीआई की अलग-अलग शाखाओं में कार्यरत दस बैंक कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

मिली जानकारी के अनुसार गणना में 12 कर्मचारियों की जरूरत है। फिलहाल दस को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त गणना कार्य की पूरी देखभाल के लिए एक प्रभारी भी नियुक्त किया गया है। क्लास टू लेवल के अफसर को सुपरविजन के लिए तैनात कर दिया गया है। बताया गया कि यह सभी बैंक के रेगुलर स्टाफ हैं।

सिक्योरिटी सेवा समाप्ति के लिए सर्कुलर जारी

बैंक प्रबंधन ने सिक्योरिटी सर्विस की सेवा समाप्ति के लिए सर्कुलर भी जारी कर दिया है। बताया गया कि एजेंसी से जुड़े तीन कर्मियों को रोक लिया गया है जिनकी जिम्मेदारी दानपात्रों को जिन पेटियों में खाली कराया जाता है। उन सभी पेटियों को गणना स्थल तक पहुंचाने और पुनः गणना के उपरांत सुरक्षित बैंक तक लाने ले जाने की है। इसके अलावा एजेंसी के शेष सभी कर्मियों को राम मंदिर से हटा दिया गया है। इसके पहले यहां संबंधित एजेंसी के तीन दर्जन कर्मचारी कार्यरत थे। चढ़ावा चोरी के आरोप में जेल में निरुद्ध आठ आरोपियों में से छह आरोपी इसी एजेंसी के माध्यम से लगाए गए थे।

पुरानी एजेंसी के पास नहीं था वित्तीय प्रबंधन का अनुभव

चढ़ावा चोरी का मामला सामने आने के बाद बैंक द्वारा अनुबंधित एजेंसी की पड़ताल में सामने आया कि इस एजेंसी के पास वित्तीय प्रबंधन का कोई अनुभव नहीं है। फिर भी बैंक के द्वारा राम मंदिर के चढ़ावे की धनराशि के प्रबंधन में शामिल कर दिया गया। इतना ही नहीं इन कर्मचारियों को अनेक प्रकार की छूट भी दी गई। उनके ऊपर निर्धारित ड्रेस कोड भी नहीं लागू किया गया और उन्हें मंदिर परिसर में पुलिस जांच से भी मुक्त रखा गया।

धर्मेंद्र को दिया जाएगा 'प्यार ही प्यार बेशुमार' के तहत म्यूजिकल ट्रिब्यूट

मुंबई। दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र को मुंबई में 21 अगस्त के दिन एक शानदार म्यूजिकल ट्रिब्यूट 'प्यार ही प्यार बेशुमार' दिया जाएगा। यह कार्यक्रम मुंबई के बांद्रा वेस्ट में मौजूद सेंट एंड्रयूज ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। इसमें अभिनेता की यादगार फिल्मी विरासत का जश्न मनाया जाएगा। इसे बिगटाइम एंटरटेनमेंट के संस्थापक पंकज रैना ने तैयार और आयोजित किया है, जो खुद एक प्रोड्यूसर और अभिनेता भी हैं। 'प्यार ही प्यार बेशुमार' टाइटल उस अपार स्नेह को बखूबी दर्शाता है, जो दर्शकों की कई पीढ़ियों ने धर्मेंद्र पर बरसाया है। इस म्यूजिकल शाम में धर्मेंद्र के शानदार सफर से जुड़े कुछ यादगार म्यूजिकल पलों को फिर से जिया जाएगा।

लाइफ Style

श्वेता



साइकोलॉजिकल थ्रिलर असुर 3 में हुई एंट्री

'असुर' गौरव शुक्ला द्वारा बनाई गई एक बहुत ही सफल और दिलचस्प साइकोलॉजिकल थ्रिलर है। दो सीजन की जबरदस्त सफलता के बाद मेकर्स अब तीसरे सीजन को लाने की तैयारी में है और इसी को लेकर अब अपडेट सामने आ गई है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

धनंजय राजपूत और निखिल नायर के निभाए किरदार इस फ्रैंचाइजी का अहम हिस्सा बन चुके हैं और अब यह देखना दिलचस्प होगा कि फैन्स के लिए आगे क्या है। कास्ट में और रोमांच जोड़ने के लिए, एक्ट्रेस श्वेता बसु प्रसाद तीसरे सीजन में शामिल होने जा रही हैं। हालांकि उनके किरदार के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन उम्मीद है कि उनके आने से इस थ्रिलर में एक नया मोड़ आएगा। पिंकविला की रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'असुर' के मोस्ट अवेटेड तीसरे सीजन की शूटिंग सितंबर में शुरू होने वाली है और मेकर्स कहानी को एक नए चैप्टर के साथ आगे बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं। जाहिर है कि वेब सीरीज के तीसरे भाग में भी अरशद वारसी और बरुन सोबती ही मुख्य भूमिकाओं में होंगे, जो पहले सीजन से ही इस शो का अहम हिस्सा रहे हैं। जानकारी के लिए बता दें कि कैमरे के पीछे एक और बड़ा बदलाव यह है कि लेखक और क्रिएटर गौरव शुक्ला, जो 'असुर' से गहराई से जुड़े रहे हैं, सीजन 3 के साथ डायरेक्टर के तौर पर अपनी शुरुआत करेंगे। पिछले दो सीजन का निर्देशन ओनी सेन ने किया था, जबकि शुक्ला लेखक और क्रिएटर थे। गौरव शुक्ला इस बार प्रोड्यूसर की भूमिका भी निभाएंगे।

हॉलीवुड मसाला



इंसिडियस की छठी किस्त की रिलीज 21 को

नई दिल्ली। हॉलीवुड की फेमस हॉरर फ्रैंचाइजी 'इंसिडियस' की छठी किस्त अब सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। सोनी पिक्चर्स ने 5 अगस्त को फिल्म 'इंसिडियसः आउट ऑफ द फर्दर' का आखिरी ट्रेलर भी रिलीज कर दिया। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे शैतान अंधेरी दुनिया से बाहर निकलकर वास्तविक दुनिया में कदम रख रहे हैं. फिल्म 21 अगस्त को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। ट्रेलर की शुरुआत डरावने माहौल के साथ होती है। अंधेरे कमरों, रहस्यमय आवाजों और भयभीत चेहरों के बीच लाल रंग के शब्दों में संदेश उभरता है।

रेड कार्पेट पर फैन ने किया जबरन किस

मुंबई। शनिवार को निकिता रावल एक इवेंट के रेड कार्पेट पर पोज दे रही थीं। तभी एक फैन उनके पास आई और उनसे सेल्फी की रिक्वेस्ट की। एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए फोटो के लिए हामी भर दी। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि पहले फैन ने निकिता के गाल पर किस किया। इसके बाद उसने अचानक उन्हें अपनी तरफ खींचा और उनके होंठों पर किस कर दिया। यह देखकर निकिता एकदम चौंक गईं और खुद को पीछे हटाने की कोशिश करने लगीं। इतना ही नहीं, फैन बार-बार उन्हें पकड़कर किस करने की कोशिश करती रही। निकिता साफ तौर पर असहज नजर आईं और इस स्थिति से बाहर निकलने की कोशिश करती दिखीं। आखिर में फैन ने उनके गाल पर एक और किस किया और वहां से चली गई।

सोनू ने सर्जरी करवाते हुए गाया गाना

मुंबई। सिंगर सोनू निगम ने हाल ही में एक वीडियो शेयर किया है, जिसने फैंस को परेशान कर दिया है। वो ऑपरेशन थिएटर में लेटे हुए गाना गा रहे हैं और अपनी सर्जरी करा रहे हैं। सोनू निगम की सर्जरी कर रहे डॉक्टर्स भी उन्हें देखकर हैरान रह गए हैं। रविवार को सोनू निगम ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें वह ऑपरेशन टेबल पर लेटे हुए थे। सिंगर को 1949 की फिल्म 'दुलारी' का मोहम्मद रफी का मशहूर गाना 'सुहानी रात ढल चुकी' गाते हुए देखा गया। सोनू ने बताया कि उन्होंने यह गाना अपने डॉक्टर और मेडिकल टीम के लिए गाया था। सिंगर श्रेया घोषाल ने सोनू के जल्द ठीक होने की कामना करते हुए लिखा, 'प्लीज सोनू जी, जल्द ठीक हो जाइए! आप जल्दी ठीक हों। ऐसी हालत में भी म्यूजिक के प्रति आपका समर्पण और परफेक्शन वाकई प्रेरणादायक है!'



टॉम और जेंडाया ने रचाई सीक्रेट शादी

लॉस एंजिल्स। टॉम हॉलैंड और जेंडाया इन दिनों फिल्म 'स्पाइडर-मैन-ब्रांड न्यू डे' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। दोनों ने इस साल की शुरुआत में शादी रचाई थी। अब मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि इस कपल ने एक बार फिर शादी की है, जिसमें कई सेलेब्स भी शामिल हुए।टॉम हॉलैंड और जेंडाया को लेकर खबर है कि इस कपल ने एक बार फिर शादी की है। एक बेहद सीक्रेट आयोजन में दोनों ने शादी की रस्में पूरी की हैं। शादी का इंतजाम काफी भव्य रखा गया, जिसमें छह करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम खर्च की गई। इसके अलावा इनके फंक्शन में कई नामी सितारों ने भी शिरकत की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टॉम हॉलैंड और जेंडाया ने इस हफ्ते की शुरुआत में इंग्लैंड के ग्रामीण इलाके में एक बेहद सीक्रेट और शानदार सेरेमनी में दोबारा शादी की है।

टीवी मसाला

26 साल बाद भी हर एपिसोड की पूरी तैयारी करते हैं अमिताभ

नई दिल्ली। शो में ऑडियंस को सिर्फ अमिताभ बच्चन का सवाल पूछने का अंदाज दिखाई देता है। लेकिन, कैमरे के पीछे वह हर एपिसोड की कितनी तैयारी करते हैं, शायद ही लोग जानते हों। केबीसी के डायरेक्टर अरुण शेषकुमार बताते हैं कि 26 साल बाद भी अमिताभ बच्चन का काम करने का तरीका नहीं बदला। वह सिर्फ शो होस्ट नहीं करते, बल्कि हर कंटेस्टेंट की कहानी को जीते हैं। अरुण शेषकुमार ने बताया कि आखिर क्यों उनके लिए **KBC** की सबसे बड़ी ताकत अमिताभ बच्चन हैं। अरुण कहते हैं, '26 साल बाद भी उनके काम करने का तरीका नहीं बदला है। वह सुबह सेट पर आते हैं और सबसे पहले स्क्रिप्ट देखते हैं। शो का सिर्फ शुरुआत और आखिर वाला हिस्सा स्क्रिप्टेड होता है। बाकी पूरा शो कंटेस्टेंट्स के साथ उसी समय होने वाली बातचीत पर चलता है'। वह बताते हैं, 'हमें पहले से नहीं पता होता कि हॉट सीट पर कौन पहुंचेगा। इसलिए हर एपिसोड से पहले हम करीब 10 कंटेस्टेंट्स की प्रोफाइल और उनकी जिंदगी की कहानियां तैयार रखते हैं। अमित जी उन सभी को पढ़ते हैं, समझते हैं और पूरी तरह आत्मसात कर लेते हैं। जब कोई कंटेस्टेंट हॉट सीट पर आता है, तो वह उसी के संघर्ष और जिंदगी के मुताबिक उससे बातचीत करते हैं। यही बात उन्हें बाकी टीवी होस्ट्स से अलग बनाती है'। अरुण के मुताबिक, अमिताभ बच्चन की सबसे बड़ी खूबी यह है कि वह सामने बैठे कंटेस्टेंट की घबराहट और बॉडी लैंग्वेज तुरंत पकड़ लेते हैं। 'अगर उन्हें लगता है कि कंटेस्टेंट घबराया हुआ है या अपनी बात खुलकर नहीं कह पा रहा है, तो वह पहले उसे सहज करते हैं। उसकी बॉडी लैंग्वेज पढ़ते हैं, उसका हौसला बढ़ाते हैं और फिर उसे अपनी जिंदगी की कहानी बताने के लिए प्रेरित करते हैं।

परेशान होने वाली बात थी : आकांक्षा

नई दिल्ली। शो 'लॉकअप 2' में आते ही आकांक्षा चमोला ने बताया कि वह टीवी अभिनेता गौरव खन्ना से तलाक ले रही हैं। आगे चलकर उन्होंने कहा कि वह लड़कियों के प्रति भी आकर्षित रहती हैं। अभिनेत्री का यह राज सामने आने पर हंगामा खड़ा हो गया। इसी बारे में हाल ही में 'लॉकअप 2' से बाहर आने के बाद आकांक्षा चमोला ने बात की। उन्होंने बताया कि परिवार उनसे काफी नाराज है। जब शो 'लॉकअप 2' से आकांक्षा चमोला बाहर हुई थीं तो उनसे अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश ने सवाल-जवाब किए थे। यह शो का ही कॉन्सेप्ट था, जिसमें तेजस्वी प्रतियोगी से कई सवाल पूछती हैं। तेजस्वी से बातचीत के दौरान ही आकांक्षा ने कहा, 'जब गौरव खन्ना शो में आए थे तो उन्होंने परिवार के बारे में कुछ ऐसा बताया था जो कि परेशान होने वाली बात थी।



अनिल लेकर आए नया गेम शो जल्द शुरू होगा इंडिया के टॉप 1%

नई दिल्ली। अभिनेता अनिल कपूर जल्द ही एक रियलिटी शो होस्ट करते नजर आएंगे। इस शो का नाम है 'इंडिया के टॉप 1%'। जल्द रिलीज होने जा रहा इस शो में किताबी ज्ञान की जगह प्रतिभागियों का लॉजिक टेस्ट किया जाएगा। गेम शो 'इंडिया के टॉप 1%' लॉन्च करते हुए अनिल कपूर ने कहा, 'मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि 'इंडिया के टॉप 1%' का प्रीमियर 5 सितंबर को होगा। मजेदार बात यह है कि इस शो को दर्शक घर बैठे-बैठे भी खेल सकते हैं। इस गेम शो से लोगों को परिवार के साथ वक्त बिताने का भी मौका मिलेगा।' गेम शो पर बात करते हुए अनिल कपूर ने बताया, 'यह एक ऐसा शो है जो आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। यह आपको चौंका देगा और सतर्क भी करेगा। यहां सिर्फ आपका ज्ञान काम नहीं आएगा, यह आपके सोचने के तरीका भी परखेगा। यहां हर चुनौती आपकी तर्कशक्ति, सूझबूझ और दबाव में शांत रहने की क्षमता की परीक्षा लेती है।'

दुनियाभर में हासिल की सफलता

बता दें इस शो का मूल 'द 1% क्लब' से आया है। इस शो ने दुनियाभर में सफलता हासिल की है। नीदरलैंड, जर्मनी, स्पेन, ग्रीस, ऑस्ट्रेलिया, इजराइल, तुर्की, यूक्रेन, मैक्सिको और यूएसए जैसे देशों में दर्शकों ने इस गेम को काफी पसंद किया। अब भारत में यह शो 'इंडिया के टॉप 1%' के नाम से प्रसारित किया जाएगा। शो 5 सितंबर से स्टारप्लस पर प्रसारित होगा और साथ ही जियो हॉट स्टार पर भी इसे स्ट्रीम किया जाएगा।

14 अगस्त को थिएटर में होने वाला है धमाका एक साथ रिलीज हो रहीं ये चार फिल्में

नई दिल्ली। 15 अगस्त के मौके पर रिलीज हुई फिल्मों को अक्सर लॉन्ग वीकेंड और फेस्टिव हॉलिडे का फायदा होता है। ऐसे में आने वाले दिनों में बॉक्स ऑफिस पर कुछ शानदार फिल्में दस्तक देने वाली हैं। सरकारी छुट्टी और फिर इन फिल्मों का धमाका मेकर्स को अच्छी ओपनिंग दे सकता है। पिछले कुछ सालों में 15 अगस्त के मौके पर रिलीज हुई फिल्मों को जबरदस्त फायदा हुआ है। ऐसे में आने वाले हफ्ते में रिलीज होने वाली ये चार फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर सकती हैं। 14 अगस्त को रिलीज होने वाली फिल्मों की लिस्ट ये रही।

बंटवारा 1947

आमिर खान के प्रोडक्शन में बनी फिल्म बंटवारा 1947 इस हफ्ते की सबसे बड़ी फिल्म मानी जा रही है। फिल्म में सनी देओल लीड हीरो है। कहानी एक ऐसे मुसलमान की है जिसे बंटवारे के बाद भारत से पाकिस्तान जाना पड़ता है। इस फिल्म में शबाना आजमी एक हिंदू पाकिस्तानी महिला के किरदार में हैं। प्रीति जिंटा, करण देओल, अली फजल जैसे एक्टर्स ने फिल्म में अहम किरदार निभाए हैं। ये फिल्म आने वाले शुक्रवार यानी 14 अगस्त को थिएटर में दस्तक देगी।

आवारापन 2

इमरान हाशमी की फिल्म आवारापन 2 सनी देओल को टक्कर देने आ रही है। इमरान हाशमी एक बार फिर अपने पुराने वाले अवतार में हैं और उन्हें इस अंदाज में वापस देखना उनके फैंस को पसंद आ रहा है। फिल्म 14 अगस्त को रिलीज होने वाली है।

द एंड ऑफ ओक स्ट्रीट

14 अगस्त को एम अमेरिकन साइंस फिक्शन फिल्म द एंड ऑफ ओक स्ट्रीट भी रिलीज ही रही है। फिल्म में ऐनी हाथवे, एवान म्क्ग्रेगोर, मैसी स्टेला और क्रिस्चियन कांवेरी शामिल है। इस मजेदार फिल्म को थिएटर पर देखने का इंतजार हो रहा है।

विश्वनाथ एंड संस

14 अगस्त को तमिल-तेलुगू ड्रामा फिल्म विश्वनाथ एंड संस रिलीज हो रही है। फिल्म की कहानी 40 साल के ओलिंपिक लेवल शूटर की जिंदगी के बारे में है। एक इमोशनल जर्नी, रिश्तों में फंसे किरदार के इर्दगिर्द रची गई है। फिल्म में सूर्या ने लीड रोल निभाया है।

स्पाइडर मैन से लेकर द ऑब्सेशन तक

भारतीय बॉक्स ऑफिस पर हॉलीवुड का दबदबा, 2026 में इन फिल्मों की हुई चांदी

नई दिल्ली। टॉम हॉलैंड अभिनीत हॉलीवुड फिल्म 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' इस वक्त भारतीय सिनेमाघरों में अपना दबदबा बनाए हुए है, कई बॉलीवुड और साउथ की फिल्में इसके आगे टिक नहीं पा रही है। लेकिन यही अकेली हॉलीवुड फिल्म नहीं है, जो इस साल भारतीय सिनेमाघरों में रंग जमा पाई है, इससे पहले भी कई हॉलीवुड फिल्म ने बढ़िया कमाई की है। इन हॉलीवुड फिल्मों की कमाई अब तक रिलीज हुई कई बॉलीवुड फिल्मों से ज्यादा रही। यहां जानिए, इस साल रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्मों ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कितना कलेक्शन था।

स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे 350 करोड़ पार

एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म 'स्पाइडर-मैन-ब्रांड न्यू डे' ने पहले दिन 60.60 करोड़ रुपए से अपना खाता भारतीय बॉक्स ऑफिस पर खोला था। वहीं, पहले हफ्ते में इसने कुल 334.75 करोड़ रुपए कमाए लिए थे। रिलीज के 10वें दिन इसने कुल 358.13 करोड़ रुपए कमाए लिए हैं। इस वक्त यह फिल्म 'अवतार 2' के लाइफटाइम कलेक्शन को पार करने की तरफ बढ़ रही है।

द ओडिस का भी जादू बरकरार

क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'द ओडिसी'रिलीज से पहले ही भारतीय दर्शकों के बीच चर्चा में थी। यह फिल्म जब दुनिया भर के अलावा भारत में रिलीज हुई तो इसने अच्छी शुरुआत की। फिल्म ने पहले दिन 17.40 करोड़ रुपए भारत में कमाए थे। वहीं पहले हफ्ते में 90.30 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया था। रिलीज के 22वें दिन भी इस फिल्म ने 2.83 करोड़ रुपए बटोर लिए हैं। अब तक फिल्म की कुल कमाई 161.15 करोड़ रुपए हो चुकी है। फिल्म में मैट डेमन, टॉम हॉलैंड, एनी हैथवे लीड रोल में नजर आए हैं।

छोटे बजट की ऑब्सेशन ने भी खूब कमाया

ऑब्सेशन एक सुपरनैचुरल साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्म थी, जो मई महीने में रिलीज हुई। इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन धीमी शुरुआत की थी। ओपनिंग डे पर 1.75 करोड़ रुपए ही कमाए थे। धीरे-धीरे करी फिल्म ने अपने कलेक्शन में इजाफा किया, एक हफ्ते में 18.55 करोड़ रुपए कमाए। फिल्म ने भारत में कुल 84.85 करोड़ रुपए की कमाई की थी।

डेविल वियर्स प्राडा 2 को भी मिला दर्शकों का प्यार

डेविड फ्रैंकल निर्देशित 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' में एनी हैथवे और मेरिल स्ट्रीप जैसी हॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्रियां नजर आईं। इस फिल्म ने भारत में पहले दिन 3.80 करोड़ रुपए कमाए, वहीं पहले हफ्ते में 18.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म ने कुल 23.90 करोड़ रुपए भारतीय बॉक्स ऑफिस पर बटोरे थे।

माइकल का भी बढ़िया रहा कलेक्शन

माइकल फिल्म के निर्देशक एंटोनी फुक्वा हैं। इसमें जाफर जैक्सन ने मशहूर सिंगर और डांसर माइकल जैक्सन का रोल निभाया था। इस फिल्म ने भी भारत में अच्छी कमाई की। पहले दिन फिल्म ने 1.7 करोड़ रुपए कमाए थे। फिल्म ने एक हफ्ते में 26.05 करोड़ रुपए बटोर लिए थे। वहीं, फिल्म की कुल कमाई भी 71.09 करोड़ रुपए रही।

प्रोजेक्ट हेल मेरी पर भी बरसे नोट

रयान गोसलिंग अभिनीत इस फिल्म ने भी पहले दिन भारत में 2.50 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। फिल लॉर्ड और क्रिस्टोफर मिलर निर्देशित इस फिल्म ने पहले हफ्ते में 14 करोड़ रुपए अपने खाते में जमा किए। वहीं, फिल्म का कुल कलेक्शन भारत में 75.097 करोड़ रुपए रहा। इस फिल्म का प्रमोशन ऋतिक रोशन ने भी किया था।

हुड़दंगियों पर पुलिस की रहेगी पैनी निगाह, पुलिस की चप्पे-चप्पे पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

पावन कनकीधाम पहुंचने वाले कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले में सावन सोमवार को कनकीधाम पहुंचने वाले कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने विशेष तैयारी की है। धार्मिक यात्रा के दौरान हुड़दंग, तेज रफ्तार बाइक चलाने, फटे साइलेंसर से शोर करने और शराब के नशे में वाहन चलाने वालों पर पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष पेट्रोलिंग टीम तैनात करने के साथ संवेदनशील मार्गों और प्रमुख चौक-चौराहों पर अतिरिक्त बल लगाया जाएगा।

सावन सोमवार से पहले रविवार शाम से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु कनकीधाम की ओर रवाना होने लगते हैं। कई श्रद्धालु पैदल तो कई वाहन और समूहों के साथ कांवड़ लेकर बोल बम के जयकारे लगाते हुए यात्रा करते हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस ने यातायात व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों को मजबूत करने की तैयारी की है। पुलिस पेट्रोलिंग टीम प्रमुख मार्गों पर लगातार गश्त करेगी।

बाइकर्स ने उत्पात मचाया तो खैर नहीं

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले वर्षों में सावन सोमवार के दौरान कुछ बाइकर्स द्वारा तेज रफ्तार, फटे साइलेंसर और तेज आवाज वाले डीजे के जरिए उत्पात मचाने की शिकायतें सामने आई थीं। ऐसे मामलों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कई लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने, मारपीट, छेड़छाड़ या अशांति फैलाने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

हिंदू नारायणी सेना ने सौंपा ज्ञापन

सावन सोमवार के दौरान श्रद्धालुओं को होने वाली कथित परेशानियों को लेकर हिंदू नारायणी सेना के प्रमुख अरविंद अग्रवाल और उनके साथियों ने कोरबा एसपी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि कनकीधाम जाने वाले मार्ग पर कुछ असामाजिक तत्व श्रद्धालुओं के साथ अभद्रता, छेड़छाड़ और मारपीट करते हैं। संगठन ने तेज आवाज वाले डीजे और फटे साइलेंसर वाली बाइकों से होने वाले शोर पर भी रोक लगाने की मांग की है। संगठन की ओर से मांग की गई कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने कनकीधाम जाने वाले मार्गों पर भीड़ और यातायात को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त बल तैनात करने का निर्णय लिया है। संवेदनशील स्थानों पर पुलिसकर्मियों की मौजूदगी के साथ विशेष पेट्रोलिंग की जाएगी। पुलिस का कहना है कि श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था और यात्रा की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि आस्था की आड़ में कानून तोड़ने या दूसरे लोगों के लिए परेशानी खड़ी करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

मोबाइल बरामद, करीब चार माह बाद पकड़ाया आरोपी

अकेली युवती के साथ मारपीट कर मोबाइल लूट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

राह चलते अकेली युवती के साथ मारपीट कर मोबाइल लूटने के मामले में कोरबा पुलिस ने चार महीने बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से लूटा गया रियलमी कंपनी का मोबाइल भी बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि 30 मार्च 2026 की रात करीब 09:30 बजे पीड़िता पूनम राय, पिता धिरेन्द्र राय, उम्र 24 वर्ष, निवासी बाल विहार स्कूल के पास पंपहाउस से अपना काम खत्म कर पैदल घर लौट रही थी। बुधवारी रेलवे क्रॉसिंग के पास अंधेरा होने का फायदा उठाकर एक अज्ञात युवक रेलवे लाइन की तरफ से आया। आरोपी ने युवती को जबरन खींचकर रेलवे पटरी की ओर ले गया और हाथ-थप्पड़ से मारपीट की। इसके बाद आरोपी ने प्रार्थिया का रियलमी कंपनी का मोबाइल फोन, जिसकी कीमत लगभग 15 हजार रुपये। छीनकर अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

सीसीटीवी कैमरों को खंगालने पर

मामले की गंभीरता को देखते हुए विवेचना के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया। फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान बुधवारी बाजार जैन मंदिर के पीछे बस्ती निवासी रामा सोरी, पिता बंशी सोरी, उम्र 29 वर्ष के रूप में हुई। आरोपी घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। 9 अगस्त को पुलिस टीम ने आरोपी रामा सोरी को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने मारपीट कर मोबाइल लूटने की बात स्वीकार की।

केंद्रीय मंत्री बोले, ब्रिक्स अध्यक्षता के अंतर्गत संस्कृति कार्य समूह की बैठकों का सुव्यवस्थित क्रम हुआ आयोजित

ब्रिक्स सम्मेलन में आए देशों के बीच व्यावहारिक दीर्घकालिक सहयोग का रास्ता खुलेगा: शेखावत

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि भोपाल में आयोजित हुआ ब्रिक्स सांस्कृतिक सम्मेलन इसमें शामिल देशों के बीच व्यावहारिक और दीर्घकालिक सहयोग का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के अंतर्गत संस्कृति कार्य समूह की बैठकों का एक सुव्यवस्थित क्रम आयोजित किया गया।

इसके अंतर्गत पहली ब्रिक्स संस्कृति कार्य समूह की बैठक 29–30 अप्रैल को वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई, दूसरी बैठक 4–5 जून को वाराणसी में और तीसरी बैठक 5–6 अगस्त को भोपाल में आयोजित की गई। इन बैठकों के गहन विचार-विमर्श का समापन 8 अगस्त को भोपाल में आयोजित 11वीं ब्रिक्स संस्कृति मंत्रियों की बैठक के साथ हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से 'भोपाल घोषणा पत्र' को पारित किया गया। शेखावत भोपाल में सम्मेलन के समापन के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी मौजूद थे।

सम्मेलन प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक अवसर: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

खास बातें

- भोपाल घोषणा पत्र से वैश्विक सांस्कृतिक सहयोग को मिलेगी नई दिशा
- पहली बैठक वर्चुअल, दूसरी वाराणसी और तीसरी बैठक भोपाल में की गई आयोजित

सीएम और केंद्रीय संस्कृति मंत्री ने ब्रिक्स मीटिंग के बाद प्रेस ब्रीफिंग की।

ब्रिक्स राष्ट्रों के बीच प्रगाढ़ हुई सांस्कृतिक साझेदारी

सीएम ने कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में ब्रिक्स संस्कृति मंत्रियों और संस्कृति कार्य समूह की बैठकों के समापन अवसर पर मीडिया प्रतिनिधियों से बात करते हुए कहा कि न केवल ब्रिक्स राष्ट्रों के बीच सांस्कृतिक साझेदारी प्रगाढ़ हुई है, बल्कि मध्यप्रदेश के पर्यटन, हस्तशिल्प और लोक कलाओं को भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान मिली। ब्रिक्स देशों के संस्कृति मंत्रियों एवं वैश्विक प्रतिनिधियों का सम्मेलन संपूर्ण राज्य के लिए अत्यंत गर्व और गौरव का विषय है।

आयोजन का साक्षी और मेजबान बनकर गौरवान्वित हुआ मप्र

सीएम ने कहा कि भारत की यह प्राचीन अवधारणा विश्व शांति, सद्भाव और वैश्विक कल्याण की पक्षधर रही है। मप्र इस आयोजन की मेजबानी कर गौरवान्वित हुआ है। मप्र की आध्यात्मिक चेतना, ऐतिहासिक स्थापत्य कला और जनजातीय विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि सभी विदेशी मेहमानों को राज्य की समृद्ध कला-संस्कृति, विशिष्ट व्यंजनों और आत्मीय आतिथ्य का एक अलौकिक अनुभव प्राप्त हुआ है।

मुख्यमंत्री ने किया स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने ब्रिक्स देश के प्रतिनिधियों और अन्य डेलिगेट्स का स्वागत और अभिनंदन किया। उन्होंने केंद्रीय संस्कृति मंत्री शेखावत का स्वागत किया और उनके प्रति केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा इस अभिनव आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। भोपाल में सम्मेलन के दौरान 6 और 7 अगस्त को भोपाल में 'ब्रिक्स संस्कृति महोत्सव' का भी भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बेलारूस, ब्राजील, इंडोनेशिया, रूस, संयुक्त अरब अमीरात और भारत के कलाकारों ने अपनी-अपनी पारंपरिक एवं लोक कलाओं की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण मध्यप्रदेश शासन के सहयोग से प्रस्तुत की गई 'अमृतस्य मध्यप्रदेश' नृत्य नाटिका रही। 35 मिनट की इस भव्य प्रस्तुति में 125 से अधिक कलाकारों ने भाग लिया।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ा

सोने का हार बताकर लगाया 10 हजार रुपये का चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

नगरनार थाना क्षेत्र के ग्राम मंगनपुर निवासी एक युवक को दो युवकों ने पीतल के हार को सोने का बताकर 10 हजार रुपये की ठगी कर ली। युवक को ठगी का पता तब चला, जब वह हार की जांच कराने के लिए सुनार के पास पहुंचा। ठगी का शिकार होने के बाद युवक ने पुलिस में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

मामले की जानकारी देते हुए नगरनार थाना प्रभारी ने बताया कि सात अगस्त को प्रार्थी लिंगेश्वर सेठिया निवासी मंगनपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि छह अगस्त की सुबह करीब आठ बजे वह काम से जगदलपुर जाने के लिए निकल ही रहा था। उसी समय दो व्यक्ति उसके घर पहुंचे। इनमें से एक ने अपना

नाम मोहन लाल बताया और खुद को भिलाई-दुर्ग का रहने वाला बताया। दोनों ने पैसों की जरूरत होने की बात कहते हुए पांच लाख रुपये का सोने का हार दिखाया और उसे बेचने की बात कही। प्रार्थी ने पहले पैसों का इंतजाम नहीं होने की बात कही। लेकिन जब आरोपी मोहन लाल ने अपना हार उसके पास रखने और 10 हजार रुपये देने की बात कही और बताया कि उसे अपने रिश्तेदार को रायपुर पैसे भेजने हैं, तो पीड़ित ने बिना सोनार की दुकान पर हार की जांच कराए मोहन को 10 हजार रुपये दे दिए और हार अपने पास रख लिया।

नकदी सहित अन्य सामग्री जब्त

इसके बाद पीड़ित हार को लेकर सोनार की दुकान पर पहुंचा और उसकी जांच कराई। जांच में हार मिक्स पीतल का निकला। आरोपियों द्वारा नकली सोने के हार को असली सोने का हार बताकर 10 हजार रुपये की ठगी करने की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए आरोपी मोहन लाल सोलंकी निवासी नेहरू चौक, चरौदा, थाना निलाई-3, जिला दुर्ग और मोहन राय निवासी हथनीपारा वार्ड, भाटापारा, जिला बलौदाबाजार को पकड़कर पूछताछ की।

नारनौल से गूंजा नशामुक्त हरियाणा का संदेश, तिरंगा लेकर दौड़े युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर के नूनी शेखपुरा मोड़ पर रविवार को यूथ मैराथन एवं तिरंगा यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। तिरंगा हाथों में लेकर बड़ी संख्या में युवाओं और नागरिकों ने मैराथन में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और स्वयं पांच किलोमीटर दौड़ में शामिल होकर युवाओं का उत्साह बढ़ाया। आयोजन के माध्यम से नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवन अपनाने और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जब प्रदेश के युवा सुबह-सुबह हाथ में तिरंगा लेकर दौड़ने

निकलते हैं तो यह केवल विकास नहीं, बल्कि जागरूकता, राष्ट्रभक्ति और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ते कदम का प्रतीक है। विकसित भारत की सुंदर तस्वीर हाथ में तिरंगा, जीवन में खेल और मन में नशामुक्त भारत के संकल्प से बनती है। उन्होंने कहा कि मैराथन केवल कुछ किलोमीटर की दौड़ नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन और नशे के अंधकार से उजाले की ओर बढ़ने का संकल्प है। नारनौल की धरती से पूरे हरियाणा में यह संदेश जाना चाहिए कि नशा जीवन को समाप्त करता है, जबकि खेल जीवन को संवारता है।

महिला वर्ग में भारती और पुरुष वर्ग में मोहित प्रथम

मुख्यमंत्री ने 10 किलोमीटर मैराथन के महिला वर्ग में प्रथम स्थान हासिल करने वाली भारती को एक लाख रुपये, द्वितीय सोनिका को 50 हजार और तृतीय स्थान पर रही नीता रानी को 25 हजार रुपये की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। पुरुष वर्ग में प्रथम मोहित, द्वितीय गौरव और तृतीय शुभम रहे। पांच किलोमीटर पुरुष वर्ग में प्रथम केशव, द्वितीय अमित और तृतीय साहिल को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। महिला वर्ग में प्रथम कोमल, द्वितीय आरती और तृतीय जागृति को भी मोमेंटो प्रदान किए गए।

पंजाब के समाना में गूंजा गोसेवा का संदेश

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब के पटियाला जिले के समाना की पावन धरती पर आयोजित गो कथा और गो माता की सेवा का कार्यक्रम भारत की महान आध्यात्मिक एवं सनातन परंपरा का भव्य साक्षी है। हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित यह समारोह आस्था, सेवा परंपरा और साझी सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत संगम है। इस अवसर पर गोसेवा समिति, एडवोकेट एसोसिएशन सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने मुख्यमंत्री का स्मृति चिह्न और शॉल भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले हरियाणा में केवल 200 गोशालाएं थीं और उनका वार्षिक बजट महज दो करोड़ रुपये था। वर्तमान सरकार ने गोसंरक्षण को प्राथमिकता देते हुए गोशालाओं की संख्या बढ़ाकर 650 कर दी है और बजट को बढ़ाकर 600 करोड़ रुपये किया गया है। इन गोशालाओं में चार लाख से अधिक बेसहारा गोवंश का पालन-पोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गोवंश को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश की 350 गोशालाओं में बड़े शेड और सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए गए हैं।

सांसद शर्मा ने यातायात व्यवस्था सुधारने पुलिस कमिश्नर से की महत्वपूर्ण चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुराने भोपाल के बाजारों में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण को लेकर भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने शनिवार को पुलिस कमिश्नर संजय कुमार के साथ बैठक की।

बैठक में भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स सहित विभिन्न व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों ने बाजार क्षेत्रों में लगातार लगने वाले जाम, अनावश्यक बैरिकेडिंग, अतिक्रमण और यातायात से जुड़ी अन्य समस्याओं से सांसद को अवगत कराया। व्यापारियों ने मोती मस्जिद के समीप की गई बैरिकेडिंग के कारण बाजारों में आवागमन प्रभावित होने की समस्या प्रमुखता से रखी। इस पर सांसद आलोक शर्मा ने पुलिस कमिश्नर से कहा कि मोती मस्जिद से सदर मंजिल की ओर जाने वाले मार्ग पर की गई अनावश्यक बैरिकेडिंग को हटाया जाए, ताकि आम नागरिकों और व्यापारियों को आवागमन में परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए विपरीत दिशा में वाहन चलाने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए।

छह साल से परीक्षा-रिजल्ट और छात्रवृत्ति का इंतजार

धरने पर बैठे नर्सिंग छात्रों ने कहा: छह-सात साल बाद भी अंतिम वर्ष की नहीं हुई परीक्षा

नर्सिंग काउंसिल कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे नर्सिंग छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नर्सिंग छात्रों की लंबित परीक्षाओं, अटके परीक्षा परिणाम और करीब छह साल से छात्रवृत्ति नहीं मिलने के विरोध में एनएसओ छात्र संगठन ने नर्सिंग काउंसिल कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है। संगठन ने नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता में कथित फर्जीवाड़े की जांच, जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई, लंबित परिणाम जारी करने और परीक्षाएं कराने की मांग की है। संगठन के संस्थापक गोपाल पाराशर ने कहा कि सैकड़ों छात्रों की पढ़ाई पूरी होने के बावजूद उनकी डिग्री अधर में लटकी है।

कई छात्रों की अंतिम वर्ष की परीक्षा तक नहीं हो पाई है, जबकि पुराने वर्षों के परीक्षा परिणाम भी लंबित हैं। उनका कहना है कि छात्र लगातार अपने भविष्य को लेकर परेशान हैं, लेकिन सरकार और संबंधित विभाग की ओर से समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया जा रहा।

रिजल्ट घोषित करो, परीक्षा कराओ, वरना विधानसभा घेरेंगे

धरने पर बैठक नर्सिंग छात्र आनंद पटेल और पप्पू कुमार ने चेतावनी दी कि सभी लंबित परिणाम तत्काल घोषित कर आगामी परीक्षाएं कराई जाएं और छात्रों की डिग्री में और देरी न की जाएं। संगठन ने चेतावनी दी है कि मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो धरने के साथ भूख हड़ताल शुरू की जाएगी।

छात्रवृत्ति अटकी, एससी-एसटी, ओबीसी छात्र परेशान

छात्र संगठन ने आरोप लगाया कि नर्सिंग पाठ्यक्रम के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को पिछले करीब छह वर्षों से छात्रवृत्ति नहीं मिली है। संगठन ने सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को भी छात्रवृत्ति के दायरे में शामिल करने की मांग उठाई है।

योजनाओं के हिंदी संस्करण-ब्रेल लिपि में गाइड का किया विमोचन

नालसा की शिक्षा स्कीम और थीम सॉन्ग को इंडियन साइन लैंग्वेज में किया लॉन्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने नालसा की शिक्षा स्कीम तथा नालसा के थीम सॉन्ग को इंडियन साइन लैंग्वेज में लॉंच किया। कॉन्फ्रेंस में नालसा के थीम सॉन्ग का प्रदर्शन कर इसकी योजनाओं के हिंदी संस्करण और ब्रेल लिपि में गाइड का विमोचन किया गया।

मौजूद सभी अतिथियों ने 'जस्टिस टू चिल्ड्रन लिटिगेशन फेलोशिप प्रोग्राम' तथा मध्यस्थता पर सर्टिफिकेट कोर्स - विवाद से सहमति की ओर का भी शुभारंभ किया। केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुनराम मेघवाल सहित अन्य न्यायमूर्तियों ने कॉन्फ्रेंस में आयोजकों की ओर से तैयार की गई 'न्याय के स्वर' नामक पुस्तक का विमोचन किया।

जस्टिस टू चिल्ड्रन लिटिगेशन फेलोशिप प्रोग्राम तथा मध्यस्थता पर सर्टिफिकेट कोर्स का किया गया शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ करते सीजेआई व सीएम।

हम सभी एक समान संवैधानिक उद्देश्य से साथ जुड़े होते हैं

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि नालसा के संवाद और चर्चा के लिए कार्यक्रमों से राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला और तहसील स्तर की संस्थाएं जुड़ी हैं। हमारे पैरा लीगल वॉलेंटियर सामाजिक व्यवस्था के सबसे करीब होते हैं। वेस्ट जोन में विधिक सेवाओं का विस्तार मप्र के जनजातीय समुदाय, गोवा के मछुआरा समुदाय, गुजरात के माइग्रेंट वर्कर और मुंबई में रहने वाली किसी महिला के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार कोई डॉक्टर, किसी मरीज से बात करके उसकी परेशानियों को समझता है। उसी प्रकार समुदायों की समस्या को जानने-समझने के लिए हमें संवाद का सहारा लेना चाहिए।

निराकरण करने के लिए 4 फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना की है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवा पीढ़ी के लिए प्रतिबद्धता दिखाते हुए हमने पेपर लीक, धोखाधड़ी के मामले में तेजी से निराकरण करने के लिए 4 फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्च न्यायालय, जबलपुर के विशेष सहयोग से सरकार की ओर से 24 घंटे में ही इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर में फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि हमने अंग्रेजों के दौर के अनेक गैर-जरूरी कानूनों को समाप्त कर न्याय को सुलभ और सरल बनाया है। हमारे लिए आधुनिक समय में ई-केस फाइलिंग, वर्चुअल सुनवाई, डिजिटल डेटा संग्रह, आधुनिक न्याय प्रबंधन जैसी न्याय प्रणाली लागू की गई है।

नालसा की शिक्षा स्कीम न्याय की पहुंच को जन-जन तक पहुंचाने में सहायक

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने कहा कि नालसा की शिक्षा स्कीम और साइन लैंग्वेज में थीम सॉन्ग न्याय की पहुंच को जन-जन तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के हिंदी संस्करण और ब्रेल लिपि में गाइड का विमोचन दृष्टि बाधितों के लिए न्याय की आस बनकर सामने आएगा।

चिंतन

सीमा सुरक्षा के साथ सतर्कता भी जरूरी

भारत-पाकिस्तान सीमा पर अमृतसर के दाउके गांव में घुसपैठिए को बीएसएफ द्वारा मार गिराए जाने की घटना एक बार फिर याद दिलाती है कि सीमा सुरक्षा में छोटी-सी चूक भी बड़ी चुनौती का रूप ले सकती है। कंटीली तार के पास संदिग्ध गतिविधि, जवानों की सतर्कता, चेतावनी और उसके बाद हुई फायरिंग पूरी घटना बताती है कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा बलों को हर समय सतर्कता बरतनी पड़ती है। सीमा पर यह घटना ऐसे समय हुई है, जब पाकिस्तान अपनी सैन्य क्षमताओं को तेजी से आधुनिक बनाने में जुटा है। रिपोर्टों के मुताबिक, पाकिस्तान ने भारत से लगे इलाकों में चीन निर्मित एसएच-15 व्हील्ड सेल्फ-प्रोपेल्ड होवित्जर तैनात किए हैं। इनकी संख्या करीब 250 बताई जा रही है, हालांकि इस तैनाती की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन यदि यह आकलन सही है तो इसे केवल हथियारों की खरीद का मामला मानना उचित नहीं होगा। यह चीन और पाकिस्तान के बीच गहरे होते सैन्य एवं रणनीतिक सहयोग का एक और गंभीर संकेत है। एसएच-15 स्वचालित तोप ट्रक चेसिस पर आधारित है और शूट एंड स्कूट क्षमता के कारण गोलीबारी के बाद तेजी से स्थान बदल सकती है। इससे जवाबी गोलाबारी का जोखिम कम होता है। लंबी दूरी तक मार करने वाली ऐसी प्रणालियां सीमा के पास तैनात होने पर किसी भी सैन्य संकट में दोनों पक्षों के लिए प्रतिक्रिया का समय घटा सकती हैं। यही वह पहलू है, जिसे भारत को गंभीरता से देखना चाहिए। चीन-पाकिस्तान सैन्य सहयोग की कहानी नई नहीं है। चीन के लिए पाकिस्तान एक रणनीतिक साझेदार होने के साथ-साथ उसके रक्षा उद्योग के लिए महत्वपूर्ण बाजार भी है, जबकि पाकिस्तान को अपेक्षाकृत कम लागत पर सैन्य आधुनिकीकरण और पश्चिमी देशों पर निर्भरता घटाने का अवसर मिलता है। भारत के लिए चुनौती इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि उसे एक साथ दो सीमाओं पर रणनीतिक परिस्थितियों पर नजर रखनी पड़ती है। पाकिस्तान की बढ़ती आर्टिलरी क्षमता, रॉकेट सिस्टम और अन्य सटीक मारक हथियारों के साथ चीनी तकनीक का मेल भविष्य के किसी संकट में सैन्य गणित को प्रभावित कर सकता है। अमृतसर की घटना इस बड़े परिदृश्य का जमीनी पहलू सामने रखती है। सीमा पर केवल भारी हथियारों की चुनौती नहीं है, बल्कि घुसपैठ, तस्करी, ड्रोन और संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी भी उतनी ही जरूरी है। इसलिए सीमा सुरक्षा को केवल जवानों की संख्या या हथियारों तक सीमित नहीं रखा जा सकता। आधुनिक सेंसर, ड्रोन निगरानी, कैमरा नेटवर्क, बेहतर खुफिया तंत्र और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच तेज सूचना-साझाकरण को और मजबूत करना होगा। भारत को पाकिस्तान की हर गतिविधि पर प्रतिक्रिया देने के बजाय अपनी निवारक क्षमता को इतना मजबूत करना होगा कि किसी भी संभावित दुस्साहस की कीमत स्पष्ट हो। साथ ही, संदिग्ध घुसपैठ की घटनाओं में सख्त कार्रवाई के साथ निष्पक्ष और तथ्यात्मक जांच भी जरूरी है। चीन-पाकिस्तान का बढ़ता सैन्य तालमेल भारत के लिए निश्चित रूप से सतर्क रहने का संकेत है, लेकिन इसे अनावश्यक भय का कारण बनाना भी उचित नहीं। भारत की वास्तविक ताकत उसकी तकनीकी क्षमता, स्वदेशी रक्षा उत्पादन, खुफिया तैयारी और त्वरित प्रतिक्रिया में है। सरहद पर चौकसी जितनी जरूरी है, उतनी ही जरूरी दूरदर्शी रणनीति भी है। सीमा की सुरक्षा केवल कंटीली तार से नहीं, बल्कि मजबूत निगरानी, आधुनिक तकनीक और हर संभावित खतरे के लिए तैयार रणनीति से सुनिश्चित होगी।

मेटा पर सख्ती

डॉ. मोनिका शर्मा

सुरक्षा-सम्मान से जुड़ी जवाबदेही लेनी होगी

मौजूदा दौर में हर मोर्चे पर डिजिटल होते जीवन में भी वर्चुअल प्लेटफॉर्म्स नियमों से परे नहीं हो सकते। विशेषकर नागरिकों और देश की सुरक्षा के मामले में कोई समझौता नहीं किया जा सकता। हाल ही में भारत सरकार ने मेटा के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में यही बात स्पष्ट रूप कही है कि देश में काम करने वाले सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म को भारतीय कानूनों का पालन करना होगा। ध्यातव्य है कि सरकार द्वारा मेटा कंपनी से एआई, डीपफेक, बाल यौन शोषण सामग्री और कंटेंट मॉडरेशन पर भी जवाब मांगा गया है। आईटी नियमों को और सख्त करने का प्रस्ताव रखने के साथ ही कई अहम मुद्दों पर विस्तार से हुई चर्चा के बाद मेटा ने यह भी स्वीकार किया कि बहुत सारा गैरकानूनी कंटेंट प्रमोट किया गया और खास ऑडियंस के लिए पेड प्रमोशन किए गए। ज्ञात हो कि इन्हीं दिनों फेसबुक और इंस्टाग्राम की मनमानियों पर अमेरिकी अदालत ने भी एक अहम निर्णय दिया है। बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य से खिलवाड़ और सुरक्षा में गंभीर चूक के बाद मेटा को अरबों रुपये का हर्जाना भरने का आदेश दिया गया है। यह सख्त निर्णय इस कंपनी द्वारा अपने फायदे के लिए बच्चों की सुरक्षा, गोपनीयता और मानसिक सेहत को पूरी तरह दरकिनार करने के गंभीर आरोपों के बाद आया है गौरतलब है कि व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम एवं फेसबुक की मूल कंपनी मेटा ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फेसबुक पोस्ट को भी कुछ समय के लिए हटाने के साथ-साथ बच्चों के यौन शोषण वाले कंटेंट, डीपफेक और बहुत सारा पैसा लेकर कुछ खास सामग्री को बढ़ावा देने जैसी खामियों के लिए माफी मांगी है। ज्ञात हो कि जेन जी आंदोलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा युवाओं से की गई अपील वाले वीडियो संदेश मेटा ने हटा दिया था। मोदी की पोस्ट को तकनीकी समस्या (ऑटोमेटेड फ़िल्टर की त्रुटि) को इसका कारण बताकर कुछ देर बाद बहाल कर दिया था। वहीं न्यू मैक्सिको की एक शीर्ष अदालत के बाद अमेरिका में भी मेटा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क जुकरबर्ग ने सार्वजनिक रूप से गलती मानते हुए प्लेटफॉर्म पर चाइल्ड सेक्सुअल अब्यूज से जुड़ी सामग्री को रोकने में व्यवस्थागत असफलता की बात स्वीकार की है। साथ ही इस लापरवाही के लिए सुरक्षा प्रणालियों को बेहतर बनाने का आश्वासन भी दिया है। दरअसल, बात माफी मांगने से कहीं ज्यादा जवाबदेही लेने की है। इसके लिए कड़े नियम भी जरूरी हैं और मेटा कंपनी में दायित्वबोध का भाव भी। हालिया वर्षों में देश में होने वाली राजनीतिक घटनाएं हों या चर्चित चेहरों जुड़ा कंटेन्ट। बाल यौन शोषण से जुड़ी सामग्री हो या कंटेंट मॉडरेशन अपने फायदे के अनुसार नकारात्मक सामग्री को बढ़ावा देने की प्रवृत्ति स्पष्ट दिखती है। यही वजह है कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी सोशल मीडिया कंपनी मेटा को कथित पोर्नोग्राफ़ी और अनुचित आयुवर्ग से संबन्धित सामग्री अपने प्लेटफॉर्म पर दिखाने के विरुद्ध नोटिस जारी किया है। इसका सीधा सार अर्थ है कि इन प्लेटफॉर्म पर पॉक्सो कानून का उल्लंघन किया जा रहा है। ज्ञात हो कि यह नोटिस इंस्टाग्राम और फेसबुक पर चाइल्ड सेक्सुअल अब्यूज मटेरियल की श्रेणी के तहत आ सकते हैं। ज्ञात हो कि 2025 में भी सोशल मीडिया पर बच्चों के अश्लील वीडियो परोसे जाने को लेकर सरकार ने आपत्ति जताई गई थी। बावजूद इसके ऐसी सामग्री को लेकर लापरवाही जारी है। समझना मुश्किल नहीं कि हमारे देश में ही नहीं, दुनियाभर में एल्गोरिदम का खेल खेलने वाली टेक कंपनी मेटा के सभी मंचों पर मुनाफे की सोच हावी है। विचारणीय है कि हमारे देश में सोशल मीडिया पर परोसी या प्रमोट की जाने वाली सामग्री से कई चिंताएं और चुनौतियां जुड़ी हैं। भारत में अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे व्हाट्सएप पर करीब 56 करोड़, यू-ट्यूब पर करीब 50 करोड़, इंस्टाग्राम पर 48 करोड़, फेसबुक पर 40 करोड़, स्नैपचैट पर 21 करोड़ और एक्स पर 2 करोड़ से ज्यादा उपयोगकर्ता हैं। इनमें यूजर्स में युवाओं की संख्या ज्यादा है। अकेले इंस्टाग्राम पर 18 से 24 आयु वर्ग के 64 प्रतिशत युवा हैं। ऐसे में यहां साझा की जा रही सामग्री न केवल देश की बड़ी आबादी को प्रभावित करती है बल्कि सामाजिक-पारिवारिक और राजनीतिक परिवेश की दिशा से जुड़ी है। यही वजह है कि इनके नैतिक दायित्वों को याद दिलाने के साथ ही सख्त नियम बनाने और उनका पालन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक हो चला है। मेटा कंपनी के मनमानी रवैए पर केंद्र सरकार ने कहा है कि भारत में उसके जितने भी डिजिटल प्लेटफॉर्म काम कर रहे हैं, उन्हें भारतीय कानून का पालन करना ही होगा। साथ ही इस पहलू से जुड़ी चिंताओं के समाधान के लिए हर कदम उठाना होगा।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



शिक्षा के पंचतत्व

प्रो. रमेश चंद्र कुहाड़

शिक्षा संस्थानों की अभिरक्षा का पुनर्निर्माण

प्रश्नपत्र लीक, प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं तथा प्रवेश प्रक्रियाओं को लेकर उत्पन्न विवादों ने करोड़ों छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के मन में गहरी चिंता उत्पन्न की है। वर्षों की कठोर साधना, अथक परिश्रम और असंख्य सपनों का भविष्य जब कुछ क्षणों में संदेह के घेरे में आ जाता है, तब सबसे अधिक आहत विद्यार्थी नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता होती है। यह स्थिति केवल प्रशासनिक त्रुटि या तकनीकी विफलता का परिणाम नही, शिक्षा व्यवस्था की संरचना, उत्तरदायित्व और संस्थागत स्वायत्तता पर गंभीर पुनर्विचार का आह्वान भी है। इन चुनौतियों का समाधान केवल कठोर कानूनों, दंडात्मक प्रावधानों अथवा आधुनिक तकनीकी निगरानी में नहीं खोजा जा सकता।

किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके प्राकृतिक संसाधनों, आर्थिक संपन्नता अथवा तकनीकी प्रगति में नहीं, बल्कि उसकी शिक्षित, जागरूक, नैतिक और उत्तरदायी युवा पीढ़ी में निहित होती है। शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्ति के व्यक्तित्व, समाज की संस्कृति और राष्ट्र के चरित्र का निर्माण करने वाली सबसे प्रभावशाली शक्ति है। इसलिए जब शिक्षा व्यवस्था की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगते हैं, तब संकट केवल किसी परीक्षा, विश्वविद्यालय अथवा संस्था का नहीं होता; वह राष्ट्र के भविष्य, सामाजिक विश्वास और लोकतांत्रिक मूल्यों की विश्वसनीयता का संकट बन जाता है।

हाल के वर्षों में प्रश्नपत्र लीक, प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं तथा प्रवेश प्रक्रियाओं को लेकर उत्पन्न विवादों ने करोड़ों विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के मन में गहरी चिंता उत्पन्न की है। वर्षों की कठोर साधना, अथक परिश्रम और असंख्य सपनों का भविष्य जब कुछ क्षणों में संदेह के घेरे में आ जाता है, तब सबसे अधिक आहत विद्यार्थी नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता होती है। यह स्थिति केवल प्रशासनिक त्रुटि या तकनीकी विफलता का परिणाम नहीं है; यह शिक्षा व्यवस्था की संरचना, उत्तरदायित्व और संस्थागत स्वायत्तता पर गंभीर पुनर्विचार का आह्वान भी है। इन चुनौतियों का समाधान केवल कठोर कानूनों, दंडात्मक प्रावधानों अथवा आधुनिक तकनीकी निगरानी में नहीं खोजा जा सकता। स्थायी समाधान तभी संभव है, जब शिक्षा की मूल आत्मा, उसकी संस्थागत संरचना और शैक्षणिक उत्तरदायित्व को पुनः सुदृढ़ किया जाए। शिक्षा की संपूर्ण व्यवस्था पांच आधारभूत तत्व-प्रवेश, पाठ्यक्रम, पढ़ाई, परीक्षा और परिणाम पर आधारित है। यदि इनमें से कोई भी तत्व शिक्षा संस्थानों के नैतिक और शैक्षणिक नेतृत्व से बाहर चला जाता है, तो उत्तरदायित्व का स्वाभाविक क्षरण प्रारम्भ हो जाता है। उत्तरदायित्व का यह विखंडन अंततः पारदर्शिता को कमजोर करता है और वही परिस्थितियां प्रश्नपत्र लीक, अनियमितताओं तथा जनविश्वास के ह्रास जैसी समस्याओं को जन्म देती हैं। वर्तमान समय में शिक्षा व्यवस्था के अनेक महत्वपूर्ण कार्य विभिन्न बाहरी एजेंसियों के बीच विभाजित होते जा रहे हैं। प्रवेश प्रक्रिया कोई संस्था संचालित करती है, प्रश्नपत्र किसी अन्य एजेंसी द्वारा तैयार किए जाते हैं, परीक्षा किसी तीसरे तंत्र के माध्यम से आयोजित होती है और परिणाम भी कई स्तरों की बाहरी व्यवस्थाओं पर निर्भर हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में उत्तरदायित्व का स्पष्ट निर्धारण कठिन हो जाता है। जब उत्तरदायित्व बिखरता है, तब पारदर्शिता और जवाबदेही भी स्वतः कमजोर पड़ जाती है। परिणामस्वरूप किसी त्रुटि अथवा विफलता की स्थिति में दोष तो दिखाई देता है, परंतु उत्तरदायी व्यक्ति या संस्था स्पष्ट रूप से सामने नहीं आती। शिक्षा केवल परीक्षा आयोजित करने की प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है। यह शिक्षक, विद्यार्थी, पाठ्यक्रम, शोध, संवाद, मूल्यांकन और सतत बौद्धिक विकास के बीच निरंतर चलने वाली एक जीवंत प्रक्रिया है।

शिक्षक केवल विषय-विशेषज्ञ नहीं होता; वह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, चरित्र, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्माता होता है। यदि प्रवेश से लेकर परिणाम तक की संपूर्ण प्रक्रिया में शिक्षा



संस्थानों की भूमिका सीमित कर दी जाएगी, तो धीरे-धीरे उनका शैक्षणिक महत्व भी कम होने लगेगा। तब विद्यालय और विश्वविद्यालय केवल भवन बनकर रह जाएंगे, जबकि शिक्षा का वास्तविक केंद्र उनका बौद्धिक वातावरण, नैतिक संस्कृति और अकादमिक परंपरा होती है। निस्संदेह विद्यार्थियों की सुविधा, समान अवसर और राष्ट्रीय स्तर पर एकरूपता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अनेक प्रवेश प्रक्रियाओं का केंद्रीकरण किया गया है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट जैसी व्यवस्थाओं ने विद्यार्थियों का समय, श्रम और आर्थिक व्यय कम करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किंतु अनुभव यह भी दर्शाते हैं कि अनेक विश्वविद्यालयों में अपेक्षित संख्या में विद्यार्थी प्रवेश नहीं ले पा रहे हैं।

परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में सीटें रिक्त रह जाती हैं और बार-बार ओपन काउंसलिंग आयोजित करनी पड़ती है। यह केवल प्रवेश प्रक्रिया का प्रश्न नहीं, बल्कि संस्थागत उत्तरदायित्व, स्थानीय शैक्षणिक आवश्यकताओं और विश्वविद्यालयों की सक्रिय भूमिका से भी जुड़ा विषय है। अतः आवश्यकता किसी एक छोर पर खड़े होकर केंद्रीकरण या विकेंद्रीकरण का समर्थन करने की नहीं, बल्कि संतुलित और उत्तरदायी व्यवस्था विकसित करने की है। यदि राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाएं आवश्यक समझी जाती हैं, तो भी प्रवेश प्रक्रिया के अंतिम चरणों, विषय चयन, शैक्षणिक परामर्श और प्रवेश प्रबंधन में विश्वविद्यालयों की भूमिका अधिक सशक्त होनी चाहिए। इससे शिक्षा के प्रथम पंचतत्व, प्रवेश का स्वाभाविक संबंध पुनः शिक्षा संस्थानों से स्थापित होगा। इसी प्रकार यदि सरकार व्यावसायिक पाठ्यक्रमों, सिविल सेवाओं अथवा अन्य राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रवेश परीक्षाओं की व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक समझती है तो उनकी शैक्षणिक विश्वसनीयता, गोपनीयता, निष्पक्षता और शुचिता का नेतृत्व शिक्षा संस्थानों तथा अनुभवी शिक्षकों के हाथों में होना चाहिए। आधुनिक तकनीक, सूचना-प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ, प्रशासनिक अधिकारी और सुरक्षा एजेंसियां इस प्रक्रिया के आवश्यक सहयोगी अवश्य हों, किंतु परीक्षा की शैक्षणिक आत्मा का केंद्र शिक्षक ही रहना चाहिए। एक विश्वसनीय परीक्षा प्रणाली केवल तकनीकी दक्षता से निर्मित नहीं होती। उसके लिए शिक्षकों, प्रशासकों, सूचना-प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों तथा सहयोगी कर्मचारियों के समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। फिर भी उसकी शैक्षणिक विश्वसनीयता का मूल आधार शिक्षक ही होता है। शिक्षक के लिए शिक्षण केवल आजीविका नहीं, बल्कि ज्ञान, चरित्र और समाज के प्रति आजीवन नैतिक उत्तरदायित्व है। यदि हमें प्रश्नपत्र लीक जैसी घटनाओं पर स्थायी नियंत्रण स्थापित करना है, प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता पुनः स्थापित करनी है और समाज का विश्वास सुदृढ़ करना है, तो शिक्षा के पंचतत्व -प्रवेश, पाठ्यक्रम, पढ़ाई, परीक्षा और परिणाम को पुनः शिक्षा संस्थानों की अभिरक्षा, उत्तरदायित्व और नैतिक नेतृत्व में प्रतिष्ठित करना होगा।

यही शिक्षा की गरिमा, शिक्षक की प्रतिष्ठा और विद्यार्थी के उज्ज्वल भविष्य की सबसे सुदृढ़ आधारशिला है। भारत यदि ज्ञान-आधारित, नवाचारी और विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प रखता है, तो उसे शिक्षा को केवल प्रशासनिक व्यवस्था नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चरित्र निर्माण की सर्वोच्च संस्था के रूप में देखना होगा। प्रवेश, पाठ्यक्रम, पढ़ाई, परीक्षा और परिणाम- ये पांचों पंचतत्त्व तभी अपनी पूर्ण सार्थकता प्राप्त करेंगे, जब उनका संचालन उत्तरदायी, स्वायत्त और नैतिक शैक्षणिक नेतृत्व के अंतर्गत होगा। यही शिक्षा की विश्वसनीयता, शिक्षक की गरिमा, विद्यार्थी के भविष्य और राष्ट्र के ज्ञान-आधारित विकास की सबसे सुदृढ़ आधारशिला है।

(लेखक हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

जब मन अशांत हो, इष्टदेव के मंत्रों का करें जप

संकलित

दर्शन

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

कपड़े की उपयोगिता दिखावे के लिए नहीं

संकलित

प्रेरणा

संत कबीर रोज अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। कबीर जी के उपदेश सुनने एक धनी व्यक्ति भी आता था। धनी व्यक्ति कबीर दास जी से बहुत प्रभावित था। एक दिन उस धनी व्यक्ति ने देखा कि कबीर दास जी जो कुर्ता पहनते हैं, वह बहुत पुराना हो गया और कुर्ता बहुत ही सामान्य कपड़े से बना था। अगले दिन धनी व्यक्ति एक मूल्यवान कुर्ता लेकर पहुंचा और कबीर दास को उपहार में दे दिया। कुर्ता मखमल से बना था। बाहर की ओर से कुर्ता मखमली था और अंदर की ओर उसमें सामान्य कपड़ा लगा था। धनी व्यक्ति ने सोचा था कि अब कबीर दास जी उसका दिया हुआ कुर्ता पहनेंगे। अगले दिन जब वह व्यक्ति फिर से कबीर दास जी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि कबीर जी ने उल्टा कुर्ता पहना है। दरअसल, कबीर दास जी के कुर्ते का मलमल वाला हिस्सा अंदर की ओर था और बाहर सामान्य कपड़ा दिख रहा था। उस धनी व्यक्ति ने कबीर जी से पूछा कि ये आपने क्या किया? आपने तो कुर्ता उल्टा पहना है? सभी लोगों ने भी कबीर दास जी से पूछा कि कुर्ता मूल्यवान है तो आपने इसे उल्टा क्यों पहना है? कबीर जी ने कहा कि ये कुर्ता देखकर मैंने सोचा कि मखमल शरीर को स्पर्श होगा तो शरीर को ज्यादा बेहतर लगेगा, क्योंकि ये कपड़ा तो शरीर के लिए ही हैं। दिखाने के लिए तो साधारण हिस्सा ही काफी है। दूसरों को हमारे कपड़ों से क्या लेना-देना?

अंतर्मन



आज की पाती

गांव की हर चीज चाहिए लेकिन गांव नहीं चाहिए

यह एक साधारण-सा वाक्य नहीं, बल्कि आधुनिक भारतीय समाज की बदलती मानसिकता का सटीक चित्रण है। हम गांव के शुद्ध दूध की बात करते हैं, देसी घी की प्रशंसा करते हैं, जैविक अनाज खरीदने के लिए अधिक कीमत चुकाने को तैयार रहते हैं, गांव के फलों और सब्जियों को स्वास्थ्य का आधार मानते हैं, गांव की संस्कृति, लोकगीत, लोकनृत्य और पारंपरिक जीवन को अपनी पहचान बताते हैं, लेकिन जब स्वयं गांव में रहने की बात आती है तो अधिकांश लोग उससे दूरी बनाना चाहते हैं। यह विरोधाभास केवल जीवन-शैली का नहीं, बल्कि विकास की हमारी अवधारणा का भी प्रश्न है। भारत को सदियों से गांवों का देश कहा जाता रहा है। आज भी देश की बड़ी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। हमारी अर्थव्यवस्था की नींव कृषि पर टिकी है और कृषि गांवों के बिना संभव नहीं है।

- प्रमोद साहू, रायपुर

ट्रेंड

गर्व का पल

भारतीय खेलों के लिए गर्व का पल, जब हमारे युवा एथलीटों ने वैश्विक मंच पर शानदार प्रदर्शन किया ! बसंत का हाई जंप में भारत का पहला मेडल और शाहनवाज़ का ब्रॉन्ज मेडल, हमारे रक्षा बलों के समर्पण, अनुशासन की मिसाल हैं।

- **राजनाथ सिंह**, रक्षामंत्री

रोशनी की मशाल

सिस्टम की फैलाई गई अंधेरी फिज़ा के बीच, देश के छात्रों ने अपने डर का सामना किया और रोशनी की मशाल जलाई है। अब समय आ गया है कि बीजेपी-आरएसएस और अडानी के सिस्टम को 'टाटा-बाय-बाय' कहकर खत्म कर दिया जाए।

- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

'हर घर तिरंगा' अभियान

'हर घर तिरंगा' अभियान हर व्यक्ति तक देशभक्ति की भावना पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बन रहा है। आइए, हम सब उत्साह के साथ इस अभियान से जुड़ें और 'विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

- **नितिन नवीन**, अध्यक्ष, भाजपा

कानून-व्यवस्था कमज़ोर

पश्चिम बंगाल में विपक्षी नेताओं को डराने और उन पर हमला करने के लिए सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी ने जान-बूझकर कानून-व्यवस्था को कमज़ोर किया है। जैसे-जैसे मोदी सरकार की लोकप्रियता घट रही है, बीजेपी की हताशा बढ़ती जा रही है।

-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

करंट अफेयर

चीन में सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की भूमिका घटी

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) महिलाओं के अधिकारों की रक्षा को लंबे समय से अपनी उपलब्धियों में से एक बताती रही है। हालांकि, विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि चीन में हाल के वर्षों में सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की भूमिका घटी है, खासकर राजनीतिक और नीतिगत नेतृत्व में शीर्ष स्तरों पर। चीन में सत्तारूढ़ सीपीसी ने लैंगिक समानता के लिए एक मार्गदर्शक सिद्धांत के तौर पर दशकों से माओ जेदोंग के इस प्रसिद्ध नारे को बढ़ावा दिया है कि महिलाएं आधा आसमान थामे हुए हैं। हालांकि, सीपीसी के मुखपत्र 'पीपुल्स डेली' में प्रकाशित विभिन्न लेखों के विश्लेषण पर आधारित एक नये अध्ययन की मानें तो हाल के वर्षों में चीन के सरकारी मीडिया के विमर्श में बदलाव देखने को मिला है और इसमें मुख्य रूप से महिलाओं की घरेलू और पारिवारिक भूमिकाओं पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। सीपीसी दशकों से दावा करती आ रही है कि महिलाओं ने समाजवादी आधुनिकीकरण, सुधार और खुलापन लाने में सक्रिय भूमिका निभाई है। हालांकि, हांगकांग स्थित दो शोधकर्ताओं के मुताबिक, चीन के सरकारी मीडिया में 1990 के दशक के अंत में महिलाओं के चित्रण में व्यापक बदलाव दिखना शुरू हो गया।

ऑफ बीट

स्मार्ट चश्मे जिंदगी का हिस्सा बन रहे, खत्म होगी निजता



ऑस्ट्रेलिया की सड़कों पर ऐसे चश्मा पहने लोग अच्छी खासी संख्या में दिख जाएंगे जिससे वे आसपास की तस्वीरें और वीडियो बेहद सहजता से रिकॉर्ड कर सकते हैं। इसकी बड़ी वजह 'केमार्ट' है, जिसने हाल में सस्ते /"कैमरा वाले चश्मे/ बाजार में उतारे हैं और ये देखते ही देखते बिक गए हैं। ये चश्मे 'केमार्ट' के अपने ब्रांड 'आंको' के हैं जिनकी कीमत महज 89 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर है, जबकि 'मेटा' और 'रे-बैन' के इसी तरह के उत्पादों की कीमत 337 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर से शुरू होती है। 'कैमरा वाले चश्मे' को बड़े उपभोक्ता चलन में बदलने की इस कोशिश की एक कीमत है और वह कीमत चश्मा पहनने वाले की ही नहीं, बल्कि उसके आसपास मौजूद हर व्यक्ति की निजता को चुकानी पड़ सकती है। या इनसे रिकॉर्ड की गई तस्वीरें आखिर कौन देख सकता है। यही वजह है कि शुक्रवार को संघीय अटॉर्नी-जनरल मिशेल रोलैंड ने ऑस्ट्रेलिया के निजता आयुक्त से इस तकनीक की तत्काल समीक्षा करने को कहा। तो क्या मौजूदा निजता कानून तकनीक की इस नयी लहर से निपटने के लिए पर्याप्त मजबूत हैं? स्मार्ट चश्मे कोई नयी चीज नहीं हैं। गूगल ने 2013 में 'गूगल ग्लास' पेश किया था। उस समय मीडिया में इसकी खूब चर्चा हुई और कई मशहूर हस्तियों ने भी इसका समर्थन किया।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

4 हाईकोर्ट को मिले 30 नए जज, मद्रास में सबसे ज्यादा 15 नियुक्तियां, अब भी 301 पद रिक्त

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देश के चार उच्च न्यायालयों में 30 न्यायाधीशों की नियुक्ति को अधिसूचित किया है। इनमें मद्रास हाईकोर्ट को सर्वाधिक 15, कलकत्ता हाईकोर्ट को आठ, कर्नाटक हाईकोर्ट को छह और मध्य प्रदेश हाईकोर्ट को एक नया न्यायाधीश मिला है। नियुक्त किए गए 30 न्यायाधीशों में 20 अधिवक्ता और 10 न्यायिक अधिकारी शामिल हैं। कानून मंत्रालय की अधिसूचना के बाद ये नियुक्तियां राष्ट्रपति की ओर से भारत के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श और सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की प्रक्रिया के तहत की गई हैं। देश के 25 उच्च न्यायालयों में 1 जून 2026 तक 333 न्यायाधीशों के पद रिक्त थे। अब केंद्र सरकार ने चार उच्च न्यायालयों में 30 नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की है।

मद्रास हाईकोर्ट को सबसे बड़ी हिस्सेदारी

30 नियुक्तियों में मद्रास हाईकोर्ट को कुल 15 न्यायाधीश मिले हैं। इनमें पांच अधिवक्ताओं को न्यायाधीश नियुक्त किया गया है, जबकि तीन अधिवक्ताओं और सात न्यायिक अधिकारियों को अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है। मद्रास हाईकोर्ट में न्यायाधीश नियुक्त किए गए अधिवक्ताओं में गोविंदराजन कृष्णास्वामी, राजनिश पाथियिल, रमेश नटराजन, जीके मुथुकुमार और रामकृष्ण राजेश विवेकानंथन शामिल हैं। अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में रवीकुमार शंकरनारायणन, दिलीप कुमार नागराजन और एल्लापन मनोहरन की नियुक्ति हुई है। सात न्यायिक अधिकारियों को भी मद्रास हाईकोर्ट में अतिरिक्त न्यायाधीश बनाया गया है। इनमें डॉ. पी. मुरुगन, एमडी सुमति, एस. अल्ली, सी. थिरुमगल, शनमुगन कार्तिकेयन, मुरुगसेन बालुचामी और एन. गुणशेखरन शामिल हैं।

कलकत्ता हाईकोर्ट में आठ अधिवक्ता बने जज

कलकत्ता हाईकोर्ट में सभी आठ नियुक्तियां अधिवक्ताओं की हैं। इनमें आर्यक दत्त, अतारुप बनर्जी, संदीप कुमार डे, पार्थ प्रतिम रॉय, सुदीप देब, अनुज सिंह, अर्जुन रे मुखर्जी और रिशाद मेदोरा शामिल हैं।

कर्नाटक में छह, मध्य प्रदेश में एक नियुक्ति

कर्नाटक हाईकोर्ट में छह अधिवक्ताओं को न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इनमें राघवेंद्र एस. श्रीवत्स, हेमा कुलकर्णी, सुब्रमण्या रंगाराव, विवेकानंद थडागवाड़ी प्रकाश, प्रमोद बक्केश्वर और शांति भूषण होम्बे गौड़ा शामिल हैं। वहीं मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में अमित लाहोटी को न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

खाली पदों को भरने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

इन नियुक्तियों का महत्व इसलिए भी है क्योंकि देश के उच्च न्यायालयों में लंबे समय से न्यायाधीशों के पद खाली हैं। न्याय विभाग के 13 मार्च 2026 के आंकड़ों के अनुसार, चारों संबंधित हाईकोर्ट में कुल 81 रिक्तियां थीं। इनमें कलकत्ता हाईकोर्ट में 30, मद्रास में 23, कर्नाटक में 17 और मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में 11 पद रिक्त थे। सरकारी आंकड़ों के अनुसार उस समय देश के सभी हाईकोर्टों में स्वीकृत 1,122 न्यायाधीशों के मुकाबले 806 न्यायाधीश कार्यरत थे और कुल 333 पद रिक्त थे। ऐसे में चार हाईकोर्ट में 30 नई नियुक्तियां न्यायिक क्षमता बढ़ाने और लंबित मुकदमों के निस्तारण की दिशा में अहम कदम मानी जा रही हैं।

अतिरिक्त न्यायाधीशों की नियुक्ति भी अहम

इन नियुक्तियों में खास तौर पर मद्रास हाईकोर्ट के लिए अतिरिक्त न्यायाधीशों की नियुक्ति महत्वपूर्ण है। उच्च न्यायालयों में अधिवक्ताओं के साथ निचली अदालतों के न्यायिक अधिकारियों को भी पदोन्नत कर हाईकोर्ट में नियुक्त किया जाता है। सामान्य प्रक्रिया के तहत अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किए गए न्यायाधीशों को बाद में स्थायी न्यायाधीश बनाया जा सकता है।

लंबित मामलों के बोझ के बीच नियुक्तियों से उम्मीद

उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की कमी का सीधा असर मुकदमों के निस्तारण की गति पर पड़ता है। न्याय विभाग के मार्च 2026 के आंकड़ों में भी विभिन्न हाईकोर्टों में बड़ी संख्या में रिक्तियां दर्ज थीं। नियुक्तियों से न्यायिक पीठों की उपलब्धता बढ़ेगी और मामलों की सुनवाई एवं निस्तारण की क्षमता में सुधार की उम्मीद है। हालांकि, केवल नियुक्तियां ही लंबित मामलों की समस्या का समाधान नहीं हैं, न्यायिक ढांचे, अदालतों की कार्यक्षमता, बुनियादी सुविधाओं और मामलों के प्रभावी प्रबंधन में सुधार भी इसके लिए जरूरी हैं।

भारत-अमेरिका संबंधों को मिलेगी नई गति

मोदी और वेंस के बीच हुई फोन पर चर्चा, पुत्र रत्न प्राप्ति पर दी बधाई

व्यापार, रक्षा और खनिज क्षेत्र पर भी की वार्ता

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के बीच शनिवार को महत्वपूर्ण टेलीफोन वार्ता हुई। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में जारी उच्चस्तरीय संपर्क की गति की समीक्षा की और व्यापार, रक्षा, महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों, ऊर्जा सुरक्षा तथा महत्वपूर्ण खनिजों जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री मोदी ने बातचीत के बाद सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने उपराष्ट्रपति वेंस के साथ भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को विभिन्न क्षेत्रों में और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने आपसी हित से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

व्यापार और रणनीतिक रिश्तों के बीच अहम बातचीत

मोदी-वेंस वार्ता का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार संबंधों को लेकर हाल के महीनों में कई जटिलताएं सामने आई हैं। दोनों देश व्यापार समझौते और बाजार पहुंच से जुड़े मुद्दों पर बातचीत करते रहे हैं। ऐसे में शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर बातचीत से यह संकेत मिलता है कि दोनों पक्ष व्यापक रणनीतिक संबंधों को केवल व्यापारिक मतभेदों तक सीमित नहीं रखना चाहते। अमेरिका और भारत के बीच सहयोग का दायरा पिछले वर्षों में रक्षा और सुरक्षा से आगे बढ़कर प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, आपूर्ति श्रृंखला, अंतरिक्ष और महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच चुका है। शनिवार की बातचीत में भी इन्हीं रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया।

रक्षा और नई तकनीक पर बढ़ता फोकस

भारत-अमेरिका संबंधों में रक्षा सहयोग लगातार महत्वपूर्ण आधार बनता जा रहा है। दोनों देश सैन्य तकनीक, रक्षा उत्पादन और रणनीतिक क्षमताओं में सहयोग बढ़ाने पर काम कर रहे हैं। इसके साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, उन्नत तकनीक और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों में साझेदारी दोनों देशों के दीर्घकालिक रणनीतिक हितों का अहम हिस्सा बन गई है। मोदी और वेंस ने महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराकर यह संकेत दिया कि आने वाले समय में दोनों देशों की साझेदारी का बड़ा हिस्सा अत्याधुनिक तकनीक और नई औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर केंद्रित रहेगा।

ऊर्जा सुरक्षा और महत्वपूर्ण खनिजों पर भी नजर

ऊर्जा सुरक्षा भी बातचीत का एक प्रमुख विषय रहा। वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियों और आपूर्ति श्रृंखलाओं में लगातार आ रहे बदलावों के बीच दोनों देशों के लिए ऊर्जा के भरोसेमंद स्रोत और रणनीतिक खनिजों की उपलब्धता महत्वपूर्ण हो गई है।

बैटरी, इलेक्ट्रिक वाहन, रक्षा उपकरण, सेमीकंडक्टर और आधुनिक ऊर्जा प्रणालियों में इस्तेमाल होने वाले महत्वपूर्ण खनिजों की वैश्विक मांग तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में भारत और अमेरिका के बीच इस क्षेत्र में सहयोग को रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दोनों नेताओं ने महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा

प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने आपसी हित से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचार साझा किए। दोनों देशों के बीच बढ़ती रणनीतिक निकटता ऐसे समय में हो रही है जब हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शक्ति संतुलन, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं की सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा और विभिन्न भू-राजनीतिक संकटों को लेकर दोनों देशों की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण हो रही है। भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखते हुए अमेरिका समेत विभिन्न प्रमुख शक्तियों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने की नीति पर आगे बढ़ रहा है। वहीं अमेरिका के लिए भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक और आर्थिक साझेदार है।

व्यापारिक दबाव के बीच संवाद की अहमियत

मोदी-वेंस बातचीत का एक अहम पहलू इसका समय भी है। भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों को लेकर हाल में फिर दबाव देखने को मिला है। अमेरिकी सीनेट ने 7 अगस्त को रूस पर प्रतिबंधों से संबंधित एक विधेयक पारित किया है, जिसमें रूस के साथ व्यापार करने वाले देशों पर कड़े आर्थिक कदम उठाने की संभावना शामिल है। रिपोर्टों के अनुसार, इसका असर भारत जैसे देशों पर भी पड़ सकता है। हालांकि यह विधेयक अभी कानून नहीं बना है और उपलब्ध आधिकारिक भारतीय विवरण में मोदी-वेंस बातचीत को इस विधायी घटनाक्रम से सीधे नहीं जोड़ा गया है। यही वजह है कि दोनों नेताओं के बीच व्यापार सहित व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने पर हुई बातचीत को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दोनों देशों के बीच संबंधों में व्यापारिक मतभेदों के बावजूद रक्षा, तकनीक, ऊर्जा और रणनीतिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बनाए रखने की कोशिश जारी है।

वेंस के परिवार में खुशियों पर मोदी ने दी बधाई

वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और उनकी पत्नी उषा वेंस को पुत्र के जन्म पर बधाई दी। उन्होंने वेंस के पूरे परिवार के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। यह बातचीत के औपचारिक एजेंडे के साथ व्यक्तिगत गर्मजोशी का भी संकेत रही।

झारखंड में छात्रों का 16वें दिन भी विरोध-प्रदर्शन जारी

छात्रों ने 'खोखले वादे' करने का लगाया आरोप तीनों परीक्षाएं रद्द हों व सीबीआई जांच की जाए

जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में भूख हड़ताल पर बैठे छात्र

एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड की राजधानी रांची में छात्रों का विरोध प्रदर्शन रविवार को 16वें दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारी छात्रों और राज्य सरकार के बीच बातचीत का दूसरा दौर भी समझौते तक पहुंचने में नाकाम रहा। जेपीएससी की 14वीं सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में कथित अनियमितता के बाद से ही छात्र जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में लगातार विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। कई छात्र नेता भूख हड़ताल पर बैठे हैं।

प्रदर्शनकारी छात्रों ने सरकार पर खोखले वादे करने का आरोप भी लगाया है। उनका कहना है कि सरकार बार-बार बातचीत तो करती है, लेकिन छात्रों की मांगों को न तो मानती है और न ही उन पर कोई कार्रवाई करती है। इस बीच छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि वे आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे और न ही अपनी मांगों से समझौता करेंगे। उनकी भूख हड़ताल और छात्रों का व्यापक विरोध-प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा, जब तक कि उम्मीदवारों द्वारा उठाए गए मुद्दों का कोई ठोस समाधान नहीं निकल जाता। 3 परीक्षाओं को रद्द करने की बात भी सामने आ रही है। इस संबंध में भी आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

अपनी मांगों से नहीं करेंगे कोई समझौता

परीक्षाओं में अनियमितता को लेकर **बवाल**

मांगें सरकार माने, समय बर्बाद न करे

छात्र नेता चंदन ने सरकार और प्रशासन पर कहा कि पुलिस अधिकारी और प्रशासन रात में छात्रों को प्रदर्शन स्थल से हटाने की कोशिश कर रहे थे। छात्र अपनी मांगों से पीछे नहीं हटेंगे और न्याय की मांग करेंगे। सरकार हमारी मांगों को माने और बेकार में समय बर्बाद न करे।

आज विधानसभा का घेराव करेंगे छात्र

छात्र नेता महेंद्र प्रसाद मंडल ने कहा कि झारखंड में भ्रष्ट सिस्टम से हमें नौकरी नहीं मिल पाई। सरकार बार-बार प्रतिनिधिमंडल को बुला तो रही है, लेकिन हमारी मांगों पर खुलकर विचार नहीं कर रही है। हमारी मांगों पर बिचार नहीं कर रही है। 10 अगस्त को विधानसभा तक विरोध मार्च भी निकाला जाएगा।

जेपीएससी परीक्षा रद्द करने, ईडी जांच पर सहमति, घोषणा नहीं

छात्रों और सरकार के बीच चल रही बैठक खत्म हो गई है। वास्तव में क्या फैसला हुआ, इसको लेकर सरकार या छात्र पक्ष की ओर से आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। बैकलॉग परीक्षाओं की जांच कराने और परीक्षा प्रक्रिया में सुधार करने पर भी सहमति की बात आई है। परीक्षा से जुड़े पैसों के लेन-देन की जांच ईडी से कराने की बात भी बैठक में सामने आई है। टीडीपीएलए की ओर से अब तक संचालित परीक्षाओं की भी जांच किए जाने की जानकारी सामने आ रही है।

झारखंड में '5-पॉइंट फॉर्मूला का इस्तेमाल संभव

- **प्रशासनिक विभाजन:** झारखंड राज्य प्रशासनिक रूप से 5 प्रमंडलों (उत्तरी छोटानागपुर, दक्षिणी छोटानागपुर, संथाल परगना, पलामू और कोल्हान) में बंटा हुआ है।
- **जेएसी ग्रेस मार्क्स फॉर्मूला:** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जेएसी) द्वारा बोर्ड परीक्षाओं (जैसे 9वीं या 11वीं) में 1 विषय में फेल होने वाले छात्रों को पास करने के लिए 5 अंकों के ग्रेस मार्क्स देने का नियम।
- **झारखंड पुलिस शारीरिक परीक्षण:** झारखंड पुलिस भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा में 10 किमी की दौड़ (पुरुषों के लिए) और 5 सेमी सीने का माप/विस्तार जैसे मापदंड शामिल हैं।
- **राजनीतिक या आर्थिक योजना:** राज्य की नीतियों, बजट या संविदा कर्मियों के नियमितीकरण से जुड़े 5 सूत्रीय संकल्प।

युवाओं को न्याय मिलेगा और जिम्मेदारों को कड़ी सजा: सोरेन

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि युवा अधिकारों के लिए विरोध और आंदोलन कर रहे हैं। हमारी

सरकार की कार्रवाई की वजह से ही उनमें आगे आने, विरोध करने और अपना हक मांगने की हिम्मत आई है, क्योंकि हमने गड़बड़ियों को उजागर किया है। युवाओं को न्याय मिलेगा और अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी।

---

6 दिसंबर को मथुरा में कारसेवा का ऐलान

मथुरा। श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद के बीच मथुरा में साधु-संतों ने आंदोलन तेज करने की घोषणा की है। संतों ने 6 दिसंबर को मथुरा में कारसेवा करने का ऐलान किया है। एक नारा भी दिया है जो कि 'कृष्ण लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे'। मथुरा चित्रगुप्त पीठाधीश्वर स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने अनुमति की मांग की है।

उम्र में अंतर को एक कारण बताकर कुछ राज्य कर रहे विरोध

न्यायिक अधिकारी सरकारी कर्मचारी नहीं उनकी रिटायरमेंट की उम्र अलग हो सकती है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायिक अधिकारी सरकारी कर्मचारी नहीं होते और वे एक अलग और खास वर्ग बनाते हैं। कोर्ट ज़िला जजों की रिटायरमेंट की उम्र 60 से बढ़ाकर 62 साल करने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा था। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने यह बात तब कही जब वे कुछ राज्य सरकारों द्वारा इस प्रस्तावित बढ़ोतरी पर उठाए गए एक विरोध पर विचार कर रहे हैं। न्यायालय मित्र सिद्धार्थ भटनागर ने बताया कि जो राज्य इस प्रस्ताव का विरोध कर रहे हैं, उन्होंने रिटायरमेंट की उम्र में अंतर को एक कारण बताया है।

राज्य सरकार व हाईकोर्ट में समन्वय जरूरी

ज्ञात हो कि कोर्ट ने 22 जुलाई को हाई कोर्ट्स से कहा था कि वे न्यायिक अधिकारियों की रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाने पर एक तय समय-सीमा में फ़ैसला लें। अंतरिम व्यवस्था के तौर पर कोर्ट ने कहा था कि जहां राज्य सरकार और संबंधित हाई कोर्ट रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाने पर सहमत हों, वहाँ संबंधित न्यायिक अधिकारियों को बढ़ी हुई रिटायरमेंट की उम्र तक सेवा में बने रहने की अनुमति दी जा सकती है।

अतिरिक्त वित्तीय बोझ का कारण भी खारिज

कोर्ट ने राज्यों द्वारा उठाए गए एक और विरोध को भी खारिज कर दिया कि उम्र बढ़ाने से अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा। कोर्ट ने कहा कि किसी न्यायिक अधिकारी के रिटायर होने पर रिटायरमेंट बेनिफ़िट और पेंशन का भुगतान करना पड़ता है, जबकि खाली हुई जगह को भरने के लिए नए अधिकारी को वेतन देना पड़ता है। कोर्ट ने कहा कि न्यायिक अधिकारी के सेवा में बने रहने से वित्तीय बोझ कम हो सकता है। रिटायरमेंट की उम्र न बढ़ाने के लिए कारणों को खारिज कर दिया।

इस जन्म में पूरा 'वंदे मातरम' नहीं गाएंगे

तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस सांसद राजमोहन उन्नीथन ने कहा कि केरल में वंदे मातरम का पूरा संस्करण 'इस जन्म' में नहीं गाया जाएगा। उन्नीथन ने कहा कि चाहे प्रधानमंत्री हमें गोली मारने की धमकी ही क्यों न दें। विभागों को निर्देशों के अनुसार स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान वंदे मातरम को गाने का निर्देश दिया था।

बाढ़ और बारिश ने देश के कई राज्यों में मचा दी तबाही

असम में अब तक 99 की मौत, 1.55 लाख लोग 'बेघर'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली / गुवाहाटी

बाढ़ और बारिश की चपेट में आने से असम में अब तक 99 लोगों की मौत हो चुकी है और करीब 1.55 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। गोलाघाट, शिवसागर, और जोरहाट सहित 13 जिले बाढ़ की मार झेल रहे हैं। कई जगहों पर नदियां उफान पर हैं और सड़कें पानी में डूबी हुई हैं। राज्य में कई आवासीय इलाके जलमग्न हो गए हैं जिसके कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। प्रशासन और राहत एजेंसियां (एनडीआरएफ और एसडीआरएफ) युद्ध स्तर पर बचाव और राहत कार्य चला रही हैं और सुरक्षित स्थानों पर लोगों को पहुंचाया जा रहा है।

कई नदियां उफान पर और सड़कें बन गईं दरिया

पूर्वी असम के 4 जिले सबसे ज्यादा प्रभावित

पूर्वी असम के 4 जिले सबसे अधिक प्रभावितहैं, जहां अनेक गांव अब भी जलमग्न हैं और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का अभियान जारी है। प्रशासन ने राहत शिविरों की संख्या बढ़ाई है तथा खाद्य सामग्री, पेयजल, दवाइयों और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रयास तेज किए हैं। राज्य सरकार ने क्षति का आकलन प्रारंभ करने का निर्णय लिया है।

हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन ने बढ़ाई मुश्किलें

हिमाचल प्रदेश में लगातार मूसलधार वर्षा के कारण पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन की घटनाएं बढ़ गई हैं। 153 सड़कें अवरुद्ध हो चुकी हैं, जिससे अनेक गांवों और कस्बों का संपर्क प्रभावित हुआ है। कई क्षेत्रों में विद्युत और पेयजल आपूर्ति भी बाधित हुई है।

केरल में कई सड़कें और घर पानी में डूबे

केरल में कई इलाकों में बाढ़ का पानी धीरे-धीरे कम हो रहा है। सैकड़ों लोग राहत शिविरों में हैं। अलाप्पुझा और कोट्टायम जिलों में बाढ़ का कहर जारी रहा, जिससे यातायात बाधित हुआ और लोगों को नावों से निकाला गया। बारिश के मद्देनजर, शनिवार को आठ जिलों के सभी शिक्षण संस्थानों में छुट्टी घोषित की गई, और अधिकारियों को कमजोर निवासियों को राहत शिविरों में निकालने को कहा गया है।

राहुल का केंद्र पर हमला

दिल्ली में छात्रों पर बर्बरता पर सरकार को जवाब देना होगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ अपना रुख और कड़ा कर लिया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में विरोध मार्च के दौरान छात्रों के साथ कथित पुलिस बर्बरता के लिए माफी मांगने के बजाय ने माफी बांट रहे हैं। राहुल ने एक्स पर कहा कि छात्र देश का भविष्य हैं और वह पूरी ताकत के साथ उनके साथ खड़े हैं। शाह के मुंह से एक शब्द भी नहीं निकला। आपको जवाब देना होगा।

पीएम मोदी चढ़ावा चोरी पर जवाब दें

विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने मांग की कि प्रधानमंत्री राम मंदिर से जुड़े दान के गबन और सामानों के गायब होने के आरोपों पर जवाब दें। यह मुद्दा सीधे तौर पर लाखों भक्तों की आस्था से जुड़ा है और प्रधानमंत्री को मंदिर ट्रस्ट की कार्यप्रणाली के बारे में स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

खबर संक्षेप

पीएफसी का लाभ मामूली बढ़कर 8,998 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) का एकीकृत शुद्ध लाभ जून तिमाही में मामूली रूप से बढ़कर 8,998 करोड़ रुपये रहा। आलोच्य तिमाही कंपनी का परिचालन राजस्व 28,526.86 करोड़ रुपये रहा, जबकि इससे पहले यह 28,539.04 करोड़ रुपये था। कंपनी ने एक बयान में कहा, 'वित्तवर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध मुनाफा 8,998 करोड़ रुपये रहा, जबकि वित्तवर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में यह 8,981 करोड़ रुपये था।'

एफपीआई ने पहले सप्ताह की 12,921 करोड़ की शेयर खरीदी

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की खरीदारी का सिलसिला अगस्त में भी जारी है। विदेशी निवेशकों ने अगस्त के पहले सप्ताह में भारतीय शेयरों में 12,921 करोड़ का निवेश किया है। बेहतर होती वृहद आर्थिक स्थिति, अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और रुपये की स्थिरता की वजह से एफपीआई के लिए भारतीय बाजार आकर्षक बना हुआ है। अगस्त का यह आंकड़ा जुलाई में किए गए 20,200 करोड़ के निवेश के बाद आया है। इसके पहले लगातार चार माह तक एफपीआई बिकवाल रहे थे।

पूंजीकरण में एसबीआई को हुआ सबसे अधिक लाभ

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1.43 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को सबसे अधिक लाभ हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 404.53 अंक यानी 0.51 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एनएसई का निफ्टी 187.05 अंक यानी 0.76 प्रतिशत के लाभ में रहा।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

सुधारों की रफ्तार बढ़ाने, कारोबार सुगमता बेहतर करने की जरूरत

मारुति के चेयरमैन का केंद्र और राज्य सरकारों से अपील

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के चेयरमैन आर सी भार्गव ने केंद्र और राज्य सरकारों से आर्थिक सुधारों की रफ्तार तेज करने तथा कारोबार सुगमता की स्थिति बेहतर करने के प्रयास बढ़ाने की अपील की है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से ऐसे सुधारों और कार्यक्रमों का समर्थन करने को कहा है, जो देश में संपत्ति और रोजगार के नए अवसर पैदा करते हैं। कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 में शेयरधारकों को दिए संदेश में भार्गव ने कहा कि सरकार और विपक्ष को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सुधारों से पैदा होने वाले अतिरिक्त संसाधनों का इस्तेमाल अधिक न्यायपूर्ण और समान समाज के निर्माण में किया जाए। भार्गव के अनुसार, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों के बाद देश के वाहन उद्योग की वृद्धि की संभावनाएं बेहतर हुई हैं।

देश का कार बाजार 63 लाख इकाई सालाना पहुंचा

मारुति का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2030-31 तक भारत का कार बाजार 61 लाख से 63 लाख इकाई सालाना तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में छोटी कारों की मांग पिछले पांच साल की तुलना में कहीं अधिक तेजी से बढ़ सकती है। उन्होंने बताया कि 22 सितंबर, 2025 से नई जीएसटी दरें लागू होने के बाद वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही में मारुति सुजुकी की खुदरा बिक्री में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई।



पहली तिमाही में बिक्री 38 फीसदी बढ़ी

मार्च, 2026 के अंत में कंपनी के पास करीब 1.9 लाख लंबित बुकिंग थीं। इसका प्रमुख कारण मांग वाले मॉडल के लिए उत्पादन क्षमता का पर्याप्त नहीं होना था। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में कंपनी की बिक्री 38 प्रतिशत बढ़ी, जबकि पूरे उद्योग की वृद्धि 28 प्रतिशत रही। इसी अवधि में छोटी कारों की बिक्री में 35 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

नई उत्पादन लाइन को लचीला बना रही

भार्गव ने कहा कि कंपनी अब अपनी नई उत्पादन लाइन को अधिक लचीला बना रही है, ताकि मांग के अनुसार इसमें बदलाव किया जा सके। इससे बाजार में मांग बढ़ने पर कंपनी तेजी से उत्पादन बढ़ा सकेगी। स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र पर भार्गव ने कहा कि भारत को शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य हासिल करने के लिए किसी एक प्रौद्योगिकी पर निर्भर रहने के बजाय कई प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल करना होगा।

दिसंबर तक संपत्ति प्रबंधन सेवा शुरू करेगा पीएनबी

ब्याज से इतर आमदनी बढ़ाने होगी सेवा शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- बैंक इस दिसंबर तक इस सेवा को शुरू कर देगा

ब्याज से इतर आमदनी बढ़ाने के लिए पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) इस साल दिसंबर तक अपनी संपत्ति प्रबंधन सेवा शुरू करने की तैयारी कर रहा है। बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अशोक चंद्रा ने यह जानकारी दी। चंद्रा ने कहा, 'हमारी संपत्ति प्रबंधन योजना का पहला कदम यह सुनिश्चित करना था कि बैंक के पास ग्राहक संबंध प्रबंधक (सीआरएम) मौजूद हों। छह महीने पहले हमने 1,700 शाखाओं में लगभग 1,700 सीआरएम तैनात किए। उनका मुख्य काम हर शाखा के 250 से 300 बड़े और प्रमुख ग्राहकों के कामकाज को देखना है।' सरकारी क्षेत्र का यह बैंक अब इस महीने के अंत तक 1,300 और सीआरएम तैनात करने की योजना बना रहा है। इन्हें चुनी गई अन्य 1,300 शाखाओं में तैनात किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया, यह हमारा पहला कदम था। संपत्ति प्रबंधन पहल के लिए हमने सलाहकारों से भी बात करना शुरू कर दिया है। सीईओ ने कहा, बहुत जल्द हम इस सेवा के लिए भागीदार चुनने की प्रक्रिया शुरू करने वाले हैं। मुझे उम्मीद है कि अगले तीन से चार महीनों में हमारी संपत्ति प्रबंधन सेवा पूरी तरह तैयार हो जाएगी।

अलग विभाग के रूप में चलाया जा रहा

क्रेडिट कार्ड कारोबार के बारे में बात करते हुए चंद्रा ने कहा कि बैंक इस क्षेत्र के विस्तार पर काम कर रहा है, जिसे एक महाप्रबंधक की देखरेख में अलग विभाग के रूप में चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया, "बैंक के पास 31 मार्च, 2025 तक केवल 6.6 लाख क्रेडिट कार्ड धारक थे। हालांकि, हमने इसमें बड़ी संभावनाएं देखीं और कारोबार को तेजी से बढ़ाने का फैसला किया। सबसे पहले एक डिजिटल ढांचा तैयार किया गया, जिसमें हमें लगभग पांच महीने का समय लगा।"

चांदी के आभूषणों की जांच क्षमता बढ़ाने की तैयारी शुरू

सोने के दाम चढ़ने के बाद चांदी के आभूषणों की मांग बढ़ी, हॉलमार्किंग क्षमता बढ़ाएगा बीआईएस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोने की कीमतों में तेज उछाल के बीच चांदी के आभूषणों की बढ़ती मांग को देखते हुए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने उनकी (चांदी के आभूषणों की) जांच क्षमता बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है। बीआईएस अगले दो साल में देशभर में चांदी के आभूषणों की जांच के लिए 'संदर्भ' और 'परीक्षण' प्रयोगशालाओं का विस्तार करेगा।

- अगले दो साल में जांच के लिए संदर्भ और परीक्षण प्रयोगशालाओं का होगा विस्तार

बीआईएस की उप महानिदेशक (प्रयोगशाला) निशात एस हक ने बताया कि चांदी के आभूषणों की जांच की बढ़ती जरूरत को देखते हुए संगठन ने अपनी तैयारियों का आकलन कर लिया है और अब अपनी प्रयोगशालाओं में बड़े पैमाने पर जांच के लिए तैयार है।

खास बातें

- सितंबर 2025 से चांदी के आभूषणों पर एचयूआईडी नंबर दिया जा रहा
- नंबर से उपभोक्ता आभूषणों की शुद्धता की जांच कर सकता है

चांदी की हॉलमार्किंग अभी स्वैच्छिक: हक ने कहा कि अगले करीब दो साल तक बीआईएस अपनी मौजूदा प्रयोगशालाओं के जरिये बढ़ी हुई जरूरत को पूरा करने में सक्षम होगा। इस अवधि के दौरान देशभर में संदर्भ और परीक्षण प्रयोगशालाओं का विस्तार किया जाएगा। चांदी की हॉलमार्किंग वर्ष, 2005 से स्वैच्छिक है।

चांदी के आभूषणों की संख्या 59 लाख हुई

सितंबर, 2025 से हॉलमार्क वाले चांदी के आभूषणों पर हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन (एचयूआईडी) नंबर भी दिया जा रहा है, जिससे उपभोक्ता आभूषण की शुद्धता की जांच कर सकते हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में हॉलमार्क किए गए चांदी के आभूषणों की संख्या बढ़कर 59 लाख हो गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 32 लाख थी।

जांच बाहरी प्रयोगशालाओं को नहीं सौंपा जाता

फिलहाल देशभर में करीब 230 संदर्भ और परीक्षण केंद्र बीआईएस से मान्यता प्राप्त हैं जो चांदी के आभूषणों की जांच करते हैं। हक ने कहा कि हॉलमार्क वाले सोने के आभूषणों की बाजार निगरानी के तहत होने वाली सभी जांच बीआईएस अपनी प्रयोगशालाओं में ही करता है। इस काम को बाहरी प्रयोगशालाओं को नहीं सौंपा जाता।

बीआईएस ने 2.70 लाख उत्पाद नमूनों की जांच की

हक ने कहा कि हॉलमार्क वाले आभूषणों की बाजार निगरानी के लिए बीआईएस ने अपनी प्रयोगशाला व्यवस्था के भीतर ही संदर्भ (रेफरल) और परीक्षण (एसे) प्रयोगशाला स्थापित की है। बीआईएस ने पिछले वर्ष करीब 2.70 लाख उत्पाद नमूनों की जांच की।

संगठन की देशभर में 10 प्रयोगशालाएं

संगठन के पास फिलहाल देशभर में अपनी 10 प्रयोगशालाएं हैं, जबकि मान्यता प्राप्त निजी और सूचीबद्ध सरकारी प्रयोगशालाओं का व्यापक नेटवर्क भी उसके साथ जुड़ा है। हक के अनुसार, वर्ष 2014 में बीआईएस के साथ करीब 147 मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाएं और 24 सूचीबद्ध सरकारी प्रयोगशालाएं थीं। अब इनकी संख्या क्रमशः 440 और 350 हो गई है।

कुल 23 हजार मानक निर्धारित

बीआईएस ने कुल करीब 23,000 मानक निर्धारित किए हैं, जिनमें लगभग 700 अनिवार्य हैं। बीआईएस जांच की गति बढ़ाने, पारदर्शिता सुधारने और मानवीय त्रुटियों को कम करने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई), मशीन लर्निंग और रोबोटिक्स का इस्तेमाल भी बढ़ाने पर काम कर रहा है।

बिकवाली से सोयाबीन और पाम तेल दाम में गिरावट

नई दिल्ली। लागत से कम दाम पर बिकवाली की वजह से बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम में गिरावट आई। इसके अलावा सुस्त कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में भी मामूली गिरावट रही। दूसरी ओर,

आवक कम रहने और आगामी त्योहारों की मांग के बीच सरसों तेल-तिलहन तथा नगण्य उपलब्धता के बीच ब्रांडेड कंपनियों की औद्योगिक मांग के कारण बिनौला तेल के दाम में बीते सप्ताह मामूली तेजी रही। बाजार सूत्रों ने कहा कि आयातक बैंकों में अपना कर्ज (ऋण साख-पत्र या एलसी) घुमाते रहने के लिए माल की लागत से नीचे दाम पर बिकवाली कर रहे हैं।

रोजमर्रा सामानों के दाम बढ़ा सकती है कंपनियां

नई दिल्ली। कच्चे माल की बढ़ती लागत, जिंसों की महंगाई और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच देश की रोजमर्रा के सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियां सितंबर तिमाही में चुनिंदा उत्पादों के दाम बढ़ाने की तैयारी में हैं। कंपनियों का मानना है कि उपभोक्ता मांग, प्रीमियम उत्पादों की बढ़ती हिस्सेदारी और राजस्व वृद्धि के चलते बाजार की स्थिति मजबूत बनी हुई है। एफएमसीजी क्षेत्र की कंपनियों ने जून तिमाही में कीमतों में औसतन दो से पांच प्रतिशत तक बढ़ोतरी की थी।

हुंडई को दूसरी तिमाही से निर्यात के आंकड़े में सुधार की उम्मीद

- निर्यात कारोबार में मजबूत सुधार की उम्मीद

नई दिल्ली। हुंडई मोटर इंडिया लि. (एचएमआईएल) को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही से निर्यात कारोबार में मजबूत सुधार की उम्मीद है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तरुण गर्ग ने कहा है कि प्रमुख बाजारों में मजबूत मांग और बेहतर बकाया ऑर्डर की वजह से निर्यात में तेजी आने की उम्मीद है। कंपनी के निर्यात में वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 19.6 प्रतिशत की गिरावट आई है और यह 38,708 इकाई रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 48,140 वाहनों का निर्यात किया था। गर्ग ने विश्लेषकों के साथ बातचीत में कहा कि पिछले वित्त वर्ष के अंत में शुरू हुए अमेरिका-ईरान संघर्ष का असर पहली तिमाही में भी पश्चिम एशिया के निर्यात पर पड़ा। इसके अलावा, जून में उत्पादन में आई अस्थायी बाधा की वजह से भी निर्यात की मात्रा प्रभावित हुई। हालांकि, उन्होंने कहा कि कंपनी के निर्यात कारोबार की बुनियादी स्थिति मजबूत बनी हुई है। प्रमुख बाजारों में ऑर्डर का अच्छा 'बैकलॉग' है और ग्राहकों की मांग भी मजबूत बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कंपनी पूरे वित्त वर्ष के लिए आठ से 10 प्रतिशत की समग्र वृद्धि के अनुमान को हासिल करने को लेकर आश्वस्त है।

इस सप्ताह पांच कंपनियों के आईपीओ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाहन कलपुर्जा विनिर्माता धूत ट्रांसमिशन, टेमासेक समर्थित शिपरॉकेट और मिल्की मिस्ट डेयरी फूड सहित पांच कंपनियां इस सप्ताह अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने जा रही हैं। इन आईपीओ के जरिये कंपनियां कुल मिलाकर 7,400 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने की योजना बना रही हैं।

- कंपनियों का 7,400 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य

रोगों की त्वरित जांच उपकरण बनाने वाली कंपनी मोलबायो डायग्नोस्टिक्स और धूत ट्रांसमिशन का आईपीओ 10 अगस्त को खुलेगा। इसके बाद 11 अगस्त को मिल्की मिस्ट डेयरी फूड का आईपीओ खुलेगा। ई-कॉमर्स कारोबार के लिए तकनीकी समाधान उपलब्ध कराने वाली

कंपनी शिपरॉकेट और इंजीनियरिंग कास्टिंग तथा मिश्रधातु इस्पात उत्पाद बनाने वाली बिहारी लाल इंजीनियरिंग का आईपीओ 12 अगस्त को खुलेगा।

इन पांचों कंपनियों का लक्ष्य सार्वजनिक निर्गम के जरिये करीब 7,443 करोड़ रुपये जुटाना है। इससे अगले सप्ताह प्राथमिक बाजार में काफी गतिविधियां रहने की उम्मीद है। ईपीओ से जुटाई गई राशि का इस्तेमाल मुख्य रूप से कारोबार विस्तार, पूंजीगत व्यय, कर्ज चुकाने और अन्य कंपनी कामकाज के लिए किया जाएगा।

मिल्की मिस्ट 1,553 करोड़ का ला रही निर्गम

मिल्की मिस्ट डेयरी फूड का 1,553 करोड़ रुपये का आईपीओ 11 अगस्त को 133-140 रुपये प्रति शेयर के मूल्य दायरे पर खुलेगा। इसमें 1,428 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे और 125 करोड़ रुपये तक की बिक्री पेशकश होगी। शिपरॉकेट ने 1,617.5 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए 92-97 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। इसमें 885.50 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे।

बिहाली लाल का आईपीओ 12 को खुलेगा

बिहारी लाल इंजीनियरिंग का 302 करोड़ रुपये का आईपीओ 12 अगस्त को खुलेगा। कंपनी ने 271-285 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। इसमें 93 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे और मौजूदा शेयरधारक 73.20 लाख शेयरों की बिक्री पेशकश लाएंगे।

कच्चे तेल की कीमतें और महंगाई तय करेंगे शेयर बाजार की चाल

इस सप्ताह जारी होंगे मुद्रास्फीति के आंकड़े

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कच्चे तेल की कीमतें, पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव और इस सप्ताह जारी होने वाले मुद्रास्फीति के आंकड़े स्थानीय शेयर बाजार की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े घटनाक्रम, विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां और घरेलू कंपनियों के तिमाही नतीजे भी बाजार की चाल को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक रहेंगे। रिलायंस ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि घरेलू स्तर पर निवेशकों की नजर जुलाई के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति, थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति और विदेशी मुद्रा भंडार के ताजा आंकड़ों पर रहेगी। इनसे महंगाई के रुख और बाह्य क्षेत्र की स्थिति का संकेत मिलेगा। मिश्रा ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के नतीजों का दौर भी गति पकड़ेगा। इस सप्ताह हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, भारत फोर्ज, ग्रासिम इंडस्ट्रीज और टाटा मोटर्स सहित कई कंपनियां अपने तिमाही नतीजे घोषित करेंगी। मिश्रा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर बाजार की नजर होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और ईरान से जुड़े व्यापक भू-राजनीतिक घटनाक्रम पर रहेगी।

- विदेशी निवेशकों की गतिविधियां प्रभावित करेगा बाजार

14 अप्रैल को मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी होंगे

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि पिछले सप्ताह नई समापन नीलामी व्यवस्था पहली बार लागू होने के कारण यह बाजार का प्रमुख आकर्षण रही। उन्होंने कहा कि व्यापक आर्थिक दृष्टि से भी यह सप्ताह महत्वपूर्ण रहेगा। भारत में 12 अगस्त को सीपीआई आधारित और 14 अगस्त को डब्ल्यूपीआई आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी होंगे।

राशिफल

मेष — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

वृष — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

मिथुन — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

कर्क — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

सिंह — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

कन्या — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

तुला — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

वृश्चिक — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

धनु — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

मकर — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

कुंभ — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

मीन — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

शब्द पहेली - 6313



बनलोर

बाएँ से दाए
1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव(उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

ऊपर से नीचे
1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

शब्द पहेली - 6312 का हल

	अ	स	ह	यो	ग		अ	दा	व	त
र	क्स		रा		ग	रु	ड़		न	र
ख		स	ना	त	न		ना	म		क
र	फ्ता	र			चुं	गी		त	म	स
खा		मा		चा	बी		सी		ही	
व	ल	या	का	र		प	रा	या	प	न
	क		या		का	ल		द		क
द	वा	त		भ	ला			गा	य	ब
र		र	ज		बा	जी	ग	र		ज
क	र		ल	ह	जा		र्ज		खा	न
ना	जा	य	ज		र	घु	ना	य	क	



अश्मिता ने जीता कोरिया मास्टर्स, एक सप्ताह में भारत का दूसरा बीडब्ल्यूएफ खिताब

■ चालिहा ने चीन की चौथी वरीयता प्राप्त हान को 53 मिनट में दी मात

एजेंसी ▶▶| आसन

भारत की अश्मिता चालिहा ने कोरिया मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल फाइनल में चीन की चौथी वरीयता प्राप्त हान कियान शी को हराकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीता।

असम की रहने वाली इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए विश्व में 35वें नंबर की खिलाड़ी हान को 53 मिनट तक चले मैच में 14-21, 21-14, 21-14 से हराया। इस तरह से भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार दूसरे सप्ताह बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर का खिताब जीता। तन्वी शर्मा ने पिछले रविवार को ताइपे ओपन का खिताब अपने नाम किया था।

यह अविश्वसनीय : अश्मिता

विश्व रैंकिंग में 50वें स्थान पर काबिज चालिहा ने कहा, 'मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। यह अविश्वसनीय है लेकिन मैं इसे समझने की कोशिश कर रही हूं। इसने मेरी आगे और भी कुछ हासिल करने की भूख बढ़ा दी है।' चालिहा ने कहा, 'पहले गेम में ड्रिफ्ट की वजह से थोड़ी मुश्किल हुई, इसलिए मैं इस पर नियंत्रण नहीं बना सकी लेकिन दूसरे गेम में दूसरी तरफ स्थिति बेहतर थी और ड्रिफ्ट कम थी, इसलिए मैं इसे नियंत्रित कर पाई। तीसरे गेम में 11 प्वाइंट के बाद, मैंने फिर से रणनीति बदली, इसलिए मैं बेहतर स्थिति में थी। मुझे खुशी है कि मैं यह कर पाई।

2024 में कोरिया ओपन में चोटिल हुई थी अश्मिता

अश्मिता 2024 में कोरिया ओपन के दौरान चोटिल हो गई थी। उनके दाहिने घुटने में चोट लगी थी, जिसके लिए उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। उन्होंने अगले साल फरवरी में वापसी की और 14 प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस साल उन्होंने बीडब्ल्यूएफ टूर पर शानदार वापसी करते हुए चाइना मास्टर्स और मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल और फिर मकाऊ ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

चालिहा ने की अच्छी शुरुआत

फाइनल में भारतीय खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत की तथा पहले 3-0 और फिर 9-5 से बढ़त हासिल कर ली। लेकिन हान ने शानदार वापसी की और उन्होंने स्कोर 11-11 से बराबर कर दिया। चीनी शटलर ने अपनी लय हासिल करने के बाद लगातार अंक बनाए और मैच पर नियंत्रण बना दिया। इसके बाद उन्हें पहला गेम जीतने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। चालिहा ने दूसरे गेम में अधिक आत्मविश्वास के साथ आक्रामक खेल दिखाया और अपने स्मैश का अच्छा इस्तेमाल करते हुए हान पर दबाव बनाया।

चालिहा को मिला चैंपियनशिप प्वाइंट

भारतीय खिलाड़ी ने एक क्रॉस-कोर्ट विनर से स्कोर 19-14 कर दिया। इसके बाद हान ने अपना रिटर्न शॉट बाहर मार दिया, जिससे चालिहा को चैंपियनशिप प्वाइंट मिल गया और फिर उन्होंने अपना पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीतने में देर नहीं लगाई।

वॉर्म मैच : भारत ने 214 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया

जायसवाल की वापसी और सिराज का धमाका, श्रीलंका-11 पर आसान जीत

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल की उपयोगी पारियों के बाद मोहम्मद सिराज के तूफानी अंदाज ने भारत को तीन दिवसीय अभ्यास मैच में श्रीलंका क्रिकेट एकादश पर 6 विकेट से शानदार जीत दिला दी।

जीत के लिए 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 45 ओवर में 4 विकेट पर 214 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। सिराज ने महज 15 गेंदों में लगातार 3 छक्कों की मदद से नाबाद 32 रन ठोके। पहली पारी में खाता खोले बिना आउट होने वाले जायसवाल ने दूसरी पारी में जोरदार वापसी की। उन्होंने केवल 46 गेंदों पर 61 रन की तेजतर्रार पारी खेली।

कप्तान गिल ने वापसी करते हुए बनाए 44 रन

लक्ष्य का पीछा करते हुए जायसवाल और गिल ने पहले विकेट के लिए 105 रन की आक्रामक साझेदारी कर भारत को तेज शुरुआत दिलाई। जायसवाल अर्धशतक पूरा करने के बाद रिटायर्ड हुए, ताकि टीम के अन्य बल्लेबाजों को भी अभ्यास का पर्याप्त मौका मिल सके। अंगुली की चोट के कारण मैच के शुरुआती दो दिन मैदान से बाहर रहे कप्तान गिल ने वापसी करते हुए 44 रन बनाए। वह स्पिनर केशरा नुवांथा की गेंद पर आउट हुए। गिल की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी भारत के लिए श्रीलंका के खिलाफ आगामी पहले टेस्ट से पहले बड़ी सकारात्मक खबर रही। ध्रुव जुरेल ने 17 रन का योगदान दिया, जबकि ऋषभ पंत ने धैर्यपूर्ण 28 रन की पारी खेली। एक समय भारत का स्कोर तीन विकेट पर 155 रन हो गया था। निचले क्रम के बल्लेबाजों ने अंतिम सत्र में जीत की औपचारिकता पूरी की, जहां सिराज के बल्ले से अंतिम ओवर में लगे लगातार 3 छक्कों ने भारतीय खेमे का पूरा मनोरंजन किया।

चोट से लौटे गिल ने बनाए 44 रन

सलामी बल्लेबाज निशान मदुश्का ने खेली शानदार पारी

इससे पहले श्रीलंका क्रिकेट एकादश ने अपनी दूसरी पारी 45 ओवर में 6 विकेट पर 200 रन बनाकर घोषित कर दी थी और भारत के सामने 207 रन का लक्ष्य रखा था। सलामी बल्लेबाज निशान मदुश्का ने 73 गेंदों पर 63 रन की सर्वाधिक पारी खेली। पहली पारी में भी उन्होंने अर्धशतक लगाया था। निपुन धनंजया ने 46 और अंजला बंडारा ने 35 रन बनाए। भारत की ओर से रवींद्र जडेजा और गुरनूर बराड़ ने दो-दो विकेट लिए, जबकि मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा को एक-एक सफलता मिली। श्रृंखला का पहला टेस्ट 15 अगस्त से गॉल में शुरू होना है। अभ्यास मैच में कप्तान गिल की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी, जायसवाल का तेज अर्धशतक और पडिक्कल का शतक भारत के लिए सकारात्मक चीजें रही।

पंत ने खेली 21 डॉट बॉल

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने श्रीलंका क्रिकेट इलेवन के साथ प्रैक्टिस मैच की दूसरी पारी में काफी नाटकीय बैटिंग की। उन्होंने पहली पारी में सस्ते में निपटने के बाद दूसरी पारी में खाता खोलने के लिए 22 गेंद ली। पंत ने छक्के के साथ खाता खोला और इस तरह का शॉट लगाया कि गेंद मैदान से बाहर चली गई और खो गई। इससे पहले उन्होंने, जो 21 गेंद खेली थी उनमें कोई भी स्कोरिंग शॉट नहीं था। पंत का यह बैटिंग का अनोखा तरीका रहा। इससे पहले कभी वे ऐसे नहीं खेले।

खबर संक्षेप

जूडोको अस्मिता का भव्य स्वागत करेगी त्रिपुरा सरकार

अगरतला। त्रिपुरा सरकार ग्लास्गो में राष्ट्रमंडल खेलों में जूडो में स्वर्ण पदक जीतने वाली अस्मिता डे का अपने गृह राज्य का बुधवार से शुरू होने वाले दो दिवसीय दौरे के दौरान भव्य स्वागत करेगा। अस्मिता राष्ट्रमंडल खेलों में जूडो में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की पहली खिलाड़ी हैं।

बैलेरेट ओपन स्क्वाश में दूसरे स्थान पर रहीं सान्या

नई दिल्ली। भारत की सान्या वत्स ने ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया में खेले गए 3000 अमेरिकी डॉलर के पीएसए चैलेंजर इवेंट बैलेरेट ओपन स्क्वाश में उपविजेता रही। दूसरी वरीयता प्राप्त सान्या महिला एकल के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त सारा कार्डवेल से 6-11, 8-11, 6-11 से हार गईं।

ऊंची कूद में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने मेघवाल

विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप

एथलेटिक्स में ऐतिहासिक दिन शाहनवाज ने लंबी कूद में जीता कांस्य

एजेंसी ▶▶| यूजीन

बसंत कुमार मेघवाल विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप में ऊंची कूद में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं, जबकि शाहनवाज खान ने लंबी कूद में कांस्य पदक जीता, जिससे भारत के लिए यह दिन यादगार बन गया और प्रतियोगिता में उसके कुल पदकों की संख्या तीन पहुंच गई।

19 वर्षीय मेघवाल ने शनिवार को चैंपियनशिप के चौथे दिन 2.21 मीटर की कूद लगाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और रजत पदक जीता। अल्जीरिया के यूनेस अयाची ने स्वर्ण पदक, जबकि ग्रेट ब्रिटेन के ओटिस पूल ने कांस्य पदक हासिल किया। तीनों पदक विजेता केवल 2.21 मीटर की ऊंचाई तक कूद लगा सके और 2.24 मीटर की ऊंचाई पार करने में असफल रहे। ऐसी स्थिति में पिछली ऊंचाई को पार करने के प्रयासों की संख्या के आधार पर स्थानों का निर्धारण किया गया। अयाची ने अपने पहले प्रयास में ही 2.21 मीटर की ऊंचाई पार कर ली थी, जबकि मेघवाल और पूल ने क्रमशः अपने दूसरे और तीसरे प्रयास में यह ऊंचाई हासिल की थी।

शाहनवाज ने लगाई सर्वश्रेष्ठ छलांग

इसके बाद शाहनवाज ने पुरुषों की लंबी कूद में 7.84 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ कांस्य पदक जीतकर चैंपियनशिप में भारत के पदकों की संख्या को तीन तक पहुंचा दिया। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने तीसरे प्रयास में सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाई। उन्होंने क्रमशः 7.67 मीटर, 7.72 मीटर, 7.84 मीटर, 7.52 मीटर, 7.83 मीटर और 5.37 मीटर छलांग लगाई। फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय आरसी जिथिन अर्जुनान ने अपने पहले और चौथे प्रयास में 7.59 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाकर आठवां स्थान हासिल किया। इटली के डेनियल इन्जोली ने 7.97 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि ऑस्ट्रेलिया के मेसन मैकग्रोडर ने 7.96 मीटर के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ रजत पदक हासिल किया।

मेघवाल ने किया 10 सेंटीमीटर का सुधार

भारतीय नौसेना में कार्यरत मेघवाल के रजत पदक ने उन्हें विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप में ऊंची कूद में पदक जीतने वाला पहला भारतीय भी बना दिया। भारतीय महिला ऊंची कूद की पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक सहाना कुमारी से प्रशिक्षण लेने वाले मेघवाल ने इस सत्र में अपने प्रदर्शन में 10 सेंटीमीटर का सुधार किया है। इससे पहले उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2.11 मीटर था।

नंबर 1 सबालेंका को हराकर अलेक्जेंड्रोवा ने किया उलटफेर

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

कनाडा ओपन से बाहर होने वाली शीर्ष 5 खिलाड़ियों में बेलारूस की टेनिस प्लेयर आर्यना सबालेंका का नाम भी जुड़ गया है। 19वीं रैंकिंग वाली रूस की एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा ने दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी को 7-6 (3), 4-6, 6-4 से हराया। यह मुकाबला दो घंटे 29 मिनट तक चला।

इस जीत के साथ ही अलेक्जेंड्रोवा ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। दोनों खिलाड़ियों के बीच अंतिम 16 के मुकाबले में कड़ी टक्कर देखने को मिली। यह अलेक्जेंड्रोवा की दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ तीसरी जीत थी। इससे पहले उन्होंने इगा स्वियातेक (मियामी 2024) और सबालेंका (दोहा 2025) को हराया था। यह उनका छठा डब्ल्यूटीए 1000 क्वार्टर फाइनल है और दोहा 2025 के बाद पहला मौका है जब वह इस स्टेज तक पहुंचने में सफल रही हैं।

कनाडा ओपन : 19वीं रैंकिंग वाली एकातेरिना ने बनाई फाइनल में जगह



अलेक्जेंड्रोवा ने टाई-ब्रेकर में जीता पहला सेट

दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे की सर्विस तीन-तीन बार तोड़ी, जिसके बाद अलेक्जेंड्रोवा ने टाई-ब्रेकर में पहला सेट जीता। सबालेंका ने सेट में मिले एकमात्र ब्रेक प्वाइंट को भुनाकर दूसरा सेट अपने नाम किया और मुकाबला बराबरी पर ला दिया। तीसरा सेट भी पहले सेट जैसा ही रहा, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने कड़े मुकाबले के दौरान कई बार एक-दूसरे की सर्विस तोड़ी। अलेक्जेंड्रोवा ने चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता को हार की कगार पर पहुंचा दिया और सबालेंका को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए 5-4 के स्कोर पर सर्विस करनी पड़ी।

लेक्सिंगटन ओपन : फाइनल में अमेरिकी जोड़ी को हराया

पूनाचा और गोंजालो की जोड़ी ने जीता डबल्स टाइटल

एजेंसी ▶▶| लेक्सिंगटन

भारत के निकी कलियांडा पूनाचा और इक्वाडोर के गोंजालो एस्कोबार की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लेक्सिंगटन ओपन में मेंस डबल्स का खिताब अपने नाम किया।

पूनाचा और गोंजालो की जोड़ी ने एक सेट गंवाने के बाद बेहतरीन वापसी की। तीसरी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने केंटकी के लेक्सिंगटन में खेले गए फाइनल में अमेरिकी जोड़ी आंद्रे इलागन और कार्ल पोलिंग को 6-7 (1), 6-3, 11-9 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। पूनाचा-गोंजालो को फाइनल मैच जीतने में एक घंटा और 42 मिनट का समय लगा। यह पूनाचा का 11वां एटीपी चैलेंजर डबल्स खिताब और 2026 सीजन का पांचवां खिताब था। एटीपी चैलेंजर सर्किट पर पूनाचा और एस्कोबार का यह साथ में पहला खिताब है।

पूनाचा-गोंजालो ने हासिल किए लगातार चार अंक

सुपर टाई-ब्रेक में, कोई भी जोड़ी दो अंकों से ज्यादा की बढ़त नहीं बना पाई और मुकाबला बराबरी का बना रहा। हालांकि, पूनाचा और एस्कोबार 7-9 के स्कोर के साथ हार के कगार पर थे। इसके बाद पूनाचा-गोंजालो की जोड़ी ने लगातार चार अंक हासिल करके मैच का पासा पलट दिया। इस दौरान उन्होंने दो मैच प्वाइंट बचाए और फिर शानदार वापसी करते हुए खिताब अपने नाम किया।

भारतीय-इक्वाडोरियन जोड़ी ने किया शुरुआती ब्रेक हासिल

पहले सेट में, भारतीय-इक्वाडोरियन जोड़ी ने चौथे गेम में शुरुआती ब्रेक हासिल किया, लेकिन सातवें गेम में अपनी सर्विस गंवाने के कारण वे पिछड़ गए। टाई-ब्रेक में, पूनाचा और एस्कोबार कोई जवाब नहीं ढूंढ पाए और पहले सेट को 6-7 से गंवा बैठे। इस जोड़ी ने दूसरे सेट में वापसी की और तीसरे गेम में ब्रेक हासिल किया। उन्होंने पूरे सेट के दौरान अपनी बढ़त बनाए रखी और फिर नौवें गेम में एक और निर्णायक ब्रेक हासिल करके मैच को सुपर टाई-ब्रेकर तक पहुंचा दिया।

लक्ष्मण ने किया चोटिल प्लेयर्स का बचाव कहा- क्रिकेटर कोई 'मशीन' नहीं

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) का पुरजोर तरीके से बचाव करते हुए इसके प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने कहा कि खिलाड़ियों की चोट से उबरने की धीमी प्रक्रिया के लिए केंद्र को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है।

उन्होंने कहा कि क्रिकेटर कोई 'मशीन' नहीं हैं, जिनकी फिटनेस हर बार तय समयसीमा के भीतर लौट आए। लक्ष्मण ने यह भी स्पष्ट किया कि सीओई और टीम प्रबंधन के बीच बेहतरीन और निर्बाध समन्वय है। लक्ष्मण ने कहा कि कड़े फिटनेस मानकों और मानव शरीर की प्रकृति को देखते हुए किसी खिलाड़ी का एक निश्चित समयसीमा में पूरी तरह फिट हो जाना हमेशा संभव नहीं होता। उन्होंने कहा, 'यह समझना बहुत जरूरी है कि दिशानिर्देश और समयसीमा हमारी अपेक्षाओं के आधार पर तय की जाती हैं।

सीओई फिटनेस हासिल करने का केंद्र नहीं

फिलहाल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, हरफनमौला हर्षित राणा, हार्दिक पांड्या, वॉशिंगटन सुंदर और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज बी. साई सुदर्शन अपनी-अपनी चोटों से उबरने के लिए सीओई में हैं। लक्ष्मण ने सीओई में कहा, 'सीओई सिर्फ चोट से उबरने और फिटनेस हासिल करने का केंद्र नहीं है। क्रिकेटरों को उत्कृष्टता हासिल करने में मदद करने के लिए इसकी भूमिका इससे कहीं बड़ी है। इसलिए हम चोटों के मामले में 'दोष' शब्द का इस्तेमाल करना पसंद नहीं करते। ऐसा करने पर किसी एक व्यक्ति को बलि का बकरा बनाया जाता है।

'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद अब 'रक्तदान' का संकल्प

रक्षा मंत्री राजनाथ बोले- जवानों के लिए खून की कमी नहीं होने देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में 'सिंदूर आर्मी महा ब्लड डोनेशन यात्रा' के दूसरे वर्ष के अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हिस्सा लिया और रक्तदान को सैनिकों के प्रति देश की जिम्मेदारी से जोड़ा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने जहां भारत के पराक्रम को दिखाया, वहीं यह रक्तदान अभियान देश की करुणा और संवेदनशीलता का प्रतीक है। राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर वीरता के एक आयाम का प्रतीक था, जबकि सिंदूर रक्तदान अभियान करुणा का दूसरा आयाम दिखाता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह सैनिक देश की रक्षा के लिए अपना जीवन दांव पर लगाते हैं, उसी तरह नागरिक भी रक्तदान के जरिए घायल जवानों की मदद कर सकते हैं। ऑपरेशन सिंदूर वीरता का आयाम था, वहीं सिंदूर महारक्तदान यात्रा करुणा का आयाम है।

तब सीमा के पार जाकर भारत की संतानों की सुरक्षा सुनिश्चित की, और आज हम यह संकल्प ले रहे हैं कि देश की सेवा में घायल एक भी सैनिक रक्त की कमी से न जूझे। यही विश्वास, यही भावना भारत की आत्मा है।

'ऑपरेशन सिंदूर' शौर्य, रक्तदान करुणा का प्रतीक

रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की जमकर तारीफ की

ऑपरेशन सिंदूर ने देश का शौर्य दिखाया, अब रक्तदान अभियान सेवा और संवेदना की मिसाल बन रहा है। देश के लिए घायल हर जवान तक समय पर खून पहुंचना चाहिए

सीमा पार दुश्मनों को दिया करारा जवाब

रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने सीमा पार जाकर उन लोगों को करारा जवाब दिया, जिन्होंने देश के बच्चों पर हाथ उठाने की हिम्मत की थी। उन्होंने कहा कि उस समय भारतीय सशस्त्र बलों ने अपने साहस और पराक्रम का परिचय दिया। अब देश के भीतर रक्तदान के जरिए सैनिकों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का समय है।

सैनिक खुद भी करते हैं रक्तदान

भारतीय जवान न केवल देश की रक्षा करते हैं, बल्कि वे नागरिक अस्पतालों और जरूरतमंद लोगों की जान बचाने के लिए स्वयं भी हर साल हजारों यूनिट रक्तदान करते हैं। आपातकाल में सैनिक भी तुरंत रक्तदान करने के लिए तैयार रहते हैं।

जान पर खेलकर देश की रक्षा करते हैं जवान

राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारे जवान जान पर खेलकर देश की रक्षा करते हैं। इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश की सेवा करते हुए घायल होने वाला कोई भी सैनिक खून की कमी के कारण परेशानी में न पड़े। उन्होंने सैनिकों के प्रति सम्मान और सेवा का माध्यम बताया। उनका कहना था कि देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों के लिए नागरिकों का यह योगदान बेहद महत्वपूर्ण है।

प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी पर शिकंजा

यूएपीए मामले में 26 ठिकानों पर छापा दस्तावेज व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त

एजेंसी ▶▶ सोपोर

प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) से जुड़े यूएपीए मामले की जांच के तहत सोपोर पुलिस ने रविवार को पुलिस जिला सोपोर में 26 स्थानों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया। ये तलाशी जेईआई के नेताओं, सदस्यों और कार्यकर्ताओं से जुड़े आवासीय एवं अन्य परिसरों में की गई। अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों से आपत्तिजनक दस्तावेज, साहित्य और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद कर जब्त किए गए हैं। जब्त सामग्री की जांच की जा रही है ताकि प्रतिबंधित संगठन से जुड़े अन्य लोगों गतिविधियों और संभावित नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा सके। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई प्रतिबंधित संगठनों और उनसे जुड़े नेटवर्क के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। तलाशी की पूरी कार्रवाई निर्धारित कानूनी प्रक्रिया और नियमों के तहत की गई। सोपोर पुलिस ने कहा कि गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले व्यक्तियों या संगठनों के खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। मामले में आगे की जांच जारी है।

हालिया आतंकी हमलों को लेकर पुलिस की कार्रवाई सोपोर शहर के साथ बोमाई, तारजू, शुतलु, रोहामा, गोरीपोरा और बहरामपोरा जैसे कई गांवों में तलाशी ली

संभावित नेटवर्क की जुटाई जा रही जानकारी अब तक सैकड़ों से पूछताछ कर चुके हैं सुरक्षा बल

गैर कानूनी काम करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, महत्पूर्ण जानकरी की संभावना

घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी खंगाला जा रहा

छापामारी के दौरान अलमारियां भी खंगाली गई

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सोपोर शहर के साथ-साथ बोमाई, तारजू, शुतलु, रोहामा, गोरीपोरा और बहरामपोरा जैसे कई गांवों में घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की तलाशी ली जा रही है. यह ऑपरेशन सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स की मदद से चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि ये तलाशी अभियान गैर-कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत चल रही जांच का हिस्सा हैं। हालांकि, अभी तक कोई नई गिरफ्तारी नहीं हुई है। साल 2019 में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने यूएपीए के तहत जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध लगा दिया था और उसे एक गैर-कानूनी संगठन घोषित किया था। यह कार्रवाई संगठन के कथित अलगाववादी और आतंकी संबंधों की वजह से की गई थी। पुलवामा हमले के बाद यह कदम उठाया गया था। गृह मंत्रालय ने फरवरी 2024 में इस प्रतिबंध को और पांच साल के लिए बढ़ा दिया।

हालिया आतंकी हमलों के बाद हुई सख्त कार्रवाई

यह ऑपरेशन हाल ही में हुए कई आतंकी हमलों के बाद पूरे कश्मीर में सुरक्षा के लिहाज से की जा रही सख्त कार्रवाई के बीच चलाया जा रहा है। 22 जुलाई को आतंकवादियों ने अनंतनाग शहर के बीचों-बीच एक पुलिसकर्मी की बहुत पास से गोली मारकर हत्या कर दी। इसके एक हफ्ते बाद, पास के कुलगाम जिले में एक और टारगेटेड हमले में दो प्रवासी मजदूरों की हत्या कर दी गई। अनंतनाग हमले के बाद, सुरक्षा बलों ने पूरी घाटी में बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू की और 3,000 से ज्यादा संदिग्धों को हिरासत में लिया। कुछ अनुमानों के मुताबिक हिरासत में लिए गए लोगों की संख्या इससे भी ज्यादा हो सकती है।

कश्मीर को विवादित क्षेत्र मानता है संगठन

अधिकारियों के मुताबिक जमात-ए-इस्लामी जम्मू-कश्मीर का गठन 1950 के दशक में एक अलग शाखा के रूप में हुआ था, जो सैयद अबुल आला मौदूदी की इस्लामी शिक्षाओं से प्रभावित थी। जमात-ए-इस्लामी ने स्कूलों और सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों का एक बड़ा नेटवर्क चलाते हुए कट्टर धार्मिक दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया। यह संगठन कश्मीर को एक विवादित क्षेत्र मानता है। जमात-ए-इस्लामी के प्रमुख नेताओं में मौलाना सादुद्दीन ताराबली शामिल थे, जिन्होंने 1953 में संगठन की स्थापना की थी और 1985 तक संगठन के प्रमुख रहे। उन्होंने 1990 के दशक में अलगाववादी हिंसा शुरू होने तक चुनावी प्रक्रिया में भाग लिया।

चीन की वजह से भारत ने उठाया जरूरी कदम

चीन ने कई बार भारतीय इलाकों के नाम बदले

सरकार ने अरुणाचल की 27 जगह नक्शे में शामिल किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



फाइल फोटो

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को अरुणाचल प्रदेश की 27 जगहों और उनकी भौगोलिक विशेषताओं को आधिकारिक नक्शे पर दर्ज किया। यह कदम चीन की ओर से राज्य की जगहों के नाम बदलने की कोशिशों के बीच उठाया गया है। गृह मंत्रालय के मुताबिक, यह काम अरुणाचल प्रदेश सरकार से सलाह लेकर किया गया है। इसका मकसद इन जगहों की सही पहचान बताना और आम लोगों में जागरूकता बढ़ाना है।

इन नामों को आधिकारिक मानचित्रों में शामिल करने का मकसद प्रशासन को बेहतर बनाना है। इससे सरकारी रिकॉर्ड में एकरूपता आएगी, अलग-अलग विभागों के बीच बेहतर तालमेल होगा और आपदा के समय मदद पहुंचाने में आसानी होगी। हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि इन नामों के आधार पर लोगों के पासपोर्ट या दूसरे निजी दस्तावेजों में कोई बदलाव किया जाएगा।

सरकार का मुख्य उद्देश्य इन क्षेत्रों की आधिकारिक पहचान तय करना और भारत के प्रशासनिक रिकॉर्ड में उन्हें शामिल करना है। चीन ने कई बार अरुणाचल प्रदेश की जगहों के चीनी नामों की सूची जारी करता रहा है।

वह अरुणाचल प्रदेश को जांगनान कहता है। भारत ने चीन की इन कोशिशों को लगातार खारिज किया है। भारत का कहना है कि इनका भारत की राज्य पर संप्रभुता पर कोई असर नहीं पड़ता।

अब कोई रियायत नहीं, एच-1बी वीजा वालों की नौकरी गई, तो अमेरिका छोड़ना पड़ेगा!

नई नौकरी तलाशने की 60 दिन की मोहलत खत्म!

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में एच-1बी वीजा पर काम कर रहे विदेशी कर्मचारियों की मुश्किल बढ़ सकती है। अमेरिकी सरकार नौकरी जाने के बाद नई नौकरी तलाशने के लिए मिलने वाली 60 दिन की मोहलत खत्म करने पर विचार कर रही है।

अगर यह बदलाव लागू होता है तो नौकरी जाने के बाद अमेरिका में रुकना मुश्किल हो सकता है। यह प्रस्ताव फिलहाल व्हाइट हाउस के ऑफिस ऑफ मैनेजमेंट एंड बजट (ओएमबी) को भेजा गया है। अभी यह नियम नहीं बना है। दिए गए आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका में एच-1बी वीजा पर काम कर रहे करीब 5 लाख भारतीयों पर इसका असर पड़ सकता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसी साल मई में यह मामला अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के सामने उठाया था। रूबियो ने माना था कि नए इमिग्रेशन सिस्टम में बदलाव के दौरान कुछ दिक्कतें और तनाव हो सकते हैं। रूबियो ने कहा था कि अमेरिका इमिग्रेशन सिस्टम को ज्यादा प्रभावी बनाने की कोशिश कर रहा है । रूबियो ने यह भी कहा था कि यह कदम खासतौर पर भारत को निशाना बनाकर नहीं उठाया गया।

स्वतंत्रता दिवस के लिए लाल किला अभेद्य किलेबंदी में हो रहा तब्दील

20,000 जवान,1000 कैमरे और बड़ी संख्या में ड्रोन रखेंगे नजर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस के लिए दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था को काफी मजबूत कर दिया गया है। विशेषकर लाल किला के आस-पास सुरक्षा को काफी चाक-चौबंद कर दिया गया है। 20 हजार जवानों की तैनाती और एक मल्टी लेयर सर्विलांस नेटवर्क तैयार किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस के दिन यही से भाषण देने वाले हैं। लाल किला और उसके आस-पास हाई टेक सुरक्षा के लिए दिल्ली पुलिस की अलग-अलग यूनिट, अर्धसैनिक बल, कमांडो और एनएसजी टीमों को तैनात किया गया है। यही नहीं स्नाइपर्स और स्पेशल हिट टीमें भी तैनात हैं। इसके साथ ही 1,000 सीसीटीवी कैमरा, फेशियल रिकग्निशन सिस्टम और नंबर प्लेट डिटेक्शन सिस्टम तैनात किया गया है। डीसीपी नॉर्थ राजा बाठियां ने बताया कि सुरक्षा के इंतजाम के तहत ट्रैफिक यूनिट से दिल्ली पुलिस के जवान, नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट टीमें, स्थानीय पुलिस, पीसीआर, स्पेशल ब्रांच और स्पेशल सेल और सामान्य सुरक्षाकर्मी भी शामिल हैं।

फेशियल सिस्टम और नंबर प्लेट डिटेक्शन सिस्टम तैनात किया

एंटी ड्रोन सिस्टम लगाए हैं ताकि ड्रोन खतरे से निपटा जा सकेगा

रिकग्निशन सिस्टम का भी इस्तेमाल

पुलिस ने जरूरतों के आधार पर अलग-अलग जगहों पर वीडियो एनालिटिक्स जैसे फेशियल रिकग्निशन सिस्टम, नंबर प्लेट रिकग्निशन और इंट्रूजन डिटेक्शन सिस्टम लगाए हैं। राजा बाठियां ने बताया कि इनके अलावा कुछ पुलिसकर्मी ऐसे भी तैनात हैं जिनके शरीर पर कैमरा लगे हुए हैं। इसके अलावा एंटी ड्रोन सिस्टम लगाए गए हैं जिससे किसी भी ड्रोन खतरे की स्थिति से निपटा जा सके। सोशल मीडिया पर होने वाली बातचीत पर भी लगातार नजर रखी जा रही है। हम हर तरह से पूरी तरह तैयार हैं। सभी तरह की ब्रीफिंग और ट्रेनिंग सेशन पूर हो चुके हैं।

आतंकी खतरे से निपटने के लिए संयुक्त अभ्यास

संभावित आतंकी हमलों के खतरे को देखते हुए दिल्ली पुलिस, नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) ने केंद्रीय एजेंसियों और राज्य एजेंसियों के साथ मिलकर राष्ट्रीय राजधानी में आतंकवाद रोधी संयुक्त अभ्यास भी किया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109